दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, शुक्रवार, 14 जुलाई, 2023, सावन कृष्ण पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-89 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

एक फिल्म आई थी गदर। उसी प्रेम कहानी पर अब एक और फिल्म बन सकती है सीमा पार का प्यार फिलहाल इस संभावित फिल्म का कुछ खबरिया चैनल धारावाहिक प्रसारण कर रहे हैं। पब्जी खेलते-खेलते भारतीय युवक सचिन से दिल लगा बैठी चार बच्चों की मां सीमा पाकिस्तान से भारत आ गई। हिन्दू रीति रिवाज से शादी कर ली। अब वह इस बात पर अड़ गई है कि वह वापस पाकिस्तान नहीं जाएगी। वहां गई तो मार डाली जाएगी। बहरहाल डर है कि अजब प्रेम की गजब कहानी कहीं हारर फिल्म के रूप में तब्दील ना हो जाए।

//-- सुविचार --//

क्या खूब लिखा हैं किसी ने संगत का जरा ध्यान रखना साहब, संगत आपकी ख़राब होगी और बदनाम माँ बाप और संस्कार होंगे।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:10 प्रातः
अस्त : 06:38 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.0	23.0
जमशेदपुर	35.0	26.0
हजारीबाग	32.0	27.0
डालटनगंज	34.0	26.0

मुख्यमंत्री ने बोकारो को 17097.82 लाख रुपये की लागत वाली 70 योजनाओं की दी सौगात

राज्य सरकार की हर योजना और नीति जन आकांक्षाओं के अनुरूप : मुख्यमंत्री

नवप्रदेश संवाददाता

बोकारो/रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार की हर योजना और नीति जन आकांक्षाओं के अनुरूप है। सरकार जो भी कार्य योजना बनाती है, उसमें जनता की सोच और उसकी उम्मीदों का विशेष ध्यान रखा जाता है। समाज का कोई भी वर्ग और तबका हो, हर किसी के हित और कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है ।

सोरेन गुरुवार को बोकारो के नवाडीह में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों के वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद हमने झारखंड तो ले लिया लेकिन पिछले दो दशकों में इस राज्य को जहां होना चाहिए वहां नहीं पहुंच सका। तमाम संसाधनों और क्षमताओं के बाद भी झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। अब हमारी सरकार इस राज्य की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए कृत संकल्प है। राज्य में कई योजनाएं शुरू की गई है और कई शुरू होंगी। ये योजनाएं झारखंड की दशा, दिशा और स्वरूप को बदलने का काम करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई की चिंता करें। पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करेगी। बच्चियां स्कूल से जुड़ी रहें, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गई है। छात्रवृत्ति राशि में इजाफा किया गया है। विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की कोचिंग से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज की पढ़ाई पर होने वाले खर्च को भी सरकार वहन कर रही है। यदि विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो उसका शत-प्रतिशत खर्च सरकार वाहन कर रही है। इसी कड़ी में गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की जा रही है । इसके तहत 15 लाख रुपये तक का एजुकेशन लोन न्यूनतम ब्याज दर पर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी शिक्षित और मजबूत बने, इसके लिए कई योजनाएं हैं। सरकार ने निजी विद्यालयों की तर्ज पर बच्चों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नियुक्ति पत्र वितरण करने का सिलसिला लगातार जारी है और यह आगे भी चलेगा। राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना इसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है। इसके तहत लाभुकों को सरकार के द्वारा जो भी पशु दिया जाएगा, उसका अब इंश्योरेंस होगा, ताकि पशुओं की मौत पर लाभुकों को आर्थिक क्षति नहीं हो और वह आगे भी पशुपालन से जुड़े रहे। इस मौके पर मंत्री बेबी देवी, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री योगेंद्र प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव सुनील कुमार, डीआईजी कन्हैयालाल मयूर पटेल और जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

इन योजनाओं का हुंआ उद्घाटन और शिलान्यास

- मुख्यमंत्री ने 17097.82 लाख रुपये की लागत से कुल 70 परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 2322.65 लाख रुपये की 17 योजनाओं का लोकार्पण किया एवं 14775.17 लाख रुपये की 53 योजनाओं की आधारशिला रखी।
- 10067 लाभुकों के बीच 5636.94 लाख रुपए की परिसंपत्ति बांटी।
- मॉडल डिग्री कॉलेज, गोमियां के भवन का उद्घाटन।
- चंदनक्यारी, गोमियां, चंद्रपुरा और चास में स्थित उच्च विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा और मल्टीपर्पज ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य की रखी गई आधारशिला।
- पेटरवार, गोमिया, चंदनक्यारी, नवाडीह और चास में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में ऑडिटोरियम का शिलान्यास।
- एकीकृत धनवंतरी आयुष अस्पताल, बोकारो के निर्माण की रखी गई नींव।
- 50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल का शिलान्यास।
- मॉडल डिग्री कॉलेज, नवाडीह का शिलान्यास।

चंद्रयान-3 मिशन के प्रक्षेपण के लिए 25-30 घंटे की उलटी गिनती शुरू

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि देश के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण के लिए 25.30 घंटे की उलटी गिनती बृहस्पतिवार को यहां स्थित अंतरिक्ष केंद्र में शुरू हो गई। शुक्रवार को रवाना होने वाला चंद्र मिशन वर्ष 2019 के चंद्रयान-2 का अनुवर्ती मिशन है। भारत के इस तीसरे चंद्र मिशन में भी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग का है। चंद्रयान-2 मिशन के दौरान अंतिम क्षणों में लैंडर विक्रम पथ विचलन के चलते सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफल नहीं हुआ था। यदि इस बार इस मिशन में सफलता मिलती है तो भारत ऐसी उपलब्धि हासिल कर चुके अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा। इसरो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, एलवीएम3एम4-चंद्रयान-3 मिशनः कल (शुक्रवार-14 जुलाई) को 14.35 बजे (अपराह्न दो बजकर 35 मिनट) पर किए जाने वाले प्रक्षेपण की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि चंद्रयान-3 कार्यक्रम के तहत इसरो अपने चंद्र मॉड्यूल की मदद से चंद्र सतह पर सॉफ्ट-लैंडिंग और चंद्र भूभाग पर रोवर के घूमने का प्रदर्शन करके नई सीमाएं पार करने जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल एम विमानों की खरीद को मंजूरी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा के बीच सरकार ने फ्रांस से नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों तथा स्कोर्पिन श्रेणी की तीन पनडुब्बियों की खरीद की मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ही फ्रांस की अधिकारिक यात्रा के लिए रवाना हुए थे। उनकी यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते होने हैं। इनमें नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों की खरीद से संबंधित समझौता होने की भी संभावना है। इन विमानों को देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जायेगा। नौसेना ने परीक्षणों के बाद अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-18 की तुलना में राफेल एम को तरजीह दी है। राफेल एम विमानों की खरीद को जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है और ये विमान फ्रांस सरकार से अंतर सरकार समझौते के तहत खरीद जायेंगे।

विद्यार्थी अपनी सोच व कार्यों से देश व दुनिया की समस्याओं का समाधान खोजें : राष्ट्रपति

एजेंसी

ग्वालियर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ दुनिया में कदम रखें और आगे बढ़ते जाएं। लक्ष्य से निगाह न हटने दें। कोई भी बाधा और कोई भी चुनौती आपको अपना लक्ष्य हासिल करने से नहीं रोक पाएगी। सफल होकर आप सब दूसरों को भी आगे बढ़ने में मदद करें। साथ ही शिक्षा का उपयोग कर देश को आगे ले जाएं और अपनी सोच व कार्यों से देश व दुनिया की समस्याओं का समाधान ढूंढने में योगदान दें।

राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार को ग्वालियर में अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान ग्वालियर (ट्रिपल आईटीएम) के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थीं। समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, ट्रिपल आईटीएम संचालक मण्डल के अध्यक्ष दीपक घैसास एवं ट्रिपल आईटीएम के निदेशक प्रो. श्रीनिवास सिंह मंचासीन थे। इस अवसर पर प्रदेश के मंत्रीगण तुलसीराम सिलावट, प्रद्युम्न सिंह तोमर, भारत सिंह कुशवाह, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर एवं ट्रिपल आईटीएम संचालक मण्डल के सदस्यगण मौजूद रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ट्रिपल आईटीएम के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व चेयरमेन पद्मविभूषण डॉ अनिल काकोडकर को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। साथ ही सात विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल प्रदान किए गए। ट्रिपल आईटीएम से वर्ष 2023 में पास आउट 283 विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में बीटेक, एमटेक एवं मैनेजमेंट की उपाधियां प्रदान की गईं। दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचीं राष्ट्रपति ने ट्रिपल आईटीएम में 500 बैड के छात्रावास की आधारशिला भी रखी। साथ ही मलिन बस्तियों के बच्चों से मुलाकात कर उन्हें पुस्तकें भेंट कीं।

राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से अपेक्षा व्यक्त की कि आप सब समाज के उन लोगों के बारे में भी सोचें कि जो विकास की यात्रा में थोड़े पीछे रह गए हैं। समाज के प्रति उत्तरदायित्व की धारणा आपकी प्रगति के लिये भी उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि दूसरों की सहायता करने से स्वयं की क्षमताओं का भी विकास होता है, यह मेरा भी निजी अनुभव है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति की सबसे बड़ी आबादी मध्यप्रदेश में रहती है। प्रसन्नता की बात है कि मध्यप्रदेश में कमजोर वर्गों एवं महिलाओं का कल्याण करने की भावना के साथ अच्छे कदम उठाए जा रहे हैं। जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरूआत भी सबसे पहले मध्यप्रदेश ने की है। उन्होंने मध्यप्रदेश की अपनी पिछली यात्रा के दौरान शहडोल में आयोजित हुए समारोह का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे वहां पर पेसा एक्ट का शुभारंभ करने का अवसर मिला था। यह एक्ट जनजातीय समुदाय के लोगों के हित में लागू किया गया है।

बर्ड फ्लू के बढ़ते मामलों से बढ़ सकता है मानव संक्रमण का खतरा : डब्ल्यूएचओ

एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी है कि स्तनधारियों के बीच बर्ड फ्लू के प्रकोप में हालिया वृद्धि से इस वायरस को मनुष्यों के बीच अधिक आसानी से फैलने में मदद मिल सकती है।

एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस आम तौर पर पक्षियों के बीच फैलता है, लेकिन स्तनधारियों में एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामले यह चिंता पैदा करते हैं कि इससे वायरस मनुष्यों के बीच अधिक आसानी से फैल सकता है क्योंकि पक्षियों की तुलना में स्तनधारी जैविक रूप से मनुष्यों के अधिक करीब हैं।

डब्ल्यूएचओ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इसके अलावा कुछ स्तनधारी इन्फ्लूएंजा वायरस के लिए मिश्रण वाहिकाओं के रूप में कार्य कर सकते हैं, जिससे नए वायरस उभर सकते हैं जो जानवरों और मनुष्यों के लिए अधिक हानिकारक हो सकते हैं। हाल में, स्तनधारियों में इन्फ्लूएंजा ए(एच5) के कारण घातक प्रकोप की खबरें बढ़ रही हैं-जिसमें इन्फ्लूएंजा ए(एच5एन1) वायरस भी शामिल है। 2022 से तीन महाद्वीपों के कम से कम 10 देशों ने विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूओएएच) को स्तनधारियों में प्रकोप की सूचना दी है। ऐसे और भी देश होने की संभावना है जहां इसका प्रकोप अभी तक पता नहीं चला है या जिन्होंने जानकारी नहीं दी है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि मनुष्यों में इन्फ्लूएंजा ए (एच5एन1) क्लैड 2.3.4.4बी वायरस के कुछ मामलों की भी सूचना मिली है, लेकिन यह बहुत दुर्लभ है और दिसंबर 2021 से आठ मामले सामने आए हैं।

इसने कहा कि मनुष्यों में संक्रमण उच्च मृत्यु दर के साथ गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य निकाय के अनुसार, अब तक मनुष्यों में पाए गए ज्यादातर मामले संक्रमित पक्षियों और दूषित वातावरण के निकट संपर्क से जुड़े हैं।

रामगढ़ में 11 आरोपित गिरफ्तार, छह पिस्तौल और गोलियां बरामद

रामगढ़(हि.स.)। जिले की मांडू पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से देसी पिस्तौल, रिवाल्वर, देसी कट्टा, परंपरागत हथियार, गोलियां आदि बरामद किए गए हैं। इस बात की जानकारी गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी पियूष पांडे ने दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अपराधियों का गिरोह एक मारुति वैन में बैठकर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए निकला है। इसके बाद जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान शुरू कर दिया गया। जांच के दौरान मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार के नेतृत्व में बनी टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर हजारीबाग की ओर जाने वाली रूट में एक मारुति ओमनी जेएच 02 आर 4996 को रोका। उस मारुति वैन में 11 अपराधी बैठे हुए थे।

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि जांच के दौरान अपराधियों के पास से मैगजीन सहित 4 देसी पिस्तौल, मैगजीन सहित एक रिवाल्वर, मैगजीन सहित एक देसी कट्टा, 12 जिंदा गोली, एक खाली मैगजीन, 1 मिसफायर गोली, दो पूजा ली और 11 मोबाइल मिले हैं। पुलिस ने मारुति वैन को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों में सभी 11 लोग हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं। इनमें टाटीझरिया थाना क्षेत्र के भराजो गांव निवासी किशोर कुमार उर्फ बिहारी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चानो सखिया गांव निवासी मुकेश कुमार, ओरिया गांव निवासी हिमांशु कुमार, राकेश साहू, कटकमदाग थाना क्षेत्र के बसई गांव निवासी बॉबी कुमार, बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर गांव निवासी अजीत कुमार साहू, कुंदन कुमार, कोर्रा चौक निवासी सोनू कुमार उर्फ सैंडी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुरवा बस्ती निवासी बलराम मुंडा, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मरहैता गांव निवासी तैयब अंसारी और कटकमसांडी थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी विकास गुप्ता उर्फ शिवा शामिल हैं। एसपी ने बताया कि अपराधियों का यह गिरोह जुआरियों को लूटने के लिए जा रहा था उनकी यह योजना पुलिस की सक्रियता की वजह से विफल हो गई। सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। साथ ही उनके आपराधिक इतिहास की भी जानकारी ली जा रही है। हजारीबाग के अलावा रांची बोकारो व अन्य जिलों में भी इनकी गिरफ्तारी की सूचना भेजी गई है, ताकि इन अपराधियों के खिलाफ विभिन्न क्षेत्रों में दर्ज प्राथमिकी की जानकारी मिल सके।

बाबूलाल मरांडी 15 को संभालेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पदभार

रांची। भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 15 जुलाई को विधिवत पदभार ग्रहण करेंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने गुरुवार को दी। डॉ वर्मा ने कहा कि 15 जुलाई को हरमू रोड स्थित कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में प्रदेश भाजपा का स्नेह मिलन समारोह आयोजित है। इसमें निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को विधिवत पदभार ग्रहण कराएंगे। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता पद्मभूषण कड़िया मुंडा, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

पुलिस मुख्यालय ने पदक के लिए मांगा पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों का ब्यौरा

रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राष्ट्रपति पुलिस पदक और पुलिस पदक प्रदान करने के लिए प्रस्तावित आईपीएस ऋषभ झा सहित 23 पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों का पूरा ब्योरा मांगा है। इनमें आईपीएस ऋषभ कुमार झा, एएसपी अनुराग राज, डीएसपी दीपक कुमार पांडे, डीएसपी दीपक कुमार, इंस्पेक्टर अनिल उरांव, अभिनव कुमार, गौतम कुमार, धीरज कुमार मिश्रा, सब इंस्पेक्टर विक्रांत कुमार, एएसआई संजय कुमार, सच्चिदानंद सिंह, आरक्षी रूपनारायण महतो, याकूब सुरीन, अशोक कुमार, सुभाष दास, रविंद्र टोप्पो, अनिल उरांव, बाबूराम बास्की सहित अन्य शामिल हैं।

पत्रकार संजय के पिता के शव यात्रा में शामिल हुए सैकड़ो लोग

नवप्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर पलामू /रांची : पलामू जिला के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश के 85 वर्षीय पिता विश्वनाथ सिंह का बीती रात निधन हो गया. उन्होंने अंतिम सांस मेदिनीनगर वेलवाटिका स्थित अपने आवास विद्या सदन में ली। उनके अंतिम समय में उनके बड़े पुत्र पत्रकार संजय सिंह, छोटे पुत्र अजय कुमार सिंह (हेडमास्टर)उनकी ब पुत्री उमा देवी अन्य परिवार जनों में उनके दामाद नाती पोता सभी उपस्थित थे. मालूम हो कि पिछले एक माह पूर्व वे अस्वस्थ हो गए थे। रिम्स में स्वास्थ्य लाभ होने के बाद वे ठीक होकर वापस घर आए। फिर एकाएक बीती रात अचानक तबीयत बिगड़ी बात करते-करते बीती रात 9:30 में चिर निद्रा में सो गए। मालूम हो कि पत्रकार पुत्र के पिता विश्वनाथ सिंह हेल्थ इंस्पेक्टर के पद से रिटायर हुए थे। उनका चयन उस वक्त कई सेवाओं में हुआ लेकिन उन्होंने अपने जीवन में स्वास्थ्य सेवा लिए चुना की इसमें जनता का सेवा करने का सीधा अवसर मिलता है। यह जहां भी रहे अपने ड्यूटी और कर्तव्य के प्रति बराबर वफादार रहें। उनके कार्यों से सारे लोग खुश रहते थे। वे मृदुभाषी, हंसमुख, खुशमिजाज व्यक्तित्व के स्वामी विश्वनाथ सिंह सामाजिक कार्यों में

भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। जब भी किसी जरूरतमंद को किसी भी चीज की आवश्यकता हुई। उन्होंने बिना देर किए हर जरूरतमंदों की मदद की। उनकी मौत से उनको करीब से जानने वाले लोगों वो काफी सदमा लगा है। लोगों ने शोक संवेदना में कहा है कि एक ऐसा व्यक्ति अलविदा हो गया। जो सदा ओरों के लिए सोचता था। उन्होंने कभी किसी का अहित नहीं किया। हर लोगों की मदद की। सबसे बड़ी खासियत यह है कि ढलती उम्र में भी उन्होंने अपने कार्यों को नहीं छोड़ा। अपने जीवन के अंतिम समय तक हुए सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे। उनकी सामाजिक कार्यों में एक अपूरणीय क्षति है।

पत्रकार संजय के पिता के शव यात्रा में शामिल हुए पलामू के कई गणमान्य व्यक्ति

रांची एक्सप्रेस के पलामू ब्यूरो चीफ पत्रकार संजय सिंह के पिता के अंतिम संस्कार में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव, समाजसेवी सोनू नामधारी, रेलवे के सीआईटी बीएम पांडेय, संजर नवाज, सैलेश चंद्रवंशी, बीजेपी नेता मनोज सिंह, विजय ओझा, अविनाश वर्मा, पंकज जायसवाल. गुड्डू खान, अविनाश सिन्हा, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बबलू गुप्ता, जितेंद्र सिंह, राजद नेता रामनाथ चंद्रवंशी, धननजय पासवान, राजेश रोशन, साहिल साहनी, श्रीराम सेना के प्रमुख पंकज जायसवाल, सीपीआई के सैलेंद्र सिंह व सुरेश सिंह, इप्टा के प्रेम प्रकाश रवि पत्रकारों में वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र उपाध्याय, कृष्ण मुरारी प्रसाद अवधेश शुक्ला केतन आनंद, अश्वनी घई, रमाकांत जी अरुण शुक्ला, पप्पू गुप्ता संतोष श्रीवास्तव, नितेश तिवारी, ओम प्रकाश प्रजापति, राम प्रकाश तिवारी, वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला, दिल्लू चंद्रवंशी, चंद्रवंशी समाज के संतोष कुमार मुन्ना, विजय चंद्रवंशी नेताजी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय चंद्रवंशी, बबली चंद्रवंशी, आकाश चंद्रवंशी, शिक्षक अजय श्रीवास्तव समेत कई राजनीतिक दलों समाजिक संस्थाओं के लोग उपस्थित थे।

पलामू जिला के एसपी समेत कई प्रशासनिक पदाधिकारियों गहरा दुख व्यक्त किया

जिले के पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने उनकी आत्मा के शांति के लिए भगवान से प्रार्थना कि वहीं पलामू एसपी चन्दन सिन्हा ने गहरा दुख वयक्त करते हुए परिवार को मृत आत्मा कि शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। पलामू के डीएसपी, सुरजीत कुमार, ऋषभ गर्ग थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा गौतम कुमार समेत कई थाना प्रभारियों,कई टीओपी प्रभारी ने शोक संवेदना व्यक्त किया। टीओपी प्रभारी टू रूद्रनंद सरस घर पर आकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

बंद पड़े कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने को ले ग्रामीण विकास मंत्री से मिले धनबाद जिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष

धनबाद। झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री माननीय आलमगीर आलम से रांची स्थित आज उनके आवासीय कार्यालय में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बंद पड़े पुराना कांग्रेस कार्यालय खुलवाने के सम्बंध में अब तक कि जा रही सकारात्मक पहल की जानकारी ली और कहा की झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार अब तक धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी बंद पड़े पुराने कांग्रेसी को खुलवाने हेतु चरण बंद आंदोलन के तहत जिले में विभिन्न प्रखंडों अंचल कार्यालयों में धरना प्रदर्शन करती आ रही है और आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि कांग्रेस कार्यालय नहीं खुल जाता है गठबंधन की सरकार से पुनः मांग करते हैं बंद पड़े कांग्रेस कार्यालय को खुलवाने हेतु गंभीरता से संज्ञान ले क्योंकि धनबाद जिले में कांग्रेस कार्यालय वृहद ना होने के कारण आंदोलन की रणनीति रूपरेखा तैयार करने में तथा सांगठनिक बैठकों में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

एक नजर

डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई के लिए विभागीय आदेश जारी

रांची। डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। पत्र के माध्यम से झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बहाल की जाए। पत्र में कहा गया है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष की बैठक हुई थी। इसके बाद डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई जारी रखने का निर्णय लिया गया था। पत्र राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के प्रिंसिपल को भेजा गया है। यह आदेश विभाग कि उप निदेशक डॉ. विभा पांडेय ने जारी किया है।

नकदी कांड के आरोप में कांग्रेस से निलंबित तीन विधायकों की होगी वापसी

रांची। कैश कांड के आरोप में कांग्रेस से निलंबित किये गये तीन विधायक डॉ. इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप की पार्टी में वापसी होगी। कांग्रेस आलाकमान ने तीनों विधायकों के रखे हुए पक्ष को देखते हुए निलंबन वापस लेने का फैसला लिया है। यह बात कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम ने कही। वे गुरुवार को संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी आला कमान ने तीनों निलंबित विधायकों के निलंबन को वापस लेने का फैसला ले लिया है। इस संबंध में पार्टी आलाकमान की ओर से दो सप्ताह के अंदर अधिसूचना जारी की जायेगी। साथ ही कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस और बेहतर करेगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 30 जुलाई, 2022 को कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की कार से 49 लाख रुपये नकदी बरामद होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। पार्टी ने घटना के बाद तीनों विधायक को निलंबित कर दिया था।

स्कूली बच्चों ने पौधरोपण का लिया संकल्प

रांची। कांके रोड स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में गुरुवार को मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच रांची नगर निगम ने 200 पौधों का वितरण किया। साथ ही विद्यार्थियों को पौधरोपण करने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण और उर्जा संरक्षण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा। तभी हम एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. डॉ राजेश कुमार, संपत्ति देवी, स्कूल के प्राचार्या डॉ सुषमा तिवारी, श्याम देव प्रसाद सिंह, सुभाष मिश्रा, अमलेंदु गोराई, मालती कच्छप, सुजीता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एकादशी व्रत को ले भगवान वेंकटेश की विशेष आराधना हुई

रांची : गुरुवार को श्रावण कृष्ण पक्ष की कामदा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आगमोक्त विधि से हुए कई अनुष्ठान। प्रातः अखण्ड ब्रह्मांड के अधिपति का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम एवं वेकटेंश स्तोत्रम के पश्चात षोडशोपचार पूर्वक नित्याराधन संपादन हुआ । इसके बाद परमानंदस्वरूप सनातन परिपूर्ण ब्रह्म श्रीमन्नारायण भगवान का दंत धावन, जिह्वा निर्लेह्न आचमनीय, पुनराचमनीय, छत्र,चँवर,व्यजन दर्पण,पादुका आदि उपचारोंको मंत्रों से समर्पण किया । फिर मन्दहास्य युक्त मुखवाले भगवान के चेहरे को

सुगंधित संब्रानी धूप के धूएं में मलमली कपड़े को सुवासित करके पोछा गया । सुगंधित फूलराशियों से भगवान के चारों व्यूहों (मूल विग्रह,उत्सव मूर्ति, शयन मूर्ति एवं शालिग्राम स्वरूप श्रीपति) एक ही भगवान के यह चार व्यूह हैं, इनके साथ श्रीदेवी लक्ष्मी, श्रीभूमिदेवी लक्ष्मी और आयुधवर चक्रराज सुदर्शन। इन सभी विग्रहों का एक समान उपचार और सेवा हुआ। फिर श्रुतिसम्मत स्तुतियों से स्तवन किया गया । महाआरती हुई और फलाहारी व्यंजनों का नैवेद्य चढ़ाया । अर्चकःश्रीसत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर पूजन -अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। इनकी रही सहभागिता सर्वश्री रामअवतार नारसरिया, राजेश सुल्तानिया प्रदीप नारसरिया अनूप अग्रवाल रंजन सिंह शम्भू नाथ पोद्दार, प्रभाष मित्तल गौरीशंकर साबू घनश्याम दास शर्मा के अतिरिक्त सैकड़ों भक्तों ने पूजा-अर्चना कराकर अपने अभीष्टों की पूर्ति के लिए मंगल प्रार्थना किया।

सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत, अन्य तीन घायल

गिरिडीह। जिले के बगोदर में गुरुवार की अहले सुबह एक सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत हो गई। इस घटना में तीन अन्य कांवड़ियों को गंभीर रूप से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि एक वेगनआर गाड़ी से पांच कांवड़िया देवघर से पूजा कर हजारीबाग लौट रहे थे।

केंद्र सरकार अनुदानों की बरसात कर रही लेकिन हेमंत सरकार ने बाल्टी उलट रखी है : भाजपा

रांची। भाजपा ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें नीति आयोग के समक्ष उन्होंने केंद्र सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया था। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर राजनीतिक आरोप लगा रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में लगातार वित्तीय अनुदानों की बारिश हो रही है लेकिन दुर्भाग्य है कि हेमंत सरकार ने बाल्टी उलट कर रखा है। ऐसे में लाभ न मिलना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि राज्य की स्थिति सुधारने के लिए संसाधन पर्याप्त हैं लेकिन इच्छाशक्ति का अभाव दिख रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में राज्य सरकार की ओर से प्रति लाभुक 50 हजार रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा हुई थी जिसका आज तक कुछ अता पता नहीं है।

सेरसा की टीम ने गौरव सिंह मेमोरियल सुपर डिवीजन क्रिकेट ताज पर 13 वर्ष बाद जमाया कब्जा

नवप्रदेश संवाददाता

रांची : सेरसा रांची की टीम ने आज गौरव सिंह मेमोरियल सुपर डिविजन क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम करने में सफलता हासिल की

आरडीसीए के तत्वाधान में रांची जिला क्रिकेट का आज सत्र 20 22 का समापन इसी के साथ हो गया जेएससीए के मुख्य स्टेडियम में खेले गए मैच में सेरसा की टीम ने मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब को 46 रनों से पराजित कर 13 साल बाद खिताब पर अपना अधिकार जमाने में कामयाबी हासिल की सेरसा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.3 ओवर में 147 रन बनाए जिसमें सिद्धार्थ राज सिन्हा ने एक बार फिर उम्दा बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए 50 रनों की पारी

खेली राजा ने 24 रनों का योगदान किया अमित ने 22 रन देकर तीन और सीट ने 24 रन देकर 2 विकेट लिए जवाबी पारी में मेकॉन की टीम ने 37.5 ओवर में 101 रन पर सिमट गई मेकॉन की ओर से कौशल सिंह ने 29 और अनिर्बन चैटर्जी ने 22 रनों का योगदान किया इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके ऋषभ राज ने काफी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 22 रनों के एवज में चार बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई अनुभवी कुलदीप शर्मा ने 17 रन देकर दो और खब्बू तेज गेंदबाज हर्ष राज ने 27 रन देकर 2 विकेट लेकर मैच को अपने कब्जे में कर दिया समापन समारोह के अवसर पर जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे और खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार बांटे इस अवसर पर अरविंद श्रीवास्तव बिभुतिभूषण प्रसाद आरडीसी के सचिव शैलेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष सौमित्र पटनायक सुरेश कुमार जय कुमार सिन्हा मुजफ्फर अली सुभाष चटर्जी नंदजी पांडे मोहम्मद उज्ज्वै किशोर चंद्र सूरज कुमार मोहम्मद शाहिद रणविजय सिंह सहित आरडीसीए के कई अधिकारी और खिलाड़ी उपस्थित थे इन लोगों ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार भी बांटे

इन्हें मिले पुरस्कार : बेस्ट बैट्समैन अश्वनी कुमार सिंह 5 मैचों में 365 रन (आरसीए) बेस्ट बॉलर हर्ष कुमार 5 मैचों में 19 विकेट (आरसीए) मैन ऑफ द मैच फाइनल : ऋषभ राज (सेरसा)

सुपर डिविजन क्रिकेट में कुल 33 मैच खेले गए जबकि इस सत्र में कुल 378 में सफलतापूर्वक पूरे किए मंच का संचालन रमेश सिंह ने किया इस अवसर पर आरडीसी के सचिव ने सभी अंपायर स्कोरर ग्राउंड मैन एवं सभी अधिकारियों को धन्यवाद एवं सफलता के लिए शुक्रिया अदा किया

झारखण्ड सरकार

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

डॉ. रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची - 834008

दूरभाष-0651-2551824, E-mail- [illegible]

अल्पकालीन निविदा

[illegible]

[illegible]	[illegible]	[illegible]
General Science	Encyclopaedia of General Science	Arihant Experts
General Studies	Objective General Studies	Manohar Pandey
General Knowledge	General Knowledge	Lucent
Reasoning & Mental Ability	Verbal & Non-Verbal Reasoning	R.S. Agarwal
Quantitative Aptitude	Fast Track Objective Arithmetic	Arihant
English	Objective General English/English Grammar & Composition	SP Bakshi/SC Gupta
Hindi	[illegible]	[illegible]
Jharkhand General Knowledge	Jharkhand Samanya Gyan	Manish Ranjan
Mathematics	Fast Track Objective Arithmetic	Rajesh Verma
Mental Ability	A New Approach to REASONING Verbal & Non-Verbal	Arihant
Computer knowledge	Objective computer awareness	Arihant Experts

[illegible]

PR 302228 Welfare (23-24)_D

जिले में 55 हजार से अधिक शत किशोरियों को योजनाओं से जोड़कर लाभ प्रदान करना लक्ष्य : डीसी

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती एवं विभिन्न प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला सुपरवाइजर एवं अन्य उपस्थित थे।

जिला प्रशासन (समाज कल्याण शाखा) द्वारा रवाना किये गए जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में बाल विवाह, दहेज प्रथा को समाप्त करने और किशोरियों,बालिकाओं के उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रति लोगों को जागरुक किया जायेगा।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि

योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। जिसके तहत कक्षा आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं में पढ़ने वाली किशोरियों एवं 18 से 19 वर्ष की किशोरियों को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कर किशोरियों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। शेष बचे किशोरियों को लाभान्वित करने हेतु विद्यालय स्तर पर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं, जिले में 55 हजार से अधिक शत किशोरियों को योजनाओं से जोड़कर लाभ प्रदान करना लक्ष्य है। वहीं 18 से 19 वर्ष की ऐसी किशोरियां जो स्कूल से ड्रॉपआउट हो चुकी है को चिन्हित कर आवेदन लिए जा रहे हैं ताकि शत प्रतिशत योग्य किशोरियों को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जा सके।

उपायुक्त ने कहा कि जागरूकता उद्देश्य से जिला के सभी प्रखंड के लिए, जागरूकता रथ रवाना किया गया है, जो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न

अच्छी शिक्षा के लिए झारखंड की बेटियों को मिलेगी 40000 रुपये की सहायता राशि

उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना

जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण कर लोगों को योजनाओं के प्रति करेगा जागरूक

पंचायतों में भ्रमण कर योजना के तहत मिलने वाले लाभ, योजना की पात्रता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया इत्यादि के संबंध में जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक करेगा ताकि योजना के शत प्रतिशत योग्य किशोरियों को लाभ प्रदान किया जा सके। उपायुक्त ने कहा योजना का लाभ लेने हेतु संबंधित आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में आवश्यक प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों के साथ विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र समर्पित किया जा सकता है। उन्होंने सभी सरकारी स्कूल की बच्चियों से योजना के तहत आवेदन देने की अपील की गई।साथ ही उन्होंने अभिभावकों से कहा कि योजना के लाभ के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें और आवश्यक दस्तावेज के साथ ससमय आवेदन विद्यालय में जमा कराएं।

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत अच्छी शिक्षा के लिए झारखंड की बेटियों को 40,000 रुपये की सहायता राशि मिलेगी। योजना के तहत कक्षा 8वीं में 25 सौ, कक्षा 9वीं में 25 सौ, 10वीं में पांच हजार, कक्षा 11वीं में पांच हजार, कक्षा 12वीं में पांच हजार, 18 से 19 वर्ष की किशोरी को एक मुश्त बीस हजार रुपये की अनुदान राशि दी जाएगी। किशोरी अपने पोषक क्षेत्र के संबंधित आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में आवश्यक प्रमाण-पत्रों,अभिलेखों के साथ विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र समर्पित करेंगी। प्रमाण-पत्रों,अभिलेखों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।

एक नजर

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीए का सहयोगी हरीश ईडी के चार दिनों के रिमांड पर



रांची। टेंडर मैनेज कर अकूत संपत्ति अर्जित करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को गुरुवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। पेशी के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट से यह आग्रह किया कि हरीश यादव को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दी जाए। कोर्ट ने ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार की बहस सुनने के बाद चार दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी। उल्लेखनीय है कि टेंडर कमिशन मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को ईडी ने बीते 24 जून को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे। वीरेंद्र राम की काली कमाई खपाने में तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे। ये तीनों ने उसकी काली कमाई खपाने में उसका सहयोग करते थे।

देर रात मंदिर की दान पेटी से चोरी

रांची: तुपुदाना थाना क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसेलरी चौक स्थित हनुमान मंदिर की दान पेटी चोरी की घटना की जानकारी गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों को मिली। सुबह स्थानीय लोग मंदिर में जब पूजा करने पहुंचे तो देखा कि मंदिर में रखे हुए दान पेटी का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद घटना की जानकारी पुजारी को दी गयी। पुजारी ने बताया कि हनुमान मंदिर में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंदिर के बाहर रखा दान पेटी से दान में दिए गए सभी पैसे को चोरी कर लिया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घटना की जांच में जुटी है। मंदिर के पुजारी और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी पुलिस खंगाल रही है। चोरी की घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

जेल में बंद कैदी ने गला रेतकर आत्महत्या का किया प्रयास

रांची: बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में ब्राउन शुगर बेचने के आरोप में बंद एक कैदी ने आत्महत्या करने की कोशिश की। वह अपना गला रेतकर अपनी जान देने की कोशिश की। जेल में बंद जवाहर लाल बानरा ने नाई के अस्तुरा से खुद का गला रेत लिया। आनन-फानन में जेल प्रबंधन उसे रिम्स ले गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जवाहर लाल उर्फ करण को पुलिस ने गिरफ्तार कर नौ जुलाई को जेल भेजा था। जेल में वह 12 डी वार्ड में बंद था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेल अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में जेल में बंद अन्य कैदियों ने बताया कि जवाहर बुधवार रात से ही बेचैन था। गुरुवार सुबह जेल परिसर में जहां कैदियों का बाल दाढ़ी बनाया जाता है। वहीं पर जवाहर दौड़ते दौड़ते आया और नाई के अस्तुरा से खुद का गला रेत लिया। उसको रिम्स के ईएनटी विभाग के चिकित्सक डॉ आरके चौधरी की देखरेख में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

आईपीएस एम तमिल वानन को सीआईडी मुख्यालय में दी गई विदाई

रांची। झारखंड कैडर के 2008 बैच के आईपीएस डॉ एम तमिलवानन को गुरुवार को सीआईडी मुख्यालय में विदाई दी गयी। सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए, वानन को विरमित कर दिया। डॉ तमिलवानन की प्रतिनियुक्ति हैदराबाद के वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में उप निदेशक के रूप में की गई है। इस संबंध में केंद्र सरकार के अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर डॉ तमिलवनन को तुरंत कार्यमुक्त करने को कहा था, ताकि वे केंद्र में अपना नया कार्यभार ग्रहण कर सकें। इस अवसर पर सीआईडी के सभी अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

कई अपराधी पुलिस की गिरफ्त में , हथियार व मोबाइल बरामद

रांची: राजधानी में घटी हत्या व गोलीकांड की घटना में रांची पुलिस ने विभिन्न इलाकों में छापामारी कर कई अपराधियों को गिरफ्त में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्त में आये अपराधियों के पास से पुलिस ने अवैध हथियार व कई मोबाइल बरामद की है। पुलिस के द्वारा गिरफ्त में आये अपराधियों से पूछताछ की जा रही है। इन अपराधियों की गिरफ्तारी से कई आपराधिक घटनाओं की उद्भेदन होने की संभावना है। आज पुलिस द्वारा इस संबंध में प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

अवैध गोली सहित दो अपराधी गिरफ्तार

चान्हों थाना की गुप्त सूचना पर छापामारी कर दबोचा

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: चान्हों थाना की पुलिस ने अवैध गोली सहित दो युवकों को गिरफ्तार की है। पुलिस की गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्त अभिषेक शर्मा और आकाश कुमार गुप्ता चान्हो थाना क्षेत्र के चोरेया गांव के रहनेवाले है। पुलिस ने दोनों अभियुक्त के पास से कुल 16 गोली बरामद की है। इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चान्हो थाना क्षेत्रान्तर्गत तरंगा मोड़ के पास दो व्यक्ति हथियार की खरीद-बिक्री करनेवाले हैं। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी चान्हो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तरंगा मोड़ के पास छापामारी की गयी तो दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे पुलिस द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्तियों ने अपनी पहचान अभिषेक शर्मा, पिता सुधांशुनाथ शर्मा, चोरेया, थाना चान्हो जिला रॉंची और आकाश कुमार गुप्ता, पिता जयप्रकाश गुप्ता, चोरेया, थाना चान्हो जिला रॉंची बताया गया। गिरफ्त में आये अभिषेक शर्मा की तलाशी लेने पर इनके पास से 7.65 एमएम का दस गोली व पकड़ाये आकाश कुमार गुप्ता की तलाशी लेने पर इनके पास से 7.65 एमएम का छह जिन्दा गोली बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर खूँटी जिला के कर्रा थाना क्षेत्र में अवैध हथियार होने की बात बतायी गयी। जिसके बाद कर्रा थाना के सहयोग से छापामारी कर डेविड संगा पिता मंजुल संगा, सा० कनसिली नवाटोली थाना लोधमा, जिला खूँटी के पास से एक देशी पिस्टल बरामद किया गया, जिसमें अलग से कर्रा थाना में कांड दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में पुअनि रंजय कुमार, थाना प्रभारी चान्हो ,सअनि संजय कुमार सिंह,सअनि साजिद खाँ सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थी।

सीएमपीडीआई महाप्रबंधक के ताला बंद घर में चोरी

नव प्रदेश संवाददाता

- **चोरों ने अलमीरा तोड़कर की चार लाख की जेवरात चोरी**
- **अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज**
- **घटना की छानबीन में जुटी है पुलिस**

रांची: शहर में चोरी की घटनाएं थम नही रही है। चोर बेखौफ ताला बंद घर में चोरी कर रहे है। ऐसी ही एक घटना अरगोड़ा थाना अंतर्गत विद्यालय मार्ग,अशोक नगर में घटी है, जहां चोरों ने धर के ग्रिल की कुंडी तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में प्रवीण कांत शरण ने थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार अशोक नगर में रहनेवाले प्रवीण कांत शरण कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सीएमपीडीआई ,कांके रोड में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। प्राथमिकी में उन्होंने पुलिस को बताया है कि 8 जुलाई की सुबह वह अपने घर के ताला बंद कर आवश्यक कार्य से पटना गये हुये थे। दो दिन बाद 10 जुलाई की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे जब वह घर लौटे और ताला खोलकर गये तो देखा कि ग्रिल का कुंडी टूटा हुआ है, अंदर जाने पर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। कमरा में रखे अलमीरा को तोड़कर सोने की जेवरात, हीरा का सेट सहित करीब चार लाख की समान चोरों ने की है।

पति और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप

नव प्रदेश संवाददाता

पीड़िता ने सुखदेव नगर थाना में दर्ज करायी है प्राथमिकी

मामले की छानबीन कर रही है पुलिस

रांची: सुखदेव नगर अंतर्गत बढ़ई मुहल्ला में रहनेवाली महिला ने अपने पति व ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

प्राथमिकी में महिला ने पुलिस को बताया है कि अगस्त 2022 में उसने आरोपी पति सुमित मालाकार से कोर्ट में प्रेम विवाह किया था। इसकी जानकारी हम दोनों के घर वालों को नही थी। शादी के कुछ दिनों बाद जब वह अपने पति सुमित मालाकार के साथ अपने ससुराल पहुंची तो ससुर शंकर मालाकार, सास और भैसुर रॉकी कुमार सभी एकमत होकर बोलने लगे की अपने पिता से पांच लाख रुपया और एक पल्सर बाइक लेकर आयेगी तभी तुम्हे घर में रहने दिया जायेगा। ससुराल में रहने के दौरान दहेज का विरोध करने पर पति का रवैया भी बदल गया और सभी उसे मानसिक और शारीरिक रुप से प्रताड़ित करने लगे। प्रताड़ना से तंग होकर मायके चली गई लेकिन मई 2023 में पति सुमित मालाकार उसे झांसा देकर अपने साथ लेकर आया लेकिन मेरे पिता और भाई द्वारा केस करने के डर से कचहरी के पास छोड़कर चला गया। इसकी शिकायत जब महिला थाना में करने पहुंची तो जानकारी मिली कि पति के द्वारा कोर्ट में झूठी कहानी तैयार कर प्रि-लिटिगेशन बनाकर आवेदन दिया गया है।

विधायक व सांसद समर्थन प्राप्त दस्तावेज जेएसएसयू ने सौंपा

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: राज्य के वर्तमान 60 और 40 के अनुपात से संचालित हकमार नियोजन नीति के खिलाफ झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन द्वारा पिछले 06 महीनों से लगातार विभिन्न स्वरूपो आंदोलन चला रही है। 10 मई से 25 मई तक यानी 15 दिवसीय विधायक व सांसद समर्थन प्राप्त अभियान के 60-40 नाय चलतो का प्राप्त बहुमत दस्तावेज को गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष एवं महामहिम राज्यपाल को सौंपा गया।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि अपने लिखित आवेदन के साथ 60-40 नाय चलतो के कुल 72 विधायकों का समर्थन बहुमत दस्तावेजों को स्वीकार रविंद्रनाथ महतो को सौंपा गया है। वहीं इसे महामहिम राज्यपाल को भी

संज्ञान में दिया गया,जिसमें अपने मांग पत्र के साथ वर्तमान नियोजन नीति पर हो रही अनियमितता को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

राज्यपाल द्वारा राज्य के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के नियुक्ति विज्ञापन में झारखंड निवासी नहीं होने के बात को गंभीरता से लेते हुए अन्य राज्यों का नियोजन नीति देखने के बाद झारखंड के नियोजन नीति में भी सुधार तथा मुख्यमंत्री के संज्ञान में देने का सकारात्मक आश्वासन दिया गया है। वहीं विधान सभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो द्वारा इसी मानसून सत्र में राज्य सरकार को संज्ञान में देने का भरोसा दिया गया। मौके पर जेएसएसयू के छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो, प्रियंका एक्का, मोईजुद्दीन अंसारी, लकी रामू, योगेश भारती, रविंद्र कुमार सहित अन्य शामिल थे।

District Collectorate
District Supply Office Gumla, Jharkhand

RE-TENDER FOR THE INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF GUMLA DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM

1	Tender published on website	
2	Name of the Client	District Collectorate, District Supply Office Gumla, Jharkhand
3	Address of the concerned person for correspondence	[illegible]
4	Bidding Document Cost	RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Officer Gumla Jharkhand"
5	EMD	As per the details mentioned in the RFP
6	Financial security money	All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Gumla, Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-[illegible]
7	Bid Submission Start	14-07-2023
8	Bid Submission End	28-07-2023
9	Technical E-Bid Opening Date & Time	29-07-2023
10	Pre-Bid Meeting	————
11	Date of Auction	Will be intimated later
12	Publishing Websites	[illegible]
13	Registration Fee for C1 India	Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders)

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website-https://gumla.nic.in/ and https://jharkhandtenders.gov.in

District Supply Officer
Gumla

PR 302282 (Food Public Distribution and Consumer Affairs)23-24*D

सदान के बच्चे शिक्षित होकर भी बेरोजगार हैं: डॉ राजेन्द्र प्रसाद

नव प्रदेश संवाददाता

रांची: सदान विकास पार्टी की एक बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद साहु की अध्यक्षता में हारादोड़ हेतु में आयोजित की गई। इस बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद साहु ने सदानों मूलनिवासियों सदानों सर्व जातियों सर्व धर्मावलंबियों सदानों दलित पिछड़ावर्ग अत्यंत पिछड़ा वर्ग हरिजन मुस्लिम बैकवर्ड फारवर्ड सभी जातियों के दयनीय स्थिति पर कहा कि झारखंड राज्य के सभी विधायकों एवं मंत्री सांसद जनप्रतिनिधियों ने सदानों मूलनिवासियों सदानों को उनके हक और अधिकार से वंचित कर दिया है। सदान की यह हालत है कि सदान के सभी बच्चे शिक्षित होकर भी बेरोजगार हैं। झारखंड राज्य सदान बाहुल्य राज्य है, जहां सर्व जातियों सर्व धर्मावलंबियों सदानों

के 77 प्रतिशत सदान है और 56 प्रतिशत ओबीसी है,ओबीसी आरक्षण लागू किये बिना पंचायत चुनाव करा दिया गया है,पंचायत में मुखिया तक नहीं बन सकते है। सदान एक जुटता में आना होगा और सदान विकास पार्टी को अपनाना होगा,सदान विकास पार्टी ही एक मात्र पार्टी है, जो सदानों मूलनिवासियों सदानों, सर्व जातियों, सर्व धर्मावलंबियों सदानों को उनके हक और अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभा सकती है और दूसरी कोई पार्टी नहीं।

डॉ साहु ने उपस्थित सभी सदानों मूलनिवासियों सदानों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को निदान करने के लिए प्रशासन से एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों बात कर हल करने का आश्वासन दिया,रोड नाली, पीने के स्वच्छ जल की कमी, किसानों की समस्या नवजवानों के रोजी रोजगार नौकरियों में आरक्षण में कमी की समस्या ग्रामीणों ने बताया,जिसे डॉ साहु ने हल करने के उपाय बताए।

उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि झारखंड राज्य के सभी सदान एक जुटता में आएं और अपने अधिकार के लिए हमारे पार्टी का साथ दें और सदानों का मिटता हुआ अस्तित्व को बचाए ,सदान विकास पार्टी ही एक मात्र पार्टी है और दूसरी कोई पार्टी नहीं, राज्य को सदान राज्य बनाए, आप सभी एकजुटता में आएं राज्य का परिवर्तन हो जाएगा, राज्य हमारा है और सभी पार्टियों के विधायक मंत्री सांसद मुख्यमंत्री ने मिलकर एकल पद आरक्षण लागू कर दिया है,ओ बी सी आरक्षण लागू किये बिना पंचायत चुनाव करा दिया गया है, सभी पार्टियों ने हम सदानों को छला है धोखा दिया है अब वक्त आ रहा है आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव में करारा जवाब देने का, रूपया पैसा दारू हडिया में वोट मांगने वाले सभी पार्टियों को सबक सिखाने का।

बैठक में किशोर कुमार, बिनोद साहु, सुंदर साहु, बबलु साहु, कृष्ण साहु, प्रशांत कुमार, मो परवेज मो जुबेर, आनंद साहु, दिनेश कुमार,अजय कुमार,दीपक साहु, लालू प्रसाद साहु सहित अन्य शामिल थे।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण को लिए सूचना

नाम–कौशल कुमार सिंह, उम्र–30 वर्ष,
रंग–गेहुआ, ऊँचाई – 5 फीट, 8इंच,
पहनावा–पीला शर्ट एवं काला पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता युवक कौशल कुमार सिंह, उम्र–30 वर्ष, पि०–विनोद कुमार सिंह, [illegible] जिला–धनबाद जो दिनांक–11.06.23 को घर से बिना बताए कहीं चले गए जो आज तक अपने घर वापस नहीं आए, जिसके संबंध में सदर थाना कांड संख्या–17/23, दिनांक–18.06.2023 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। [illegible]

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता युवक कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसकी सूचना वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सदर, राँची। –94311 [illegible]
थाना प्रभारी सदर, राँची। –94317 [illegible]

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 302306 (Police)23-24*D

लापुंग के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में ग्रामीण मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह में प्रखंड टॉपर आरती नाग और सेकंड टॉपर सीमा कुमारी सहित मैट्रिक-इंटर के टापर्स सम्मानित

चुनौतियों का सामना करते हुए अपने भविष्य का निर्धारण करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी : शिल्पी

उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें तभी पहचान बनेगी : बंधु तिर्की

नवप्रदेश संवाददाता

लापुंग : माता-पिता सहित सभी का सम्मान करना और भरपूर मेहनत करते हुए अधिक-से-अधिक मेहनत व बुद्धिमता का उपयोग करते हुए जीवन में आनेवाली हर परिस्थिति में अनुकूल आचरण कर उपलब्धियां प्राप्त करना सभी विद्यार्थियों की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय ग्रामीण मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह 2023 के दौरान पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कही। गुरुवार को लापुंग के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित ग्रामीण मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह 2023 में लापुंग प्रखंड के मैट्रिक मे प्रखंड टॉपर आरती नाग 93.20%, सेकेण्ड टॉपर सीमा कुमारी 93%, थर्ड टॉपर आमंत्री कुमारी 92.60% सभी निर्मला हाई स्कूल महुगांव सहित थर्ड टॉपर मनीषा कुमारी 92.20% प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग तथा थर्ड टॉपर दशरथ लोहरा 92.60% हाई स्कूल दोलैचा सहित मैट्रिक एवं इंटर के टापर्स विद्यार्थियों और प्रखण्ड के विविध विद्यालयों के शीर्ष स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बतौर मुख्य अतिथि मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आने वाले समय में चुनौतियों का सामना करते हुए अपने भविष्य का निर्धारण करना आज सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समय के साथ -साथ सरकारी नौकरियों की संख्या बहुत तेजी से घट रही है जबकि स्वरोजगार के साथ ही निजी क्षेत्र में नौकरी प्राप्त बहुत अधिक चुनौतीपूर्ण है और इन क्षेत्रों में सफलता तभी मिल सकती है जबकि हम अपनी प्रतिभा, कौशल, मेहनत, बुद्धिमता और ईमानदारी का पूरा-पूरा उपयोग करें। विधायक ने शिल्पी नेहा तिर्की ने आगे कहा कि विद्यार्थी जीवन में सभी को सबसे पहले अपने आदर्शों को ढूंढना चाहिये और उसके अनुरूप अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ढालना चाहिये। इसके पूर्व अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयविरस लकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी, पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, बीपीओ लीलावती तिर्की, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय, बीआरपी रेशम शाहदेव, बबलु कुमार महतो, लालकेश्वर यादव, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, चंद्रमोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहु, मंटु कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक स्वर्ण लता कुजूर, मतियस कंडुलना, नीलम लकड़ा, सलीम सहाय तिग्गा, बहादुर उरांव, जोहन उरांव सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधान शिक्षकों सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव, बोकरन्दा पंचायत की मुखिया सरोज मुंडा, महुगांव पंचायत की मुखिया मेरी होरो, दोलैचा पंचायत की मुखिया मालती रानी केरकेट्टा, समाजसेवी विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, संतोष तिर्की, प्रकाश कुमार, फिरेन्द्र साहू, चरका भगत, दुर्गा पाईक, सुनील खलखो सहित कई विशिष्ट लोग मौके पर मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार सिंह ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन वरुण कुमार ने किया।

बेड़ो में आज विद्यार्थी मेघा सम्मान समारोह

बेड़ो: बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मेधा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री एवं सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की उपस्थिति होंगे। इस कार्यक्रम में बेड़ो प्रखंड अंतर्गत मैट्रिक और इंटरमीडिएट में 60% से ज्यादा अंक लाने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो आदि देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी सम्मानित उपस्थित होंगे।

खूंटी में बदमाश गिरफ्तार, पिस्टल और गोली बरामद

खूंटी। कर्रा थाना पुलिस ने लोधमा-नगड़ी रोड पर गुरुवार को डेविड सांगा को गिरफ्तार किया है। उसके पास से देसी पिस्टल, गोली और दो मोबाइल बरामद हुआ है। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी के मुताबिक, हल्दी गढ़ा मोड़ के पास आरोपित को गिरफ्तार किया गया। वह कर्रा थाना क्षेत्र के कनसीली गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ थाने में दो मामले दर्ज हैं।

ईसीआरकेयू के दिवंगत नेता की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों की सेवा की

धनबाद। धनबाद समाज सेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन पिछले 16 अक्टूबर 2021 से बिना रुके एक टाइम का भोजन जरूरतमंदों के बीच बाटने का काम कर रहे हैं, जिसके तहत आज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (पीएमसीएच हॉस्पिटल परिसर) में गरीब,असहाय और जरूरतमंदों को भोजन कराया,आज 272 जरूरतमंद के बीच चावल दाल और सब्जी परोसा गया,आज दो दानदाताओ से भोजन प्राप्त हुआ,केया भट्टाचार्य की जन्मदिन पर उनके पति श्री राजीव भट्टाचार्य,कोलकाता द्वारा प्राप्त और एक स्वर्गीय शेखर चंद्र चटर्जी की पुण्यतिथि पर उनके पत्नी श्रीमती कनक चटर्जी ने जरूरतमंदों को भोजन भोजन दान देकर पुण्य कमाए,आज का सेवा कुछ अलग ही था क्योंकि संस्था के संयुक्त सचिव सह फाउंडर मेंबर दीपंकर बनर्जी के अपने बड़े मामा स्वर्गीय शेखर चंद्र चटर्जी पुण्य तिथि था,आपको बता दें कि स्वर्गीय शेखर चंद्र चटर्जी रेलवे का एकमात्र रिकॉग्नाइज ट्रेड यूनियन ईसीआरकेयू के 20 दशक से अधिक समय तक पदाधिकारी थे। आज का इस कार्यक्रम में केयर एंड सर्व फाउंडेशन सामाजिक संस्था के प्रभाष चंद्र, अध्यक्ष, राजेश सिंह, सचिव, सुमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव सह फाउंडर मेंबर दीपंकर बैनर्जी, नीलकमल खवास, फाउंडर मेंबर सह मीडिया प्रभारी, संदीप कुमार घोष एवं वर्मा जी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिये।

तेज रफ्तार बाईक चालक डिवाइडर से टकराया, चालक की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के तिलता रिंग रोड के पास गुरूवार दोपहर 2:30 बजे के करीब एक तेज रफतार बाईक डिवाइडर से टकराने से बाईक चला रहे युवक की मौत हो गई ।वही बाईक के पीछे बैठा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे पीसीआर 29 ने रिम्स पहुंचाया। मृतक कि पहचान पंडरा थाना क्षेत्र के अतुल वर्मा (19वर्ष) पिता हजारी वर्मा के रुप में हुई जबकि घायल युवक की पहचान सन्नी कुमार सिंह पिता ध्रुव कुमार सिंह के रूप में हुई।दोनो एक दुसरे के पड़ोसी है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पल्सर 200 एनएस बाईक जेएच 01एफसी 7736 पर सवार ये दोनो किसी बर्थडे पार्टी मनाकर चुटिया से लौट रहे थे। बर्थडे पार्टी के दौरान दोनो ने खुब शराब पीया हुआ था।इसके बावजुद तेज रफतार से दोनो दलादिली से तिलता की तरफ जा रहा थे।इसी बीच तेज रफतार बाईक असंतुलित होते हुए नेहा ट्रैक्टर्स के पास डिवाइडर से टकरा गई।जिससे दोनो गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही पीसीआर 29 के जवान ने घायलो को इलाज के लिए रिम्स पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने अतुल वर्मा को मृत घोषित कर दिया।रातू थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने बताया कि कोई भी युवक हेलमेट था।यदि हेलमेट पहने रहते तो बचने की संभावना थी। उन्होने सभी बाईक चालक से हेलमेट पहनने की अपील की। काठीटांड में युवक कर रहा था बाईक से स्केटिंग - काठीटांड में एक युवक अपनी

पीछे बैठा युवक गंभीर, पुलिस ने पहुंचाया हॉस्पीटल

बाईक जेएच 01 एभी 2676 से स्केटिंग कर रहा था।युवक को जब कहा गया कि अभी अभी एक दुर्घटना इसी तरह से हुई है।उसने अपनी अकड दिखाते हुए कहा कि हम ना मरेगें आप नही ना।इसके बाद काफी तेज गति से अपनी पैशन प्रो बाईक से निकल भागया।क्षेत्र में इस तरह के कई युवक है जो अपनी बाईक काफी तेज रफतार से चलाते है।अपने तो मरते ही है लेकिन अपने साथ कई लोगो को भी ले बैठते है।इस पर भी प्रशासन को नजर रखनी चाहिए।

रामगढ़ कारागार में कैदियों की टीबी जांच

रामगढ़। रामगढ़ जेल परिसर में कैदियों को टीबी की बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कारागार के सभी कैदियों की टीबी की जांच की गई। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. स्वराज ने टीबी मुक्त भारत के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि भारत को 2025 तक टीबी मुक्त कराना है। उन्होंने बताया कि टीबी का बैक्टीरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक हवा के माध्यम से फैलता है। यह हमारे फेफड़े को प्रभावित करता है। साथ ही शरीर के अन्य अंगों को भी संक्रमित कर सकता है। यदि समय से टीबी का इलाज नहीं कराया गया तो वह आसपास के कम से कम 10-15 स्वस्थ लोगों को संक्रमित कर सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी के मरीजों को निश्चय पोषण योजना अंतर्गत हर माह 500 रुपये दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त जिला टीबी विभाग के प्रयास से निक्षय मित्र द्वारा पोषण युक्त सामग्री पैकेट भी दिया जाता हैं।

बीडीओ और उप प्रमुख ने मुरहू के कस्तूरबा स्कूल का किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

खूंटी। मुरहू के प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह और उप प्रमुख अरुण साबू ने गुरुवार को कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय मुरहू का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में पठन-पाठन सहित अन्य गतिविधियों का जायजा लिया। बीडीओ के साथ सीडीपीओ संगीता कुजूर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति धान भी मौजूद थे।

इस दौरान में विद्यालय की शिक्षिका और छात्रा उपस्थिति पंजी की जांच की गई। बच्चियों की समय सारणी को लेकर बीडीओ ने प्राचार्या से जानकारी ली। साथ ही विद्यालय के स्वास्थ्य पंजी का अवलोकन कर बच्चियों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की गई। मौके पर निर्देश दिए गए कि बारिश के मौसम में विद्यालय परिसर में डीटीटी का छिड़काव करें। साथ ही बच्चियों के लिए मेडिकेटेड मच्छरदानी और बरसात जनित बीमारियों के मद्देनजर स्कूल में दवा किट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बच्चियों को बताया कि जिन बच्चियों की उम्र 18 वर्ष हो गई है, उन्हें वोट देने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चियों का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। शिक्षिकाओं की मांग के आलोक में खेल मैदान को मनरेगा के तहत समतलीकरण करने की बात बीडीओ ने कही।

जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चला सघन वाहन जांच अभियान

दो हाइवा, दो ट्रक, दो जेसीबी मशीन किया गया जप्त

नवप्रदेश, डोमचांच। थाना भवन के समीप गुरुवार को उपायुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाकर स्टोन चिप्स लदे दो हाईवा जेएच 12 पी 5537, जेएच 10 बीएल 6724), दो ट्रक (बीआर 24 जीए 7075, बीआर 27 बी 3847 व दो जेसीबी मशीन को जप्त किया है। इस संबंध में डीटीओ भागीरथ प्रसाद ने बताया कि जांच के क्रम में पकड़े गए सभी वाहनों का कागजात व चालान सही नहीं पाए जाने पर सभी वाहनों को जप्त थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। वहीं कुछ जप्त वाहनों का मौके पर चालान किया गया। कुछ जप्त वाहनों का चालान किया जा रहा है। दूसरी और बिना हेलमेट का मोटरसाइकिल वाहनों को भी पकड़ा गया। साथ ही देवघर जा रहे वाहनों को ओवरलोड यात्री नहीं ले जाने को लेकर चालकों को हिदायत दिया गया। जिससे सड़क दुर्घटना कम हो। नहीं तो यात्रियों को ओवरलोड ले जाने पर चालान करने की बात कही। मौके पर मौजूद जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद ने बताया कि इस प्रकार की सघन वाहन जांच अभियान आने वाले समय में निरंतर जारी रहेगा। ओवर स्पीड पर जल्द अंकुश लगाया जायेगा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, रोड सेफ्टी मैनेजर हिमांशु कुमार, थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां, परिवहन कार्यालय कर्मी अमर सिद्धिकी, अभिषेक मरांडी के साथ पुलिस बल मौजूद थे।

प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित की गईं लोहरदगा की होनहार बेटियां

लोहरदगा(हि.स.)। झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन नगर भवन लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

समारोह के मुख्य अतिथि उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला के सरकारी विद्यालयों के बच्चे शिक्षा, खेल समेत अन्य क्षेत्रों में काफी अच्छा कर रहे हैं। मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में रिजल्ट बेहतर हो रहा है। यहां के सरकारी विद्यालयों के बच्चे आईआईटी जेईई परीक्षाएं पास कर रहे हैं। अभी बीते माह थाईलैण्ड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में यहां के आवासीय विद्यालयों के बच्चों ने स्वर्ण व रजक पदक हासिल किये हैं।

इन छात्राओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू की मुस्कान कुमारी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासी विद्यालय किस्को की छात्रा सुचिता कुमारी और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू की छात्रा प्रेरणा कुमारी को सम्मानित किया गया। इस वर्ष इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान संकाय में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, भंडरा की छात्रा संतोषी कुमारी, जूली कुमारी और पार्वती कुमारी को सम्मानित किया गया।

इंटरमीडिएट परीक्षा वाणिज्य संकाय में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, सेन्हा की छात्रा सपना उरांव, रूकसाना खातून और एक अन्य छात्रा को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा कला संकाय में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, भंडरा की छात्रा पूनम कुमारी, मनीषा कुमारी और सोनी कुमारी को सम्मानित किया गया।

25-27 जून तक थाईलैंड के पटाया शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू की तीन छात्राओं कुमकुम कुमारी, अनामिका उरांव, रौशनी उरांव, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की तीन छात्राओं जूही कुमारी, सुनेहा कुमारी और अंजलि तिर्की को स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त करने के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2022 में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुडू की 11 और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की 12 छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

18-19 दिसंबर, 2022 को नई दिल्ली में आयोजित सुपर गोल्ड कराटे लीग-2022 में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्राप्त करने वाली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू की 04 और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की 05 छात्राओं को सम्मानित किया गया। 20-22 मई 2023 को देहरादून में आयोजित थर्ड ओकेकेई नेशनल कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त करने वाली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुडू की 5 छात्राओं और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की चार छात्राओं को सम्मानित किया गया। राज्य कला उत्सव 2022 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आशा टोप्पो को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। आशा टोप्पो झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की छात्रा है।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, लोहरदगा प्रभारी सपना सिंह, एपीओ अशोक पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

एक नजर

खूंटी में सनातन धर्मावलंबियों की बैठक

खूंटी। पड़गांव स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की बैठक विहिप के जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड के 178 गांवों सनातन धर्मी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से सनातन धर्म के मठ और मंदिरों में हो रहे आक्रमण से निपटने को लेकर लोगों ने विचार व्यक्त किये। जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी ने कहा कि धर्म और मठ मंदिरों में हो रहे हमले को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम अपने हक, अधिकार और धर्म की रक्षा के लिए जागे हुए हैं। हम लोग चाहते हैं कि किसी भी समस्या का हल बातचीत और कानून के अधिकार में रहकर निकाला जाए। इसका मतलब यह नहीं कि हम कमजोर है या असंगठित है। जिला मंत्री ने कहा कि सावन की पहली सोमवारी को बिकुवादाग चांपी गांव स्थित दिवरी पतरा में एक विशेष समुदाय ने शिव भक्तों को जलाभिषेक करने से रोका, जिसकी बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में निंदा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि वहां वस्तुस्थिति की जानकारी को लेकर 15 जुलाई को बिकुवादाग चांपी के दिवरी पतरा में एक विशेष बैठक होगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, नगेन्द्र सिंह, बिहारी सिंह, कुलेन्द्र सिंह, विनोद कुमार सिंह, रामप्रताप देव, महानन्द सिंह, सूरज महतो, शंकर महतो, शिवकुमार केशरी, रवि मेहता, राजेश महतो, सुधीर सिंह, गौतम केशरी, लालचंद महतो, विक्रम महतो, प्रदीप महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

50 सरना धर्मावलंबी महिलाओं ने बाबा आम्रेश्वर धाम में की सामूहिक पूजा-अर्चना

खूंटी। रांची जिले के मुड़मा सुरसा गांव के दिवंगत गुरु करा उरांव की 50 महिला शिष्य गुरुवार को गुरुमाता गंगी उराईन के नेतृत्व में बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंची। सरना धर्मावलंबी महिलाओं ने धाम परिसर स्थित सभी मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना और स्तुति की। गुरुमाता गंगी उराईन की यह महिला मंडली पूरे क्षेत्र में सरना धर्म के प्रसार-प्रचार करने में लगी। गंगी उराईन ने कहा कि कुछ लोग प्रलोभन देकर सरना धर्मावलंबियों को धर्म परिवर्तन कराने में लगे हैं। इससे हमारी जनजातीय संस्कृति और रीति-रिवाज खतरे में पड़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है। इसी को लेकर वह गांव-गांव में जगरुकता कार्यक्रम चला रही हैं।

खूंटी के प्रखंडों में मिलेट्स जागरुकता कार्यशाला आयोजित

खूंटी। उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में गुरुवार को मिलेट्स जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान विशेष रूप से मिलेट्स उत्पादन को लेकर कृषकों को प्रेरित किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों को इसको लेकर क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। तोरपा प्रखंड सभागार में आयोजित कार्यशाला में बीडीओ दयानंद कारजी ने किसानों को मोटे अनाज जैसे मडुवा, गोड़ा धान आदि फसलों को लगाने के लिए प्रेरित किया। उप परियोजना निदेशक आत्मा खूंटी अमरेश कुमार ने फसलों की अधिक उपज के लिए कृषि तकनीक की जानकारी दी। किसानों को प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक ने विभाग की योजनाओं, पीएम किसान केसीसी एवं कृषि ऋण माफी योजना की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कर के अलावा सखी मंडल की दीदियां और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

छात्रहित को देखते हुए थाना तत्परता दिखाएं : अमन अहमद

रांची : कांके विधानसभा युवा कांग्रेस का प्रतिनिधिमण्डल उपाध्यक्ष मो.हुसैन अंसारी के नेतृत्व में कांके थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा । राजकीय +2 उच्च विद्यालय में हुसैन अंसारी ने अवगत कराया की थाना से कुछ दूरी पर गवर्नमेंट टेन प्लस टू स्कूल है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं और वहां पर बाहर के कॉलेजों के कुछ छात्र एवं असामाजिक तत्वों के लोग आकर वहां पर गुंडागर्दी करते हैं इसलिए कम से कम एडमिशन तक थाना के तरफ से पेट्रोलिंग हो और असामाजिक तत्व के लोगों को भगाने में अपनी भूमिका निभाऐ ताकि आने वाले दिनों में छोटी-मोटी घटनाओं से हम अपने आप को बचा सकते हैं । एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमन अहमद ने कहा छात्र हित को देखते हुए थाना इस पर तत्परता दिखाएं क्योंकि एनएसयूआई हमेशा छात्र हित की बात करता है । मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित कांके विधानसभा महासचिव नीलेश मिश्रा, पूर्व जिला महासचिव आशिक अंसारी, पूर्व जिला महासचिव इमरान हाशमी, प्रिंस राज आदि उपस्थित रहे ।

महिला ने पति के कब्र को बचाने के लिए लगाई गुहार

दुमका। जिले के मुफसिल थाना क्षेत्र के दिग्घी गांव की प्रमिला मरांडी ने मुख्यमंत्री के एक आवेदन भेजकर पति के कब्र को बचाने के लिए गुहार लगाई है। प्रमिला ने कहा है कि दिग्घी गांव के सरकारी जमीन पर पिछले 50 वर्षो से अधिक समय से आदिवासी समाज के लोग मृत व्यक्तियों को दफना रहे हैं। उसके पति जेम्स होपना हांसदा का भी कब्र वहां है। कब्रिस्तान की जमीन को स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के लिए चिन्हित किया है और नापी आदि की प्रक्रिया शुरू किया गया है। प्रमिला ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के अलावा राज्यपाल, प्रधानमंत्री, दुमका के उपायुक्त, संताल परगना के आयुक्त को भी आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही कब्रिस्तान की जमीन को छोड़कर आसपास की दूसरी जमीन पर स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का आग्रह किया है।

ट्रैक्टर पलटने से झामुमो कार्यकर्ता की मौत, चालक की हालत गंभीर

दुमका। जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के मकरमपुर शीतपहाड़ी मोड़ पर तेज रफ्तार खाली ट्रैक्टर पलटने से एक झामुमो कार्यकर्ता मैनेजर टुडू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि ट्रैक्टर चालक लखन मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मैनेजर टुडू पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा किए जा रहे पेयजल आपूर्ति योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई का काम कर रहा था। इस बीच तेज रफ्तार ट्रैक्टर के पलटने से मैनेजर टुडू ट्रैक्टर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई है और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मसलिया थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई है। गश्ती दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है।

डीटीओ बनकर अवैध वसूली करने के चार आरोपितों को जेल

दुमका। डीटीओ बन अवैध वसूली करने वाले गिरोह का नगर थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना नगर थाना क्षेत्र के बक्सी बांध निवासी राहुल कुमार एवं मोहम्मद तनवीर को गिरफ्तार किया है। दो अन्य सदस्य मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखिकुंडी निवासी अली शेख एवं महुआडंगाल, विजयपुर निवासी राहुल कुमार तुरी हैं। नगर थाना परिसर में पत्रकार वार्ता में एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बागडुबी गांव निवासी भीम मरांडी के लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने राहुल कुमार समेत अन्य के खिलाफ डीटीओ बन अवैध राशि की वसूली करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कांड संख्या 168/23 के तहत भादवी की धारा 342, 379, 420,384/34 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है।

एसटीएफ-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में टॉप टेन अपराधी टॉफी यादव गिरफ्तार

मुजफ़्फरपुर (हिं.सं.)। जिला पुलिस और एसटीएफ की टीम ने विशेष अभियान के तहत गुरुवार को जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के एकता नगर में किराए के मकान से गुप्त सूचना के आधार पर कुख्यात टॉफी यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की टीम कुख्यात टॉफी यादव को पकड़ने में जुटी थी लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी अचानक गुरुवार को एसटीएफ की टीम और जिला पुलिस की टीम को यह सूचना मिली थी कि अहियापुर थाना क्षेत्र के एकता नगर में एक रिटायर पुलिसकर्मी के घर में किराए पर कुख्यात टॉफी यादव का रहना सहना हो रहा है। सूचना सत्यापन के लिए सिविल ड्रेस में पहुंची एसटीएफ और जिला पुलिस की टीम सूचना की सटीक जानकारी होने के बाद के बाद सिटी एसपी अरविंद प्रताप सिंह के नेतृत्व में अहियापुर ब्रह्मपुरा के थाना पुलिस की टीम के साथ-साथ शहरी क्षेत्र के क्यूआरटी की टीम और नगर डीएसपी ने उक्त इलाके को चारों तरफ से घेर कर कुख्यात टॉफी यादव को धर दबोचा। फिलहाल टॉफी यादव के पास से कुछ बरामद नहीं हुआ है। पूरे मामले में पूछे जाने पर सिटी एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्र के बनाए गए टॉप टेन अपराधियों के लिस्ट में शामिल टॉफी यादव का पूर्व से भी अपराधिक इतिहास रहा है। एक मामले में कुर्की जब्ती का भी वारंट मिला हुआ है। वहीं दूसरे मामले में फरारी था। फिलहाल अहियापुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है पुलिस नया कांड दर्ज कर अहियापुर थाना क्षेत्र से न्यायिक हिरासत में भेजेगी पूछताछ होने के उपरांत साथ ही साथ विभिन्न जिलों से भी अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

एसपी ने जनता दरबार में सुनी 72 लोगों की समस्या, दिए निष्पादन के आदेश

बेगूसराय (हि.स.)। पुलिस से जुड़े आम लोगों की समस्या के समाधान के लिए जिला पुलिस कार्यालय में प्रत्येक दिन लोगों की समस्या सुनने के साथ-साथ साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। आज गुरूवार को भी पुलिस कार्यालय में एसपी योगेन्द्र कुमार द्वारा साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों की फरियादें सुनी गई। एसपी ने खुद अपने कार्यालय कक्ष में 72 फरियादियों से एक-एक कर मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं। जनता दरबार में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) निशित प्रिया भी उपस्थित थे। जिन्हें जनता की समस्याओं को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया।

पाली ब्रिज का रेलवे कर रहा है तकनीकी अध्ययन

अंतिम रिपोर्ट के आधार पर होगा यातायात पर निर्णय

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। स्टेशन की सीमा में रेलवे किमी 553/30-32 पर स्थित रोड ओवरब्रिज, जिसे पाली ब्रिज भी कहा जाता है, को पुल पर संरचनात्मक दोष के कारण 10.05.2023 से सड़क यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। आरओबी की स्थिति को और अधिक खराब होने से बचाने के लिए युद्ध स्तर पर अस्थाई रेस्टोरेशन का कार्य उसी दिन किया गया ताकि ब्रिज का स्ट्रक्चर रेल पटरी पर ना गिरे। रेलवे डीडीयू मंडल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसारआरओबी के उपयुक्त रेट्रोफिटिंग के संबंध में मुख्यालय, पूर्व मध्य रेल द्वारा आवश्यक कंसल्टेंसी सेवा ली गई है। इस हेतु अधिकृत स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट द्वारा आरओबी का 06.07.2023 को विस्तृत निरीक्षण किया गया। अधिकृत कंसलटेंट को फाइनाइट एलिमेंट मेथड द्वारा आगे भी विश्लेषण करने को कहा गया है ताकि संरचना में उत्पन्न दोष के कारणों का पता लगाया जा सके, साथ ही रेट्रोफिटिंग व रिहैबिलिटेशन से संरचना पर संभावित प्रभावों का अध्ययन किया जा सके। प्रभावित आरओबी पर यातायात के आवागमन के संबंध में अंतिम निर्णय कंसल्टेंट द्वारा दी जाने वाली अंतिम रिपोर्ट सौंपने के उपरांत किया जाएगा।

मीटर बाईपास कर बिजली जला रहे छः लोगो पर प्राथमिकी दर्ज

नवप्रदेश प्रतिनिधि करगहर/रोहतास। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बुधवार को बिजली कि तार मीटर बायपास कर जला रहे छः लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जहां चोरी से बिजली जला रहे लोगो पर जुमार्ना भी लगाया है। कनीय विद्युत अभियन्ता पियूष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली छापेमारी के दौरान अवैध रूप से मीटर बायपास कर जला रहे लोगो पर जुमार्ना के साथ साथ प्राथमिकी दर्ज कराया गया है । उन्होंने बताया कि डुमरा निवासी राजाराम शर्मा पिता कन्हैया शर्मा बगैर विद्युत कनेक्शन के ही बिजली जला रहे थे। उनपर 58052 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। मथुरापुर अक्षय कुमार पिता शम्भू नाथ दुबे मीटर बायपास कर अवैध रूप से बिजली उर्जा की चोरी कर रहे थे। जिनपर 44243 रुपए का जुमार्ना लगाया गया। घोरडिहा के महेश सिंह पिता स्व. सुदर्शन सिंह पर बिजली चोरी के आरोप में 22991 रुपये का जुमार्ने लगाया गया। जलालपुर आलोक कुमार पिता रामजी सिंह पर विद्युत चोरी के आरोप में 82160 रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए बीडीओ ने किया निरीक्षण

नवप्रदेश प्रतिनिधि कोचस। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिदासपुर का निरीक्षण किया गया। बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति देख बहुत खुश हुए.प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोऔत्र कुमार के द्वारा कक्षा में जाकर बच्चों से जानकारी लिए तथा बच्चों के बीच में विद्यालय के प्रति रूचि और रुझान के लिए हौसला बुलंद किये। इसके साथ साथ बच्चों के बीच में बैठकर मध्यान भोजन भी चखे।

उम्र छुपा कर चुनाव लड़ना मुखिया को पड़ा महंगा

नवप्रदेश प्रतिनिधि तरारी। 20 माह बाद सेदहां मुखिया के ताज छिने जाने से कहीं गम तो कहीं खुशी का माहौल उम्र छुपा कर चुनाव लड़ने के मामले में राज्य निर्वाचन आयोग का आया फैसला प्रखंड निर्वाचित पदाधिकारी सह बीडीओ की भूमिका पर भी आयोग ने लगाया प्रश्न चिन्ह उम्र छुपा कर मुखिया पद के ताज पर निर्वाचित होना सेदहा पंचायत के मुखिया अक्षय कुमार को महंगा पड़ गया । राज्य निर्वाचन आयोग ने 20 माह बाद मुखिया को बर्खास्त करते हुए पुनः चुनाव कराने का निर्देश जिलाधिकारी भोजपुर को दिया है । साथ में तरारी प्रखंड निर्वाचित पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार जिज्ञासु की भूमिका पर सवाल उठाते हुए विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया है` वर्तमान मुखिया के पद मुक्त होने से पंचायत में जहां एक तरफ गम का माहौल है । वही दूसरी तरफ निकटतम प्रतिद्वंदी दीपक कुमार के खेमे में खुशी का माहौल कायम है। विदित हो कि बिहार राज्य पंचायत चुनाव के समय तरारी प्रखंड के सेदहा पंचायत में 20 अक्टूबर 2021 को चुनाव हुआ था ।इस चुनाव में मुखिया पद के 8 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में अपना भाग आजमा रहे थे । 22 अक्टूबर को मतगणना हुई ।मतगणना में बेलडिहरी गांव के निवासी अक्षय कुमार को 1540 मत और दूसरे नंबर पर उनके प्रतिद्वंदी दीपक कुमार को 1534 मत प्राप्त हुए ।अक्षय कुमार सेदहा पंचायत के मुखिया पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन के बाद निकटतम प्रतिद्वंदी सेदहा गांव के निवासी दीपक कुमार ने निर्वाचित मुखिया को उम्र छुपा कर चुनाव जीतने का आरोप लगाते हुए निर्वाचित पदाधिकारी से शिकायत किया । उस समय भी यह मामला काफी सुर्खियों में था । निर्वाचित पदाधिकारी ने इस मामले को ज्यादा तूल न देकर रफा-दफा कर दिया। निकटतम प्रतिद्वंदी दीपक कुमार ने राज्य निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाया` आयोग में दोनों पक्षों द्वारा अपनी-अपनी पक्ष रखा गया । वर्तमान मुखिया ने अपने शपथ पत्र में सातवीं कक्षा के प्रमाण पत्र पर अपना जन्म तिथि 12 जनवरी 1988 दशार्या था` जबकि उनके मैट्रिक के सर्टिफिकेट में जन्म तिथि 12 मार्च 2001 है` निकटतम प्रतिद्वंदी ने दोनों सर्टिफिकेट आयोग के सामने प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्तमान मुखिया द्वारा गलत तरीके से सातवा का सर्टिफिकेट बनवाकर चुनाव लड़ा गया है` जांच के बाद वर्तमान मुखिया का सातवा का सर्टिफिकेट जाली पाया गया ` इस पर डीईओ ने हेड मास्टर पर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया था` आयोग ने मैट्रिक के सर्टिफिकेट को सही पाते हुए अपने आदेश में कहा कि वर्तमान मुखिया द्वारा उम्र को छुपाया गया है । मुखिया 21 वर्ष से कम उम्र के हैं` उन्हें पद मुक्त किया जाता है । साथ ही निर्वाचन आयुक्त ने प्रखंड निर्वाचित पदाधिकारी की भूमिका पर भी प्रश्न लगाते हुए उन पर कार्रवाई करने का आदेश निर्गत किया 10 जुलाई को राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेश आते ही वर्तमान मुखिया अक्षय कुमार के खेमे में मायूसी छा गई` विरोधी खेमे के लोगों ने कहा कि वर्तमान मुखिया द्वारा उम्र छुपा कर गलत हलफनामा देकर चुनाव जीता गया था । गलत का परिणाम गलत ही होता है । पंचायत में भी इस मसले को लेकर तरह-तरह की चचाएं जोरों पर है ।

रौनक बने जिलाध्यक्ष

नवप्रदेश मोतिहारी। जन अधिकार पार्टी (लोक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद पप्पू यादव के निर्देशानुसार जन अधिकार युवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजू कुमार उर्फ राजू दानवीर ने मोतिहारी शहर के मिस्कॉट मुहल्ला निवासी जन अधिकार पार्टी (लोक) के संस्थापक सदस्य दिवंगत सुरेन्द्र त्यागी के पुत्र रौनक त्यागी को जन अधिकार युवा परिषद पूर्वी चंपारण के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है, इस दौरान जाप सुप्रिमो पूर्व सांसद पप्पू यादव ने कहा कि रौनक मेरे पुत्र की तरह है ,इनके पिता मेरे बड़े भाई की तरह मेरे साथ रहे ,रौनक त्यागी से मेरा पारिवारिक सम्बंध भी है। नवनयुक्त युवा परिषद के जिलाध्यक्ष रौनक त्यागी ने कहा कि पार्टी ने हमे जो जिमेवारी दी है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वाहन करूँगा साथ ही पार्टी के विचारों को जन -जन तक पहुचाने के साथ संगठन को जिले में मजबूत करूँगा। इनके मनोनयन पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह कुशवाहा, प्रदेश प्रधानमहासचिव अभिजीत सिंह, प्रदेश महासचिव मोख्तार प्रसाद गुप्ता, पिपरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश महासचिव अंकुश कुमार सिंह, प्रदेश सचिव धीरज सिंह, बिट्टू दुबे, जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह,जिला प्रधानमहासचिव नुरैंन आलम, पप्पू ब्रिगेड जिलाध्यक्ष लक्ष्य सिंह, मेहसी प्रखंड अध्यक्ष गयासुद्दीन अंसारी रामगढ़वा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव, जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार, युवा प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस शर्मा,असरफुर रहमान, अभिषेक सिंह,दीपू गुप्ता आदि ने बधाई दिया।

विजय सिंह की लाठीचार्ज में हुई मौत पर सांसद ने संवेदना व्यक्त की

मधुबनी (हि.स.)। विधानसभा मार्च के बीच गुरुवार को पुलिस लाठी प्रहार से विजय सिंह की मौत पर भाजपा सांसद डा अशोक कुमार यादव ने संवेदना प्रकट किया है। भाजपा सांसद ने कहा कि बिहार की दमनकारी चाचा भतीजे की सरकार के द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से अपना प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकताओं पर लाठीचार्ज किया गया है। सरकार की इस कार्रवाई को सांसद ने अन्याय पूर्ण एवं बर्बरता पूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि लाठीचार्ज में मधुबनी के भी कार्यकर्ता घायल हुए हैं। कार्यकताओं के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं है।भाजपा सांसद डा अशोक ने कहा कि पुलिस लाठीचार्ज में विजय सिंह की मृत्यु बहुत दुःखद घटना है।

शत प्रतिशत उपस्थिति को ले समाहर्ता द्वारा जांच

सूर्यपुरा। बिहार राज्य शिक्षा परियोजना परिषद पटना के निदेशक के निर्देश के आलोक में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी प्राथमिक एवं मध्य तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों मैं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति की जांच जिला के वरीय उप समाहर्ता सुश्री रश्मि कुमारी बीडीओ वीणा पाणि, राजस्व पदाधिकारी दिव्य प्रकाश अस्थाना के साथ ही 18 अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों में जाकर शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया जिसमें एक शिक्षक एवं एक शिक्षिका सहित 2 लोग अनुपस्थित पाए गए जिसका रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजा गया। वरीय उप समाहर्ता सुश्री रश्मि कुमारी ने राज राजेश्वरी प्लस टू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूर्यपुरा मैं पहुंचे शिक्षकों की उपस्थिति की जांच करने के क्रम में एक हिंदी के वरीय शिक्षक मुकेश कुमार राम अनुपस्थित पाया वही प्रखंड संसाधन केंद्र विनोद कुमार शर्मा के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय गेरेडकला मैं निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यालय के एक शिक्षिका कुमारी चिंता यादव अनुपस्थित पाई गई।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट को जाम कर आशा कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

नवप्रदेश प्रतिनिधि अकोढ़ी गोला। विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकताओं ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकोढ़ी गोला मुख्य गेट को बांस से घेरकर बिहार राज्य आशा कार्यकताओं महासंघ के बैनर तले प्रदर्शन किया तथा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की. उन्होंने मुख्य गेट को पूरी तरह जाम कर दिया था किसी भी मरीज को अंदर जाने नहीं दिया उन्होंने कहा कि जब तक हम लोग हड़ताल पर रहेंगे किसी प्रकार का इलाज इस अस्पताल में नहीं होगा। इस दौरान कई महिला मरीज तथा टीकाकरण के लिए आए बच्चों को भी वापस लौटना पड़ा। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल रहा। आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी घोषित करो 21 हजार मासिक वेतन दो नीतीश कुमार हाय हाय आदि नारे लगा रहे थे। अस्पताल के कर्मी जय कुमार ने बताया कि आशा कार्यकताओं के कारण अस्पताल में किसी भी प्रकार का कार्य नहीं हो रहा है कारण मरीज को अंदर नहीं आने दिया जा रहा है.इस मौके पर, आरती देवी,नीलम देवी, शीला देवी, शोभा देवी, सरोज देवी, सुमित्रा देवी, पार्वती देवी, फूलमती देवी आदि भारी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद थे।

बिहार में नहीं चलेगा तुगलकी शासन, विधानसभा मांग रहा है भगवा निशान : प्रो राकेश सिन्हा

बेगूसराय (हि.स.)। पटना में बिहार सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं पर किए गए बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज से जबरदस्त आक्रोश का माहौल है। लाठी चार्ज से हुई मौत तथा बड़ी संख्या में कार्यकताओं के घायल होने पर बिहार सरकार निशाने पर आ गई है। प्रदर्शन में शामिल राज्यसभा सदस्य प्रो. राकेश सिन्हा ने कहा है कि बिहार के लिए आज काला दिन है। बिहार के कोने-कोने से भाजपा के कार्यकर्ता पटना में नीतीश कुमार के शासन की नाकामी को उजागर करने आए थे। विधानसभा घेराव करने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से मार्च कर रहे कार्यकर्ता पर पुलिस ने बर्बरता पूर्ण व्यवहार किया। इसमें सैकड़ों कार्यकर्ता घायल हुए, वृद्ध और महिलाओं को भी पुलिस ने नहीं छोड़ा। दुनिया का प्राचीनतम लोकतंत्र बिहार से ही शुरू हुआ था। पाटलिपुत्र की जिस धरती ने लोकतंत्र को जन्म दिया, उस धरती पर तुगलकी शासन नहीं चल सकती है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर चंगेज खान की तरह व्यवहार कर लाठी चार्ज कराना संविधान को तार-तार करने वाला है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है बिहार के इस सरकार के अनैतिक, अमर्यादित और हिंसावादी का व्यवहार का जवाब देने का। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने ऐसे ही शासकों के लिए कहा था कि जिंदा कौम पांच साल तक इंतजार नहीं करती है। इसी पाटलिपुत्र की धरती पर नंद वंश का शासन था, जिसे चंद्रगुप्त मौर्य ने उखाड़ फेंक दिया था। जब-जब पाटलिपुत्र की धरती पर अन्याय और अत्याचार सीमा पार करती है तो कोई ना कोई ताकत उभरती है। वही ताकत आज भाजपा के रूप में उभर कर सामने आई है, नीतीश कुमार की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए। नीतीश कुमार वही काम कर रहे हैं जो 1974 में बिहार के मुख्यमंत्री अब्दुल गफूर ने किया था। अब्दुल गफूर काल में शिक्षक और छात्रों का दमन हो रहा था। लाठियों बरस रही थी, शिक्षा परिसर को पुलिस का अड्डा बना दिया गया था। बिहार की भ्रष्ट महागठबंधन सरकार ने जनता में त्राहि-त्राहि मचा रखा है। रोजगार मांगने जाओ तो लाठी मिलती है। यहां शिक्षकों पर जितना अन्याय हुआ, उतना देश के किसी हिस्से में नहीं हुआ। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना है। बिहार के जन-जन में यह आवाज है कि बिहार को विकसित करने के लिए, छात्र-नौजवानों को नौकरी देने के लिए, शिक्षा का दर्जा ऊपर करने के लिए भाजपा की सरकार बने।

विधायक की धर्मपत्नी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए कई दिग्गज, तैल्य चित्र पर किया गया माल्यार्पण

नवप्रदेश प्रतिनिधि ओझवलीया। विधायक विजय कुमार मंडल की धर्मपत्नी स्वर्गीय विंध्याचली देवी के श्राद्ध कर्म में प्रशासनिक-पुलिस के अधिकारी के साथ-साथ राजनीतिक दल के कई दिग्गजों का तांता लगा रहा। अन्य राजनीतिक दलों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के प्रतिनिधियों ने ओझवलीया में विधायक आवास पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार विधायक की धर्मपत्नी का श्राद्ध कर्म संपन्न कराया।पुत्र अमित,चंदन ने माता के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की श्राद्ध कर्म में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ श्रीमती कांति सिंह, बिहार सरकार मंत्री अनिता चौधरी, विधायक फतेह बहादुर सिंह,विधायक राजेश कुमार गुप्ता, विधायक संतोष कुमार मिश्रा, पूर्व एमएलसी अजय सिंह, अधिवक्ता आदिति कुमार, विधायक ऋषि कुमार, पिछडा वर्ग सदस्य विरेन्द्र कुशवाहा, पूर्व विधायक बशिष्ट सिंह, इन्दू देवी, सीमा सिंह, मुखिया राजेश कुमार, मलिक पासवान, संतोष यादव, पिंटू यादव, राजीव रंजन उर्फ राजू यादव, सुनिल कुमार सिंह, सोनू, हरेन्द्र, उमेश, ओम प्रकाश सिंह और बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित थे।

एक नजर

अधिकारियों ने किया विद्यालय का जांच

नवप्रदेश प्रतिनिधि संझौली। गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के बरौली, अमेठी, मसोना, बगेया, सिकटी, जिगनी सहित सभी 60 प्राथमिक, मध्य व उच्च विद्यालय की जांच, अधिकारी, पंचायत कर्मियों, प्रखंड कमीर्यों ने किया. प्रखंड विकास पदाधिकारी सैयद सरफराजुद्दीन अहमद ने बताया कि जांच के दौरान सभी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही. जबकि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 50 प्रतिशत से कुछ ही ज्यादा पाया गया. बीडीओ की माने तो स्कूल जांच करने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रोग्राम पदाधिकारी, डीपीओ-सर्व शिक्षा अभियान, पंचायत सचिव, पंचायत कर्मी व प्रखंड कर्मियों द्वारा किया गया. अधिकारी व कर्मियों द्वारा जांच के दौरान स्कूल में सभी शिक्षक उपस्थित मिले, जबकि बच्चों की संख्या कम देखा गया।

भूमि विवाद शिविर में छह मामलों का निष्पादन किया गया



नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास)। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बीआरजीएफ भवन में जमीनी विवाद से संबंधित दाखिल खारिज, परिमार्जन सहित अन्य जटिल मामलों के निष्पादन के लिए गुरुवार को जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान आरओ चन्दन चौधरी ने कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार मे जमीनी विवाद से जुड़े दाखिल खारिज और परिमार्जन जैसे समस्याओं का तत्काल निष्पादन किया गया। आरओ चन्दन चौधरी ने बताया कि दाखिल खारिज के लिए सात आवेदन आये जिसमें तीन मामलों का निष्पादन कर दिया गया। वहीं परिमार्जन के लिए कुल छज मामले आये जिसमें तीन मामलों का निष्पादन किया गया एवं अन्य दो आवेदन आये जिसमें शून्य मामले का निष्पादन किया गया। सभी 15 मामलों में छह मामलों का निष्पादन किया गया। मौके पर उप प्रमुख संतोष कुमार, राजस्व कर्मचारी दीपक कुमार, राजेश कुमार, सोनू कुमार, भोला सिंह, कौशल कुमार, हरिओम, सूरज सहित कई लोग उपस्थित थे।

अधिकारियों ने किया स्कूलों का निरिक्षण

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। अधिकारियों ने प्रखंड के विभिन्न स्कूलों का निरिक्षण किया। जिला व प्रखंड के अधिकारी अलग अलग स्कूलों का निरिक्षण किया। सीओ नवलकांत ने नवसृजित स्कूल गीधा टोला, प्राथमिक विद्यालय गीधा, उत्क्रमित हाई स्कूल नकटौली, प्राथमिक स्कूल चक चातर, मध्य विद्यालय योगिनी, उ.मध्य विद्यालय देवगना, दोलैचा आदि स्कूलों के निरिक्षण के बाद बताया कि स्कूलों में सभी शिक्षक उपस्थित थे। एमडीएम में दाल चावल व कहीं मिक्स सब्जी तो कहीं आलू की सब्जी बच्चों को खिलाया गया। बच्चों की उपस्थिति 40 फिसदी से 50 फिसदी तक थी। वहीं मध्य विद्यालय योगिनी की स्थिति बेहतर थी। बच्चों की उपस्थिति 60 फिसदी से अधिक थी। स्कूल में बेहतर तरिके से प्लांटेशन किया गया था.साफ सफाई भी अच्छी थी। वहीं बीडीओ शिवेश कुमार सिंह ने भी 10 स्कूलों का निरिक्षण किया। जबकि वरीय उप समाहर्ता खुश्बु पटेल ने भी 10 स्कूलों का निरिक्षण किया। उनके साथ कार्यपालक सहायक नीतीश कुमार भी निरिक्षण में शामिल थे। अधिकारियों ने बच्चों की उपस्थिति 40 से 50 फिसदी बताया शिक्षकों के अनुसार धान की रोपनी का शुरू होना बच्चों की कम उपस्थिति का मुख्य कारण बताया गया।

अवैध रूप से चल रहे दर्जनों नरसिंग होम



नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। सिकटा प्रखंड क्षेत्र के शांति चौक सरगटिया में अवैध रूप से कई नर्सिंग होम झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा संचालित किया जा रहा है मजे कि बात यह कि ये झोलाछाप सर्जन का बोर्ड लगा छोटे से लेकर बड़े ऑपरेशन धड़ल्ले से कर रहे हैं और प्रति मरीज मरीजों से 10 से 15 हजार रुपए वसूली कर रहे हैं मजे की बात यह है कि उक्त चौक से स्थानीय चिकित्सा पदाधिकारी की गाड़ी बराबर गुजरती है परंतु इस पर उनका ध्यान क्यों नहीं जाता है यह अपने आप एक जांच विषय बना हुआ है यही हाल वैशखवा चौक पर भी है एक और जहां जिले के वरिय अधिकारी इन झोलाछाप चिकित्सकों पर रोक लगाने की बात करते तो दूसरी तरफ ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप की चिकित्सको की बाढ़ आ गई है वही हाल मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में देखने और सुनने को मिल रहा है जिसका नतीजा आये दिन इन चिकित्सकों कि लापरवाही के कारण मौतें हो रही है यह खेल यही नहीं थमता ज़िले से लेकर ग्रामीण इलाकों में अवैध रूप से गैर लाइसेंसी दवा कि दुकाने भी खुब देखने को मिल जाती है जहां पर प्रतिबंध एवं नकली दवा भी बेची जाती है, सुत्रों की मानें तो स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन समेत ड्रग इंस्पेक्टर को इन दवा दुकनदारो से महिना भी जाता है जहां बेतिया नगर में भी ऐसी सैकड़ों दुकाने देखने को मिलती हैं।

राजस्व एवं भूमि सुधार शिविर में 4 आवेदन प्राप्त हुआ



नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में लगने वाले गुरुवार को राजस्व एवं भूमि सुधार शिविर का आयोजन राजस्व पदाधिकारी दिव्य प्रकाश अस्थाना के नेतृत्व में किया गया जिसमें राजस्व एवं भूमि सुधार के चाहत दाखिल खारिज एवं आधार सीडिंग सहित चार आवेदन प्राप्त हुआ। अंचल के लिपिक मो मुन्ना अंसारी ने बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार के तहत आयोजित इस शिविर में दाखिल खारिज एवं आधार सीडिंग के लिए सूर्यपुरा के अलग-अलग 4 लोगों के द्वारा 4 आवेदन प्राप्त हुआ है मौके पर राजस्व कर्मचारी सुमन कुमार अमर कुमार कार्यपालक सहायक मुकेश कुमार सिंह ग्रामीण डॉ एस आलम संजय पांडे सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

एएस कालेज प्रशासक ने नैक कार्य की प्रगति को लेकर की समीक्षा बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। नैक कार्यों की प्रगति की जानकारी हेतु एएस कालेज प्रशासक अविनाश कुमार सिंह ने समीक्षा बैठक की। बैठक में नैक के समन्वयक डॉक्टर अखलाक अहमद ने विस्तार से अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी दी। एक एक करके उन्होंने डाटा, शिक्षक प्रोफाइल, छात्रों की उपस्थिति, महाविद्यालय में उपलब्ध आधारभूत संरचना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ये भी कहा कि अभी कुछ काम करने हैं। इसी एक दर्जन से भी अधिक की संख्या में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिनसे उनका प्रोफाइल माँगा गया है और वे एक एक करके अपना प्रोफाइल विहित प्रपत्र में भरकर दे रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि नैक से मान्यता प्राप्त करना, सभी महाविद्यालय के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अभाव में कॉलेज को यूजीसी और राज्य सरकार से आर्थिक मदद मिलना बंद हो जाएगा। प्रशासक अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि वे अभी कुछ समय पहले इस महाविद्यालय में प्रशासक के रूप में पदभार ग्रहण किये हैं। समीक्षा बैठक के बाद पुनः एक बार अगले सप्ताह में बैठक की जाएगी और शेष कार्यों की प्रगति की जानकारी ली जाएगी। उन्होंने नैक के समन्वयक के साथ ही सभी शिक्षकों से अपील की कि इस कार्य में सक्रिय रूप से सहयोग मिलेगा तभी इस कार्य में सफलता मिलेगी।

घर मे विषैले सर्प नही, पेशेवर के आश्वासन पर घरवालो का भय दूर हुआ

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। घर मे विषैले सर्प नही,पेशेवर के आश्वासन पर घरवालो का भय दूर हुआ। प्रखंड क्षेत्र के अगरेड खुर्द गांव में बीते दिन भारी मात्रा में जहरीले सर्प निकलने के बाद घरवाले भय के कारण घर मे नही रह रहे थे। वही रात में उस घर को छोड़ दूसरे घर में रह रहे थे। वही एक दिन पहले भी एक छोटा सर्प निकला था,जिसे मार दिया गया। मुख्य सर्प उक्त घर से नही निकला था। इसलिए परिजन डारे हुए थे। कृपा नारायण पांडेय के पुत्र मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पेशेवर सर्प निकालने वाले स्पार्ट काराकाट के से आया और निकालने का प्रक्रिया किया पर सर्प नही निकला और उसने कहा कि अब घर मे कोई सर्प नही है।

संपादकीय

बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंतनीय

दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस हाईवे में रांग साईड से आ रही एक स्कूली बस ने एक कार के परखर्चे उड़ा दिए नतीजतन कार में सवार 5 लोगों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बस में सवार एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो हुआ जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने स्कूल बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या इस भीषण सड़क हादसे के लिए सिर्फ वह स्कूली बस चालक ही जिम्मेदार है? यातायात विभाग के अधिकारी और कर्मचारी आखिर क्या कर रहे थे? यदि कोई भी वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करता है। तो उसे मौके पर ही रोकने और उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की जिम्मेदारी यातायात विभाग के अमले पर है। देखा जा रहा है कि यातायात विभाग का भारी भरकम अमला अपनी यह जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा है। अब तो देश के सभी प्रमुख शहरों और कसबो तक में सभी चौक चौराहों पर एक्ट्रानिक सिंग्नल लग गए है। जिसकी वजह से यातायात विभाग के कर्मचारियों पर यातायात नियंत्रित करने के काम का दबाव काफी हद तक हट गया है। जिन चौक-चौराहों पर पहले तीन से चार यातायात कर्मियों की ड्यूटी लगती थी अब इलेक्ट्रानिक सिंग्नल लगने के बाद एक कर्मचारी ही काफी होता है। कार्यबोझ कम हो जाने के बावजूद यातायात पुलिस कर्मी यदि यातायात को सुचारू बनाने में और यातायात के नियमों का उल्लंघन में रोकने में असफल सिद्ध हो रहे है तो इससे यह स्पष्ट है कि वे अपने दायित्व के निर्वहन के प्रति घोर लापरवाही बरत रहे हैं। यातायात विभाग के अफसरों और पुलिस कर्मियों को वाहन चालकों से अवैध वसूली करते हुए सरे आम देखा जा सकता है। उनका पूरा ध्यान ऐसे वाहनों पर होता है जिनसे वे चार पैसे वसूल सके। यातायात विभाग पुलिस के इसी लालच ने सड़क दुर्घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि की है। आज स्थिति यह है कि देश में हर एक घंटे के भीतर 18 लोग और प्रतिदिन चार सौ लोग सड़क दुर्घटना में मारे जाते है। लगभग एक हजार लोग प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में अपने हाथ पांव तुड़वाते है और गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इनमें से तो कई जीवन भर के लिए अपंग हो जाते हैं। भारत में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं निश्चित रूप से गहन चिंता का विषय है। इन सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए यातायात नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन सुनिश्चित करना होगा। इसके साथ ही वाहन चालन के दौरान घोर लापरवाही बरते वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी और कड़ी सजा का प्रावधान करना होगा। शराब या अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन कर वाहन चलाने वालों के लाइसेंस तो हमेशा के लिए जप्त करने होंगे। इसके साथ ही सड़कों के किनारे बढ़ रहे अवैध कब्जों को भी हटाने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। जब तक इस तरह की कारगर पहल नहीं की जाएगी। इस तरह के दर्दनाक सड़क हादसों की पूर्नावृत्ति नहीं रोका जा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस बारे में केन्द्र व राज्य सरकारें यथाशीघ्र उचित पहल करेंगी।

“राज” “नीति” का “दलबदल” “दलबल” “डंडा” दल”

आखिर राजनीति का यह “कीचड़” किस निम्नतर सीमा पर जाकर रूकेगा?



राजीव खंडेलवाल

समस्त राजनीतिक पार्टियों के करोड़ों सदस्यों के बीच मात्र उंगलियों में गिनने वाले लोग ही आपको मिल पाएंगे, जो “उक्त गुणों” के बिना राजनीति में अपने सब कर्मों कर्तव्यों के पालन करने के कारण सफल हो पाए है। या हो पाएंगे? लेकिन यहां भी दुर्भाग्यवश देश की राजनीति का हाल यही रहा है कि ऐसे उंगलियों पर गिरने वाले व्यक्तियों के नाम को जनता को तो छोड़िए राजनीति में सक्रिय लोगों को भी मालूम नहीं हो होंगे। हां शायद उनका नाम ढूंढने के लिए आपको गूगल सर्च करना पड़ सकता है। कहां जाता है, राजनीति में साम-दाम-दंड-भेद सब जायज होता है। तब फिर आप उपरोक्त पांच एम को इसका आवश्यक अनिवार्य भाग ही मान कर अपना लीजिये।

अभी तक राजनीति में किसी राजनेता को सफलता प्राप्त करने के लिए मैं अंग्रेजी के ‘एम’ अक्षर से शुरू होने वाले चार शब्दों अर्थात चार एम जरूरी मानता रहा हूं। ये चार एम है:- ‘‘मनी’’ पावर, ‘‘मसल’’ पावर, ‘‘माब’’ पावर एवं ‘‘मीडिया’’ पावर ‘‘विद परिक्रमा, विदाउट पराक्रम’’। मेरे राजनीतिक जीवन के अनुभव के आधार पर मेरी उक्त धारणा/व्याख्या बनी है, जो वर्तमान की वास्तविक धरातल पर समस्त/विभिन्न पृष्ठभूमि के नेताओं पर आज भी उतनी ही लागू होती है। परंतु महाराष्ट्र में अभी जिस तेजी से राजनीतिक घटनाक्रम बदले हैं और चल रहे है, उक्त घटना ने व इसके पूर्व शिवसेना में हुई टूट की घटना से मुझे उक्त चार एम के साथ एक ओर ‘एम’ किसी भी राजनीतिक पार्टी को वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों के मुद्दे नजर लोकतंत्र की राजनीति में सत्ता की सफलता प्राप्त करने के लिए जोड़ना आवश्यक हो गया है, और वह एम है ‘‘मशीनरी’’ पावर! (सीबीआई, ईडी इत्यादि केंद्रीय एजेंसीज)

उक्त गुण जो अवगुण नहीं राजनीति में आने की इच्छा रखने वाले जिस व्यक्ति में होंगे, वही व्यक्ति के राजनीति में सफल होने की संभावना की सूची में आ पाएगे। अन्यथा उसे राजनीति में आने की अपनी इच्छाएं को उत्पन्न होते ही मार देनी चाहिए, बल्कि उत्पन्न होने ही नहीं देना चाहिए। हां राजनीति में अपवाद हर जगह होते हैं। समस्त राजनीतिक पार्टियों के करोड़ों सदस्यों के बीच मात्र उंगलियों में गिनने वाले लोग ही आपको मिल पाएंगे, जो ‘‘उक्त गुणों’’ के बिना राजनीति में अपने सब कर्मों कर्तव्यों के पालन करने के कारण सफल हो पाए है। या हो पाएंगे? लेकिन यहां भी दुर्भाग्यवश देश की राजनीति का हाल यही रहा है कि ऐसे उंगलियों पर गिरने वाले व्यक्तियों के नाम को जनता को तो छोड़िए राजनीति में सक्रिय लोगों को भी मालूम नहीं हो होंगे। हां शायद उनका नाम ढूंढने के लिए आपको गूगल सर्च करना पड़ सकता है।

कहां जाता है, राजनीति में साम-दाम-दंड-भेद सब जायज होता है। तब फिर आप उपरोक्त पांच एम को इसका आवश्यक अनिवार्य भाग ही मान कर अपना लीजिये। आपकी राजनीतिक जीवन की (बिना विचारधारा) के यही सफलता की कुंजी है। कुंजी इसलिए कि जिस प्रकार स्कूलों में बच्चे पढकर ज्यादा कुंजियों पर सफलता प्राप्ति करने के लिए ज्यादा विश्वास करते है। उसी प्रकार राजनीति में भी लिखित पाठ्य (संविधान) से ज्यादा अलिखित परिपाटी सफलता के रास्ते की कुंजी है।

> याद कीजिए भजनलाल जब पूरी सरकार को ही लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया के तप से गुजरे बिना ही सत्ता के पारस पत्थर से तप की चमक उत्पन्न कर ‘‘आयाराम–गयाराम’’ की तत्समय चल रही प्रक्रिया कर नव गठित मुहावरे को बड़ी मजबूती प्रदान की। इसके बाद तो शर्म–हाय की झिझक खत्म ही हो गई। मूछों पर ताव देकर, जिनकी मूछे नहीं है वे भाव भंगिमाओं को आकृति देकर ताल ठोकर जम्मू–कश्मीर में पीडीपी के साथ सरकार बनाने से लेकर गोवा, कर्नाटक, मध्य–प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि प्रदेशों में और हाल में ही मणिपुर में मात्र सीट प्राप्त होने के बावजूद जेल भिजवाने की चेतावनी देने वालों के साथ सरकार बनाने का अंतहीन सिलसिला चल पड़ा है। 1967 में संविद सरकार के दौर की तुलना में वर्तमान कांग्रेस मूकदर्शक या भुगतमान की स्थिति में ही है। अन्यथा अवसर मिलने पर वह दो कदम आगे जाने में नहीं चूकेगी।

याद कीजिए भजनलाल जब पूरी सरकार को ही लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया के तप से गुजरे बिना ही सत्ता के पारस पत्थर से तप की चमक उत्पन्न कर ‘‘आयाराम-गयाराम’’ की तत्समय चल रही प्रक्रिया कर नव गठित मुहावरे को बड़ी मजबूती प्रदान की। इसके बाद तो शर्म-हाय की झिझक खत्म ही हो गई। मूछों पर ताव देकर, जिनकी मूछे नहीं है वे भाव भंगिमाओं को आकृति देकर ताल ठोकर जम्मू-कश्मीर में पीडीपी के साथ सरकार बनाने से लेकर गोवा, कर्नाटक, मध्य-प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि प्रदेशों में और हाल में ही मणिपुर में मात्र सीट प्राप्त होने के बावजूद जेल भिजवाने की चेतावनी देने वालों के साथ सरकार बनाने का अंतहीन सिलसिला चल पड़ा है। 1967 में संविद सरकार के दौर की तुलना में वर्तमान कांग्रेस मूकदर्शक या भुगतमान की स्थिति में ही है। अन्यथा अवसर मिलने पर वह दो कदम आगे जाने में नहीं चूकेगी।

राजनीति की इस पनपती चलती नई गाथा को संविधान में शामिल कर उसे संवैधानिक कृत्य क्यों नहीं बनाया दिया जाता है? वैसे राजनैतिक दल या व्यक्ति इस कृत्यों का उचित ठहराते समय संविधान का ही सहारा लेते है। क्योंकि संविधान की उक्त कमी उन्हें यह सिम्बल (आधार) ही प्रदान करती है।

(लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष है)

विचार

पार्सल बोगी में यात्रा

कोरोनाकाल से ट्रेनों का जो ढर्रा बिगड़ा है, वह आज तक पटरी पर नहीं लौट पाई है। लेटलतीफी और संधारण कार्य रेल लाइन दोहरी-तिहरीकरण का कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने के कारण आज भी कोरोनाकाल जैसी स्थिति निर्मित है। ट्रेनों का निर्धारित समय से परिचालन लोगों को याद ही नहीं है। पिछले 6 माह से रेल लाइन दोहरी करण के कारण ट्रेनों को निरस्त किया जा रहा है या जो ट्रेन 3-4 घंटे में टाइम रिकवर कर रही है, उसे गंतव्य मार्ग तक चलाया जा रहा है। रेलवे के डिस्प्ले बोर्ड पर ट्रेनों की वास्तविक स्थिति कभी दिखाई ही नहीं देती है। कौन से प्लेटफार्म पर कौन सी गाड़ी आएगी, यह दर्शाया जाता लेकिन समय का उल्लेख नहीं किया जाता कि फलां गाड़ी अपने निर्धारित समय से 6 घंटे या 8 घंटे लेट चल रही है। ट्रेनों के परिचालन की स्थिति इन दिनों ठीक नहीं है। सालभर से एक्सप्रेस ट्रेनें निर्धारित समय से घंटों विलंब चल रही है। जब स्टेशन पहुंचती है तो इतनी भीड़ रहती है कि स्लीपर तो दूर जनरल कोच तक बैठने की जगह नहीं रहती। इसके चलते कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों की पार्सल बोगी में यात्री सफर करने को मजबूर हैं। इसके अलावा लेटलतीफी के कारण लोकल, पैसेंजर व मेमू ट्रेनों में पैर तक रखने की जगह नहीं है। क्षमता से अधिक भीड़ की वजह से यात्रियों के बीच आए दिन विवाद भी देखा जा सकता है। एक समय था, जब ट्रेन समय पर चलाने के लिए रेलवे की वाहवाही होती थी। अब स्थिति बिल्कुल उल्टा है। अब यात्रियों को यह इंतजार है कि ट्रेनें कब समय पर चलेंगी। खासकर उत्कल एक्सप्रेस, आजाद हिंद एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, मेल, जम्मूतवी एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स, हमसफर एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनें। जिनमें सालभर यात्रियों की भीड़ रहती है। स्लीपर व एसी कोच के साथ- साथ जनरल कोच में तो पैर तक रखने की जगह नहीं रहती। ये ट्रेनें 10 से 15 घंटे देरी से चल रही है। गुरूवार को भी स्थिति कुछ इसी तरह रही। बुधवार को तो रक्सौल- सिकंदराबाद एक्सप्रेस का नजारा चौंकाने वाला था। इस ट्रेन की जनरल बोगी यात्री ठूंस-ठूंसकर बैठे थे। जिन यात्रियों को जगह नहीं मिली, वह स्लीपर में और बड़ी संख्या में यात्री इस ट्रेन की जनरल बोगी में बैठकर यात्रा करते नजर आए। यात्रियों का विकल्प सुनिए कहते है कि स्लीपर बोगी में यात्रा करने पर जुर्माना लगता है। हमारे पास जनरल बोगी का टिकट है। जुर्माना से बचने के लिए हम पार्सल बोगी में सवार हो गए। इस बोगी में रेलवे की जांच टीम नहीं पहुंचती। वहीं दूसरी तरह रायपुर, कोरबा, कटनी व शहडोल जाने वाली ट्रेनों के अधिकांश कोच में भीड़ रहती है। इस रूट की एक्सप्रेस ट्रेनों की लेटलतीफी मुख्य वजह थी। ट्रेन के अंदर यात्रियों की इतनी भीड़ थी कि यात्री फर्श पर बैठकर यात्रा करने के लिए विवश नजर थे। ट्रेन में सवार यात्री पसीने से तरबतर नजर आए। सबसे बदत्तर स्थिति दुर्ग से जम्मूतवी व उधमपुर जाने वाली ट्रेन की रहती है। इस ट्रेन में छत्तीसगढ़ के श्रमिक बड़ी संख्या में दूसरे राज्य काम करने के लिए जाते हैं। मंगलवार व बुधवार को चलने वाली इस ट्रेन के एसी कोच को छोड़कर स्लीपर व जनरल में बैठने की जगह नहीं रहती। इसके बाद उसलापुर रेलवे स्टेशन में टीटीई रसीद काटकर स्लीपर पर बैठने की अनुमति दे देते हैं। इस अव्यवस्था को सुधारने के लिए रेल प्रशासन कभी भी ध्यान नहीं देती।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्यार की पोथी लिखी न जाएगी



प्यार की पोथी लिखी न जाएगी, ये मोहब्बत हमसे हो न पाएगी, ढाई आखर ही तो है कैसे लिखूं, बात अपनी बात को दोहराएगी ! **कुलदीप मिश्रा**

कह रहा है फकीरा हमें दर्द देने वालों

कह रहा है फक़ीरा हमें दर्द देने वालों अब जरा मुस्कुरा के देखो



होगे बहुत चाहे दुनिया में दगाबाजों के घर जाके देखो नकली हैं चेहरे खूब हँसने वालों के जरा चश्मे हटा के देखो सोने के चौखट वाले वो ऊंचे जंगलों के जरा पर्दे हटाके देखो खुश तो है बस केवल इस जहां में फक़ीरी का झोला उठाके देखो।

प्रीति श्रीवास्तव

खास पाती | रोपति धान किसान लली मुख



रोपति धान किसान लली मुख दंत दिखै मुस्कान लिये। बात करैं अपने सखि से तव हाथन पेडन धान लिये। लागि रहे तन कीचड से बरसातन मेघन मान लिये। हाथन मा पहिने कंगना पति के घर की तिय शान लिये।

अजय मिश्रा अभिज्ञ

अपनी अपनी बारिश कहते हैं



अपनी अपनी बारिश कहते हैं बारिश इश्क़ लाती है। रूमानी जिस्म आसमां से बरसते इश्क़ में थिरकते जैसे सदियों की प्यास बुझाने को बेकरार हो उठते हैं।रातों को नर्म बिस्तर पर बिछे यह जिस्म बारिश का उत्सव मनाते हैं लेकिन कुछ जिस्म इस इश्किया बारिश में रोटी को मोहताज हो जाते हैं।ऐसे लोग जो रोज कुआं खोदकर पानी पीते हैं उनके लिए यह बारिश रोटियां क्यों नहीं बरसा देती? **दिव्या राकेश शर्मा**

बरखा रानी के क्या कहने धरती



बरखा रानी के क्या कहने धरती पर उग आए गहने ताल-तलैया भरे-भरे हैं पेड़-पौधे सब...हरे-भरे हैं। सर्दी है ऋतुओं का राजा शादी,ब्याह,बाराती,बाजा रंग-बिरंगे स्वेटर, मोजे जी को भाते गरम समोसे। गरमी में निकले पसीना आफत वाला जेठ महीना पंखा, एसी काम न आए बारम्बार कंठ सूख जाए। जब आए वसंत की बारी सब करें होली की तैयारी प्रकृति खिली-खिली लगे मन में जोश, उल्लास जगे।। अपने देश के मौसम चार हम करते हैं उनसे प्यारयही विविधता ताकत है हर मौसम में भारत है ।।

मनीष सिंह वंदन

दोस्त कितना भी सच्चा हो



दोस्त कितना भी सच्चा हो और पर्सनल डायरी कितनी भी पर्सनल हो, सारे राज इनमें नही समा सकते ये राज दिल के किसी कोने में ही महफ़ूज़ रहते हैं। जिसे दिल या तो धीरे धीरे भुला देता है या भूल जाने का अभिनय करता है लेकिन किसी के सामने उसका जिक्र नहीं करता। **वर्षा गुप्ता**

विश्लेषक ने पूछा, भाग्यशाली



विश्लेषक ने पूछा, भाग्यशाली कौन है? मैंने भी बिना सोचे, भाग्यशाली वो जिनके माँ बाप होते, विश्लेषक ने, और दुर्भाग्यशाली? मैंने भी सोच के बोला दुर्भाग्यशाली वो जिनके माँ बाप होकर भी नहीं! **मधुबाला मौर्या**

खतरे के निशान से ऊपर बह रहा



खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है उम्र का पानी वक़्त की बरसात है कि थमने का नाम नहीं ले रही आज दिल कर रहा था, बच्चों की तरह रूठ ही जाऊँ, पर फिर सोचा, उम्र का तकाज़ा है,मनायेगा कौन रखा करो नजदीकियां, ज़िन्दगी का कुछ भरोसा नहीं फिर मत कहना चले भी गए और बताया भी नहीं चाहे जिधर से गुज़रिये,मीठी सी हलचल मचा दीजिये उम्र का हरेक दौर मज़ेदार है, अपनी उम्र का मज़ा लिजिये। **सूर्यप्रकाश मिश्रा**

धर्म के नाम क्या-क्या होता



धर्म के नाम क्या-क्या होता है । सखि! सरेआम क्या-क्या होता है। आप चैनो-अमन की बात करें, लेकिन इल्ज़ाम क्या-क्या होता है। हर सहर दर्ज है सुनहरी-सी, बाकी हर शाम क्या-क्या होता है। उम्रभर का गुनाह एक ही हो, देख परिणाम क्या-क्या होता है। चिट्ठियाँ खोलिए रियाया की, सा'ब पैगाम क्या-क्या होता है। शेरियत से 'सुता' नहीं वाक़िफ़ और उपनाम क्या क्या होता है। **सृष्टि सिंह**

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। फिलिप I की मृत्यु के बाद उनके बेटे लुइस VIII फ्रांस के राजा 1223 में बने। बेलग्रेड के युद्ध में हंगरी ने 1456 में ऑटोमन को पराजित किया। फ्रांस एवं पुर्तागल ने 1536 में स्पेन के खिलाफ लियोंस के नौसैनिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। मुगल बादशाह शाहजहां ने 1636 में औरंगजेब को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया। फ्रांसिसी क्रांति की शुरुआत 1789 में हुई। अमेरिकी कांग्रेस ने 1798 में ‘राजद्रोह एक्ट’ को मंजूरी दी। इसके बाद सरकार के खिलाफ गलत या भ्रम फैलाने वाली बात लिखना, छापना या बोलना अपराध बन गया। कृत्रिम तौर पर (मशीन द्वारा) जमाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन 1850 में हुआ। न्यूजीलैंड में पहले आम चुनाव 1853 में हुए। कॉट लिंग नामक अमरीकी व्यक्ति ने 1861 में मशीनगन बनाई। अमेरिका के मोन्टाना प्रांत की राजधानी हेलेना में 1864 को सोने की खोज। यूरोपीय गुट ने 1900 को चीन में बॉक्सर विद्रोहियों के कब्जे से तिएन्तसिन को वापस लिया।

QUIZ TIME

1) मौलिक अधिकारों को कौन निलम्बित कर सकता है?

2) छठी सदी ई.पू. में विश्व की प्रथम गणतन्त्रात्मक व्यवस्था कहाँ स्थापित थी?

3) बैंक वाशप्रभाव शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?

4) भारत की पहली स्ट्रीट सर्किट कार रेसिंग कहाँ आयोजित की गई थी?

5) पूर्व शाही परिवार के सदस्य यदुवीर कृष्णराजा चामराजा वाडियार को कौन-सा पुरस्कार दिया गया?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) राष्ट्रपति (2) वैशाली (3) [illegible] (4) हैदराबाद (5) [illegible]

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -124

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 123 का हल

आज का पंचांग (शुक्रवार 14 जुलाई)

सूर्योदयः 05:45, सूर्यास्तः 07:19, चन्द्रोदयः 02:08, चन्द्रास्तः 15:45, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष कृष्ण, तिथि द्वादशी, नक्षत्र रोहिणी, योग शूल (08:53 से गण्ड), प्रथम करण बव (06:08 तक), द्वितीय करण बालव (18:24 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य-मिथुन, चंद्र-वृष, मंगल-सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध-कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु-मेष(उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र-सिंह (उदित, पश्चिम), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व,वक्री), राहु-मेष, केतु-तुला।

॥ रात्रि का चौघड़िया ॥

1-अमृत, 2-चर, 3 - रोग----4 - काल, 5 - लाभ, 6 - उद्वेग, 7 - शुभ, 8 - अमृत।

नोट-दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है। शुभाशुभ मुहूर्त विचार

शुभ यात्रा दिशाः दक्षिण-पूर्व (दही का सेवन करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरणः

आज-जन्मे शिशुओ का नाम रोहिणी नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (ओ, वा, वी, वू) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज आप पूर्व में की गलतियों की समीक्षा करेंगे भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता भी रहेगी।

वृष - आज का दिन बीते समय की तुलना में बेहतर बीतेगा। दिन के आरंभ में अधिकांश कार्य हानि होने के डर से करने से कतराएंगे।

मिथुन- आज के दिन से आप काफी उम्मीद लगाए रहेंगे लेकिन दिन निराश करने वाल रहेगा।

कर्क -आज के दिन भागदौड़ भरी जिंदगी में शांति की तलाश में रहेंगे मन में आज कुछ ना कुछ उठापटक लगी रहेगी।

सिंह -आज का दिन सभी कार्य मे सफलता दिलाएगा। पूर्व में किये गए परिश्रम का फल आज अवश्य ही धन लाभ के रूप में मिलेगा।

कन्या-आज दिन के पूर्वार्ध की संतोषी प्रवृति मध्यान तक बेचैनी में बदल जाएगी। धन को लेकर आज कोई जोखिम नही लेंगे।

तुला-आज दिन के पहले भाग को छोड़ शेष समय मानसिक समस्या का सामना करना पड़ेगा।

वृश्चिक - आज के दिन पूर्वार्ध में पहले मिली सफलता के कारण निश्चिन्त रहेंगे कार्यो में लापरवाही करेंगे।

धनु-आज दिन के आरंभिक भाग को छोड़ शेष सामान्य रहेगा। प्रातः काल सेहत में नरमी रहेगी लेकिन पहले की अपेक्षा सुधार भी आएगा।

मकर-आज के दिन बुद्धि विवेक में विकास होगा लेकिन इससे मनिच्छित सफलता नही मिल सकेगी दिन के पहले भाग में घर मे पुरानी बात के कारण मतभेद रहेंगे।

कुंभ-आज दिन के आरंभ में किसी गुप्त कारण से चिंतित रहेंगे, परिजन की गलती के कारण घर मे कलह होने की आशंका से मन व्याकुल रहेगा।

मीन-आज दिन का आरंभ शांति से व्यतीत होगा लेकिन इसके बाद व्यर्थ के प्रपंचो में पड़कर मानसिक शांति खो देंगे।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में मनरेगा योजनाओं का समीक्षा संपन्न

डोमचांच में 12 नये खेल मैदान चयन कर क्रियान्वित कराने का निदेश

नव प्रदेश संवाददाता



कोडरमा। उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में मनरेगा से संबंधित योजनाओं का सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सभी ग्राम रोजगार सेवक के साथ ऑनलाइन समीक्षा किया गया। जिसमें मानव दिवस सृजन में तेजी लाते हुए प्रति ग्राम पाँच योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु निदेशित किया गया। प्रत्येक प्रखण्ड में दो सौ योजनाओं को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत सभी प्रखण्ड कार्यक्रम को शत प्रतिशत योजना को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। प्रखण्ड डोमचांच में 12 नये खेल मैदान चयन कर क्रियान्वित कराने का निदेश दिया गया। सभी ग्राम रोजगार सेवक को आधार सिडिंग कराते हुए मजदूरों को बैंक से जोड़कर ई-केवाईसी कराने का निदेश दिया गया। आंगनबाड़ी योजना, द्वितीय चरण की योजना स्थल का चयन कर कार्य कराने का निदेश दिया गया। प्रथम चरण में पूर्ण की गई आंगनबाड़ी योजनाओं में महिला एवं बाल विकास मद में दो लाख रूपया व्यय की गई है, उसका मूल विपत्र दो दिन के अन्दर जिला को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में चल रहे योजनाओं में मस्टर रोल निकालते हुए भुगतान करने का निदेश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रथम चरण में ली गई बागवानी में तीन दिनों के अन्दर गड्ढा भराई करते हुए घेरान कराने का निदेश सभी ग्राम रोजगार सेवक को दिया गया। ताकि अगले सप्ताह में पौधा रोपाई का कार्य कराया जा सके। बागवानी द्वितीय चरण की योजना में चयनित योजनाओं की स्वीकृति शत प्रतिशत करने का निदेश दिया गया। 50 प्रतिशत चालू करने करने का निदेश दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप योजना के संदर्भ में सभी ग्राम रोजगार सेवक को 24 कूप प्रति पंचायत अगले 10 दिनों के अन्दर चयनित करने का निदेश दिया गया। जिन कूपों का क्रियान्वयन किया जा रहा है, उसे अविलंब पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

एक नजर

एम एम सी एच में पिड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी

मेदिनीनगर पलामू। चेडाबार घटना के पिड़ित परिवार से राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर उनके स्वस्थ होने की कामना की। घटना की जानकारी होने पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,नवीन तिवारी, संतोष तिवारी, आशीष भारद्वाज, आशुतोष पांडेय, आनंद दूबे,ज्ञानेश तिवारी, दिवाकर दूबे, रविन्द्र दूबे सहित कई सदस्य देर रात एमएमसीएच पहुँच कर पिड़ित परिवार से मुलाकात किया।युवा वाहिनी के सदस्यों ने पिड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करने की बात कही।एमएमसीएच से निकल कर युवा वाहिनी के सदस्यों की टीम चैनपुर थाना पहुँच कर थाना प्रभारी रुपेश कुमार दुबे से मुलाकात कर न्यायसम्मत कारवाई करने की मांग की इस दौरान थाना प्रभारी के द्वारा युवा वाहिनी को आश्वस्त किया गया की किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

स्कूल जाने के क्रम में हाईवा ने दो बच्चे को मारा एक मौत दूसरे गंभीर रूप से घायल

नावा बाजार। औरंगाबाद मेदनीनगर मुख्य पथ एनएच 98 किनारे तुकबेरा-बाना बाजार समिप स्कूल जाने के क्रम में एन एच 98 से गुजर रहे छी लोड हाईवा ने दो नाबालिग बच्चों को जोरदार धक्का मारी जिससे घटना स्थल पर ही 8 वर्षीय विजय महतो के पुत्र मंजित कुमार के मौत हो गई । वही दूसरा स्वर्गीय आनंद कुमार महतो के 12 वर्षीय पुत्र प्रयुष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे ग्रामीणों ने आनन-फानन में दोनों बच्चों को बेहतर इलाज हेतु मेदनीनगर सदर हॉसपिटल भेज दिया जहाँ डॉक्टर ने मंजीत कुमार को मृत घोषित कर दिया वही दूसरे प्रयुष कुमार को गंभीर स्थिति बनी हुई है जहाँ इलाज जारी है । तुकबेरा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृंदा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि दोनों बच्चे मेरे विद्यालय के छात्र है। इस बड़ी घटना से पुरे विद्यालय परिवार गहरी शोक में डूबा हुआ है। मृतक मंजीत कुमार के शोक में शोक सभा के आयोजन कर भगवान से मृत आत्मा को शांति प्रदान करने की मांग किया । वही दूसरे बच्चे को इलाज के दौरान जल्द ठीक होने की भगवान से प्रार्थना करते हैं । मृतक मंजीत कुमार 8 वर्ष के था जो दुसरे कलास का छात्र था वही घायल 12 वर्षीय प्रयुष कुमार 6 कलास के छात्र हैं । बड़ी घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ी हुई है और एनएच 98 पर लगातार घटना से काफी चिंतित है । वही छपी लोड हाईवा छतरपुर की ओर से मेदनी नगर जाने के क्रम में यह घटना को अंजाम दिया और थाना के पकड़ से भी बाहर है ।

घायल अमलेश्वर दुबे से मिलने पहुंचे मनोज सिंह व विजय ओझा

मेदिनीनगर पलामू। एमएमसीएच में भर्ती भाजपा के वरिष्ठ नेता अमलेश्वर दुबे एवं उनके परिवारिक सदस्यों से भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह एवं पलामू सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने मिलकर उनका हालचाल जाना। ज्ञातव्य है कि बीते कल चेड़ाबार चैनपुर में दुबे परिवार के निजी जमीन जहाँ पर भुनेश्वर दुबे मेमोरियल स्कूल भी चलता है वहीं पर अचानक चेरो समाज के प्रेमन सिंह जगा सिंह मनोहर सिंह कामाख्या सिंह कोलेश्वर सिंह धर्मेंद्र सिंह गोपाल सिंह सुरेश सिंह एवं अन्य दबंगों ने जबरदस्ती कब्जा करने के उद्देश्य जोतकोड कर रहे थे मना करने पर इन लोगों ने तीर धनुष भाला गडासा से मनोज कुमार दुबे दिनेश कुमार दुबे अमलेश्वर दुबे एवं आयुष कुमार पर जानलेवा हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया है किसी तरह जान बचाकर परिवार के लोग भागे तत्काल उनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घायल परिवारों ने तत्काल इसकी जानकारी चैनपुर थाना को देकर दबंगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई है परंतु अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। भाजपा झारखंड के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि एक शिक्षण संस्थान के आसपास दिनदहाड़े घटी घटना से लोग हतप्रभ है वही पीड़ित दुबे परिवार डरा सहमा हुआ है। यह घटना मार्मिक एवं विदारक है पूरे परिवार को एक साथ जान मारने की साजिश है। सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने कहा कि अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े घटना को अंजाम देना उनके दुस्साहस का परिचायक है। एक संभ्रांत परिवार पर इस तरह हमला होना निंदनीय है ओझा ने पलामू पुलिस से आग्रह किया है प्राथमिकी दर्ज अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। ताकि भविष्य में इस तरह की घटना घटित न हो पाए समाज के हर वर्ग में अमन चैन बना रह सके।

सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत, अन्य तीन घायल

गिरिडीह। जिले के बगोदर में गुरुवार की अहले सुबह एक सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत हो गई। इस घटना में तीन अन्य कांवड़ियों को गंभीर रूप से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि एक वेगनआर गाड़ी से पांच कांवड़िया देवघर से पूजा कर हजारीबाग लौट रहे थे। बगोदर थाना इलाके के जीटी रोड स्थित झंडी पुल के समीप एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पांचों कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पहले पांचों कांवड़ियों को बगोदर के ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने दो कांवड़ियों को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन कांवड़ियों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज चल रहा है। मृत कांवड़ियों की पहचान हजारीबाग निवासी संतोष केशरी और दीपक केसरी के रूप में हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ा रेलवे अंडरपास, महीनों बंद रहता है रास्ता



हुसैनाबाद पलामू। डीडीयू रेल मंडल के बीडी सेक्शन अंतर्गत जपला रेलवे स्टेशन से बख्शी उच्च विद्यालय के समीप अंडरपास में हर साल बरसात का पानी भरने व निकासी नहीं होने से शहर की आधी आबादी का रास्ता तीन से चार माह बंद हो जाता है। इसी मार्ग से हुसैनाबाद बाजार क्षेत्र के अलावे हैदरनगर, मोहम्मदगंज मुख्य पथ से हजारों लोग को गुजरना पड़ता है। जबकि प्रखंड कार्यालय, ए. के सिंह डिग्री कॉलेज, देवरी, कुशुवा समेत। दर्जनों गांव को यह अंडर पास का रास्ता जोडता है। तो वहीं हुसैनाबाद के समाजसेवी पवन कुमार चौधरी ने कहा की जिस समय से इस अंडरपास का निर्माण हुआ है उस समय से इस अंडरपास में पानी भरा रहता है।यह रेलवे अंडरपास भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया। लाखों रुपए की लागत से बनाने वाले इंजीनियर कैसा।जो सबसे पहले पानी निकासी का व्यवस्था ही ना किया हो। और यहां के जनप्रतिनिधि कैसे जो इस अंडरपास में गलत काम होते हुए। भी यहां के जनप्रतिनिधि ने आज तक कोई आवाज उठाने का काम न किया हो।यह भी एक सवाल खड़ा करता है। यहां सिर्फ जनप्रतिनिधि जनता को लूटने का काम करते हैं। ना कि जनता के भलाई के लिए काम करते हैं। आगे उन्होंने कहा कि डीडीयू रेल मंडल के डीआरएम से मांग करते हैं कि जनता के साथ-साथ स्कूली बच्चों की समस्या को देखते हुए। जलजमाव की निकासी की शीघ्र व्यवस्था करें।

उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कोडरमा जिला अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में नामांकन को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की गई। सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंडवार विद्यालय में बच्चों का नामांकन एवं नामांकन हेतु पोस्टर बैनर इत्यादि की जानकारी ली गई एवं निर्देश देते हुए कहा गया कि 24 घंटे के भीतर छूटे हुए विद्यालयों में नामांकन हेतु नामांकन पोस्टर लगवाना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात उपायुक्त महोदय ने मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम स्कूल रुआर 2023 बैक टू स्कूल कैम्पेन के तहत विभिन्न गतिविधियों के संचालन की विस्तृत जानकारी ली एवं कहा कि स्कूल रुआर के तहत सभी बच्चों का नामांकन कराना है। विशेष रुप से ड्रापआउट बच्चों को विद्यालय तक लाने का प्रयास करें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त महोदय ने मौके पर सभी विद्यालयों में तड़ित चालक एवं अग्निशामक की व्यवस्था की जानकारी ली एवं कहा कि एक सप्ताह के भीतर सभी विद्यालयों में अग्निशामक की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2023-। 24 में कक्षा 1-12 के विद्यार्थियों को निःशुल्क पोशाक, मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना इत्यादि हेतु विद्यार्थी का बैंक खाता सहित सूची का संधारण की भी जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जिन बच्चों का बैंक खाता अभी तक नहीं खुला है उनका बैंक खाता जल्द खुलवाएं। इसके अतिरिक्त महोदय ने विद्यालयों में आई.सी.टी के संचालन एवं व्यवसायिक शिक्षा के संचालन एवं बेंच डेस्क की खरीदारी की भी जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी व अन्य मौजूद रहे।

डीवीसी में हटाये विस्थापितों को अभिलंब जमीन आवंटित को लेकर पूर्व विधायक के नेतृत्व में मुख्य अभियंता को सौपा गया माँग पत्र



नवप्रदेश, जयनगर। डीवीसी तिलैया डैम के बगल रोड साइड में विस्थापित दुकानदारों ने झोपड़ी व कच्चा दुकान जीविकोपार्जन हेतु ठेला में फल, सब्जी, समोसा व अन्य खाद्य सामग्री बेच कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। लेकिन गत सोमवार को डीवीसी तिलैया डैम के हाइडल इंचार्ज अजित कुमार शर्मा ने जेसीबी मशीन से सभी 34 दुकान को गलत तरीके से ध्वस्त कर नेस्तनाबूद कर दिया, यहाँ तक कि दुकानदारों को समान भी हटाने का समय नहीं दिया गया। इसको लेकर बुधवार को डीवीसी तिलैया डैम जहां दुकान को छतिग्रस्त किया गया, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विकास पुरुष, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने विस्थापित दुकानदारों के साथ बैठक कर कहा कि जब वर्ष 1956 में 56 गांव विस्थापित होकर जमीन दिए, उस समय डीवीसी ने वादा किया था कि लैंड फॉर लैंड (जमीन के बदले जमीन) देंगे और जमीन का दखल कब्जा दिलाने का वादा कर तिलैया डैम का निर्माण करवाया। जबकि न तो जमीन मिला और न ही जमाबंदी खुला। विस्थापितों को बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क मुफ्त का वादा कर जमीन डीवीसी ली और डैम का निर्माण की है। जो गरीब विस्थापित लोग छोटे-छोटे दुकान कर अपना रोजी रोटी चलाते थे उन्हें उजाड़ दिया गया है, यदि डीवीसी पंद्रह दिनों के अंदर तोड़े हुये दुकान के बदले जमीन आवंटित नहीं करती है तो विस्थापितों के सहयोग से पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में हाइडल इंचार्ज कार्यालय डीवीसी तिलैया डैम के सामने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन कर डैम पानी रोक जायेगा। मौके पर गणमान्य समाजसेवी, विस्थापित प्रभावित परिवार डीवीसी तिलैया डैम के दुकानदारों व भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

10 से 25 अगस्त तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

सबके सहयोग से ही फाइलेरिया मुक्त बनेगा पलामूः उपायुक्त

पलामू। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आईडीए-एमडीए 2023 की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गयी. समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने कहा कि टीम वर्क के मदद से ही जिले को फाइलेरिया मुक्त किया जा सकता है.इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि सभी पदाधिकारी उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर आमजनों के बीच व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलायें. उन्होंने पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए 2 वर्ष से ऊपर के बच्चों को दवा खिलाने की बात कही. इसके पूर्व जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ जितेंद्र ने सभी पदाधिकारियों को उन्मूलन कार्यक्रम के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। बताया कि 10 अगस्त को बूथ स्तर पर कार्यक्रम किया जाएगा उस दिन सभी महत्वपूर्ण जगहों पर बूथ लगाकर लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। इसके बाद 11 से 25 अगस्त तक डोर टू डोर जाकर सहियाओं द्वारा योग्य लोगों को दवा का सेवन कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में 2 साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं तथा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा का सेवन नहीं करना है।

बैठक में इनकी रही मौजूदगी

बैठक में उपरोक्त के अलावे सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, कई जिला परिषद सदस्य, कई विभाग के कार्यपालक अभियंता, डीपीओ विजय प्रकाश पांडे, एसडीसी अभिषेक आनंद आदि उपस्थित थे।

विधायक ने जयनगर और चंदवारा में विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास

लोग आगे आएं और अपने क्षेत्र में हो रहे कार्यों की मानिटरिंग करें : विधायक

नव प्रदेश संवाददाता

चंदवारा/जयनगर। चंदवारा प्रखंड के कांको प्लस टू उच्च विद्यालय में और जयनगर प्रखंड के तामय पंचायत अंतर्गत सोनपुरा विद्यालय में एक करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास कार्यों का विधायक अमित कुमार यादव जी ने शिलान्यास किया। जिसमें से चन्दवारा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय, जयपुर कांको में अनुसूचित जाति छात्रावास का मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया गया। जो प्रा.राशि-24,75,800/-लागत से निर्मित होना है। तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय +2 जयपुर कांको का चाहरदीवारी एवं मेनगेट का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जो प्रा.राशि 24,97,756/-लागत से किया जाएगा। साथ ही उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जयपुर कांको में तीन अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जो प्रा.राशि-24,96,999/- लागत से किया जाएगा। इसी प्रकार विधायक ने प्रखंड जयनगर अन्तर्गत उच्च विद्यालय सोनपुरा में चहारदीवारी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जो प्रा.राशि-24,98,500/- लागत से निर्माण किया जाएगा। मौके पर विधायक ने कहा कि पूरे क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्य करवाए जा रहे है। लोग आगे आएं और अपने क्षेत्र में हो रहे कार्यों की मानिटरिंग करें। तब जाकर कार्य तय मानकों के अनुसार होंगे। साथ ही विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि कांको प्लस टू उच्च विद्यालय झारखंड के 402 उत्कृष्ट विद्यालय में से एक है और यहां पर स्मार्ट क्लासेस भी होते है और यहां पर बच्चों को स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से ही शिक्षा दी जाती है। यह विद्यालय निरंतर आगे बढ़ रहा है उसी का फलस्वरूप है की लगभग दो हजार बच्चे इसमें अध्ययनरत है। आज इन्हीं विद्यालय के बदौलत कोडरमा जिला स्तर पर झारखंड में मैट्रिक और प्लस टू में सबसे अव्वल रहा है। उसी प्रकार सोनपुरा में सोनपुरा के बच्चे जो कोडरमा को पूरे राज्य में एक नंबर पर रिजल्ट रखने का काम किए है। यहां के तीन बच्चे कोडरमा जिले के मैट्रिक परीक्षा में टॉप तीन में अपना स्थान बनाए जिसके बदौलत कोडरमा जिला पूरे एक नंबर पर रहा है। इस मौके पर कंको के स्थानीय मुखिया श्यामदेव यादव जी, तामय पंचायत के स्थानीय मुखिया सीमा यादव जी, पूर्व मुखिया सुनीता गिरी जी, उप मुखिया समसुल अंसारी जी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा जी, विनोद यादव जी, विक्की यादव जी, धानेश्वर ठाकुर जी, सिदेश्वर गिरी जी, श्यामदेव गिरी जी, कामेश्वर गिरी जी, पवन यादव जी समेत अन्य गणमान्य एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

जेएमएम के जिलाध्यक्ष बने बीरेंद्र पाण्डेय वहीं जिला संगठन सचिव बने मो. कुदुश

नवप्रदेश, चंदवारा। चंदवारा निवासी जेएमएम के पूर्व जिला सचिव बीरेंद्र पाण्डेय को कोडरमा झारखंड मुक्ति मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ज्ञात हो की जेएमएम के पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामकिशोर सिंह के निधन होने पर कोडरमा जिला अध्यक्ष का पद रिक्त था। जिससे जेएमएम आलाकमान ने पार्टी के प्रति समर्पित और संगठन को मजबूत करने वाले पूर्व जिला सचिव बीरेंद्र पाण्डेय को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही जेएमएम के पूर्व सह सचिव मो. कुदुस को संगठन सचिव बनाया गया। दोनो नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी के इस फैसले को स्वागत करते हुए कहा है की कोडरमा जिला के जेएमएम कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। आलाकमान के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ संगठन काफी मजबूत होगा। और आगामी लोकसभा व विधानसभा में कोडरमा में जेएमएम पार्टी पूरी तरह मजबूती के साथ खड़ा होगा और चुनाव भी लड़ेगा। जिला अध्यक्ष एवं संगठन सचिव बनने पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह चंदवारा पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, मुखिया संतोष कुशवाहा, उप प्रमुख प्रतिनिधि विजय यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार बरनवाल,कामेश्वर भारती, श्यामदेव यादव, सचिन भारती, सुधाकर यादव, सहित कई अन्य लोगो ने बधाई दी।

झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन एवं डीवीसी कामगार यूनियन के नेतृत्व में निकाला गया मशाल जुलूस

नव प्रदेश संवाददाता



जयनगर। डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह में झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन एवं डीवीसी कामगार यूनियन के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया मशाल जुलूस का नेतृत्व एटक जिला संयोजक विजय पासवान एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष छोटू यादव डीवीसी कामगार यूनियन के अमर परमार, रंजीत भारती ने किया वक्ताओं ने कहा कि डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह मेन गेट पर जो बायोमेट्रिक मशीन लगाया जा रहा है यह सक्सेसफुल नहीं है इसी प्रकार डीवीसी बोकारो, डीवीसी चंद्रपुरा में इसका विरोध किया जा रहा है केटीपीएस के मजदूर भी इसका अपना विरोध दर्ज करते है दिलीप पासवान, रामसुंदर दास, रामचंद्र पासवान, राजकुमार साव, उमाशंकर पासवान, भोला पासवान, उमेश यादव, देवेंद्र यादव, उदय भारती, सुनील रजक, धानेश्वर दास, सुनील सिंह, गुड्डा भुईयां राजकिशोर यादव, सुरेश साव, सुनील भुईयां, अर्जुन यादव, कमलेश पण्डित, विजय राणा, हुलास दास, राजगीर पासवान, शांति देवी, गीता देवी, पार्वती देवी, रूपीया देवी, सुनीता देवी,कौशीला देवी, झमीया देवी, गौरा देवी।

डी.एम.एफ.टी के तहत क्रियान्वित योजनाओं का समीक्षा संपन्न



कोडरमा। उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा विकास शाखा, सी0एस0आर0, विधायक मद, सांसद मद, डी0 एम0 एफ0 टी0 के तहत क्रियान्वित योजनाओं का प्रगति हेतु समीक्षा किया गया। सभी कार्यकारी एजेंसी को सममय एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधी में कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। विधायक मद के तहत 2020-21 के तहत सभी योजनाओं को माह जुलाई, 2023 तक पूर्ण कराते हुए उ0 इ0 उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। सभी कार्यकारी एजेंसी द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का शिलान्यास हेतु प्रत्येक सप्ताह के शनिवार के दिन निर्धारित करते हुए निदेश दिया गया कि दो दिन पूर्व शिलान्यास उदघाटन की जाने वाली योजनाओं कि स्थिति माननीय जन प्रतिनिधि को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

एक बेहतर उम्मीदवार साबित होंगे राकेश पासवान

मेदिनीनगर पलामू। समाप्ति के पश्चात ही केंद्र की सत्ता के लिए चुनावी बिगुल बज जाएगा। भाग लेने वाले सभी लोग तैयारियों में संलग्न है। कुछ लोग दिल्ली, रांची तो कुछ लोग जनता के बीच रह कर उनके सुख दुख में भागीदारी बनकर उन्हें बोल बंद करने का प्रयास कर रहे हैं। देश के सभी हिस्सों में पिछले दो पारियों से चुनाव में बहुत हद तक शीर्ष नेतृत्व के दमखम के भरोसे सभी क्षेत्र के उम्मीदवार जीतते आए है। यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगा कि बिना कोई पहचान और नाम के केवल बीजेपी से टिकट मिलने पर ढेर सारे उम्मीदवार जीते हैं। प्रायः हम सभी देखते आए है कि उम्मीदवार को जनता के बीच का होना चाहिए मगर इसके ठीक विपरीत वर्तमान केंद्र की सत्ताधीशों ने मायने और समीकरण को ही बदल डाला। केंद्र की सत्ता के चुनावी बिगुल में झारखंड राज्य में स्थित लोकसभा क्षेत्र निश्चित तौर पर ध्यान आकर्षण का केंद्र बिंदु होगा। एक तरफ बिना कुछ किए बीजेपी के टिकट पर जीतने का सपना देखने वाले लोग है तो वही दूसरी तरफ जनता के सुख दुख में संलग्न उम्मीदवार है तो कुछ लोग सीधे सांसद बनने का ख्वाब पाले हुए हैं। इन सबों के बीच राकेश पासवान ऐसा नाम है जो किसी पहचान का मोहताज नहीं। लंबे समय तक झारखंड मुक्ति मोर्चा के राजनीति में सक्रिय थे मगर अभी वर्तमान में इनकी अपनी पार्टी है। जनता के साथ कार्यकताओं की मदद के लिए सदैव तत्पर, कोरोना काल में पूरी आत्मीयता के साथ इन्होंने जनमानस की सेवा की। कोई मुसीबत में याद करें तो उसके काम हो जाते तक सदैव सम्पर्क में रहना एक विशिष्ट उपलब्धि रही है। कोई भी नेता हमारे बीच से ही आता है, पर उसके अंदर कुछ भिन्न गुण होते है, जो उन्हें हमसे अलग बनाती हैं।

लातेहार में दो लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपित गिरफ्तार

लातेहार। जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दलित लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपितों को पुलिस ने गढ़वा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में चिंटू मिश्रा और मनोहर अंसारी शामिल हैं। दोनों गढ़वा के रहने वाले हैं। एसपी अंजनी अंजन ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गत 29 जून को बरवाडीह थाना क्षेत्र की दो लड़कियों के अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी ने गत 7 जुलाई को दोनों लड़कियों को गढ़वा से मुक्त करा लिया। लड़कियों ने पुलिस को बताया था कि वे लोग किसी काम से गढ़वा गए थे। इसी दौरान कुछ युवकों ने उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने का झांसा देकर एक घर में ले गए और उन्हें कैद कर लिया। वहां एक सप्ताह तक दोनों लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। इस मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गत 7 जुलाई को ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि घटना के मुख्य अभियुक्त चिंटू मिश्रा और मनोवर अंसारी को 13 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि इस घटना में कुछ अन्य लोग भी शामिल थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

एक नजर

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं मच्छरदानी वितरण की मांग

चौपारण (हजारीबाग)। आदर्श फाउंडेशन द्वारा जिला अंतर्गत सभी बिरहोर कॉलोनियों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं मच्छरदानी वितरण की मांग को लेकर उपायुक्त को पत्र लिखा गया,पत्र के माध्यम से राज्य से विलुप्त हो रही आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के स्वास्थ्य सुविधा की ओर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए जिला अंतर्गत सभी बिरहोर कॉलोनियों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने हेतू निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं डेंगू और मलेरिया से बचाव हेतू मच्छरदानी वितरण की मांग की गई है। आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया की सुदूरवर्ती जंगल एवं पहाड़ों के बीच निवास करने वाले बिरहोर परिवार आज भी जंगल की जड़ी बूटीयों पर ज्यादा भरोसा करते हैं, प्रायः यह देखने को मिलता है अधिकतर बिरहोर परिवार देशी दवा के चक्कर में कई तरह की जानलेवा बिमारियों की चपेट में आ जाते हैं जो आगे चलकर गंभीर बीमारी का रूप धारण कर लेती है,जो जानलेवा साबित होती है,. बरसात के दिनों में कई तरह की बिमारियां पांव पसारती हैं, बरसात के दिनों में मच्छरों का आतंक भी देखने को मिलता है डेंगू और मलेरिया की वजह से अन्य कई प्रकार की बिमारियां पाँव पसारती हैं, प्रायः बिरहोर परिवार सुदूरवर्ती क्षेत्र में बसे हुए हैं, जागरूकता की कमी एवं बिरहोर बस्तियों से सरकारी अस्पतालों की ज्यादा दुरी होने की वजह से बिरहोर अपना बेहतर ईलाज समय से नहीं करवा पाते हैं। जिला प्रशासन से आग्रह है।

रोजगार सेवक द्वारा गाय सेड व अन्य के नाम पर लाखों की ठगी

चतरा। सिमरिया प्रखंड के पुंडरा पंचायत के पूर्व रोजगार सेवक गंगवा उरांव द्वारा योजना दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत ग्रामीणों ने ठगी करने वाले रोजगार सेवक गंगा उरांव के विरुद्ध उपायुक्त से लिखित शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवक ने कुआं, डोभा, बकरी सेड, गाय सेड आदि के नाम पर लगभग डेढ़ दर्जन ग्रामीणों से लाखों रुपए का ठगी की है और योजना नहीं दिया गया। यह ठगी वर्ष 2021-22 की योजना के लिए किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवक का ट्रांसफर फिलहाल हंटरगंज किया गया है। फोन करने पर अब फोन नहीं उठाता है। गलती से उठा लेने पर कहता है कि लिया गया रुपया बीडीओ और डीसी को हम दिए हैं। उन्हीं से बात करो। जबकि कई ग्रामीण फोनपे के माध्यम से दिया है जिसका डिटेल भी उपायुक्त को ग्रामीणों ने दे चुके हैं। इस बाबत ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच पड़ताल कर रोजगार सेवक गंगवा उरांव के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। रोजगार सेवक द्वारा ठगी किए जाने वालों में जितेंद्र यादव से 49,000, मुकेश यादव से 15,000, महेश कुमार से 10,000, अमेरिका यादव से 12,000 शंकर यादव से 12,000, कुलु यादव से 12,000, अशोक साव से 5,000, रिचा देवी से 5,000, अनीता देवी से 4,000, सरिता देवी से 4,000, विजय भुइयां से 5,000, राजू यादव से 5,000, चैता भुइयां से 7,000, दिनेश प्रसाद से 4,000 हजार के अलावे अन्य कई लाभुकों से रुपए लिया है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत सिमरिया थाना से भी जांच पड़ताल कर कानूनी कार्रवाई की लिखित आवेदन की है।

जंगली हाथी से आए आफत वृद्ध मसोमात को सांसद प्रतिनिधि ने किया मदद

चतरा। टंडवा प्रखंड अन्तर्गत डहु पंचायत के डहु गांव निवासी मसोमात लालिया देवी और सिदपा गांव निवासी मसोमात मंगली देवी का घर बीते रात जंगली हाथी के द्वारा घर को क्षति ग्रस्त कर दिया गया जिससे उसके घर तंगहाली भरा आफत आ गया। संज्ञान में आते ही टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने उस वृद्ध मसोमात लालिया देवी के घर पहुंचकर 50 किलो चावल, दाल, आलू, नमक खाद्य सामग्री देकर मदद किया। मसोमात मंगली देवी के घर भी मिलकर खाद्य सामग्री दिया गया। सांसद प्रतिनिधि द्वारा वन क्षेत्र पदाधिकारी से बात कर विशेष क्षति पूर्ति दिलाने एवम क्षेत्र में हाथियों के आतंक से लोगों को संरक्षित करने के लिए कहा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी से भी बात कर आवास उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। वृद्ध महिला घर में अकेले रहती है इसके दो बेटे हैं जो अलग रहते हुए मजदूरी का अपना जीवन चलाते हैं। वृद्ध महिला सांसद प्रतिनिधि के द्वारा किए गए मदद के लिए आभार प्रकट की साथ ही ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि के त्वरित संज्ञान की पहल की सराहना की। इस मौके पर विशेष रूप में भाजपा टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, शिव प्रसाद गुप्ता, गणेश महतो, महेन्द्र महतो, हरि महतो, ऋतु महतो व अन्य उपस्थित थे।

गंभीर बीमारी के ईलाज लिए सांसद ने दिलाया तीन लाख की सहायता राशि

चतरा। सांसद डॉ सुनील कुमार सिंह के प्रयास से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मयूरहंड निवासी मृत्युंजय सिंह को बेहतर ईलाज के लिए तीन लाख की राशि आवंटित की। जिससे सिंह का ईलाज बेहतर अस्पताल में किया जा रहा है। समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराने को लेकर परिवार वालो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व लोकप्रिय सांसद सुनील सिंह के प्रति आभार प्रकट किया है। आभार प्रकट करने वालों में सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह, समाजसेवी संजय सिंह, गुडन सिंह, शशि भूषण सिंह, टिंकू सिंह, मनीष सिंह, एकराम सिंह, मुन्ना सिंह, सुनील सिंह सहित अन्य का नाम शामिल है।।

बीएड वोकेशनल कोर्सेज की पढाई को ले बाघमारा विधायक मिले शिक्षा सचिव से

धनबाद। बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो झारखण्ड मंत्रालय पहुंचकर कतरास कॉलेज में बी एड और वोकेशनल कोर्सेज की पढाई एवं कॉलेज में इग्नू का अध्ययन केंद्र खोलने की मांग को लेकर शिक्षा सचिव से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने शिक्षा सचिव को बताया कि यह कॉलेज कोयलांचल के शिक्षा का मेरुदंड है। यहाँ प्रत्येक वर्ष केवल इंटर में लगभग दो हजार छात्र छात्राएं नामांकन लेते हैं और ज्यादातर बच्चे ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं ये छात्र बड़े शहरो में नहीं जाने के कारण रोजगारपरक शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इसलिए हमारे क्षेत्र के छात्रों की मूल भावना का ख्याल रखते हुए इसकी मंजूरी दी जाय।

पूर्व विधायक संजीव की स्थिति गंभीर, पत्नी रागिनी ने की बेहतर इलाज की मांग

धनबाद। पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी भाजपा नेत्री ने कहा कि उनके पति की स्थिति गंभीर हैङ्ग परंतु अस्पताल अधीक्षक ना जाने किस दबाव में उन्हें बेहतर इलाज मुहैया नहीं करा रहे हैं। यह कहना है झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह का। गुरुवार को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाजरत संजीव सिंह की तबीयत और अधिक बिगड़ गई। जिसके बाद उनके समर्थक व पत्नी भाजपा नेत्री रागिनी सिंह अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने चिकित्सकों से बातचीत कर संजीव सिंह के तबीयत के बावत जानकारी ली। चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें छाती, कमर में दर्द और अत्यधिक कमजोरी है। जिसके वजह से उन्हें लगातार वोमेटिंग हो रही है। इसके अलावा वह सही से खड़े हो पाने में असमर्थ हैं। ऐसे में उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर ले जाना चाहिए। मालूम हो कि 2 दिन पूर्व धनबाद जेल में झरिया से भाजपा के पूर्व विधायक संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ने और बाथरूम में गिर जाने की वजह से गंभीर चोटे आई थी। जिसके बाद उन्हें धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सीसीयू में भर्ती कराया गया है। परंतु 48 घंटे गुजर जाने के बाद भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। ऐसे में उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने मीडिया को बताया कि उन्हें बेहतर इलाज की जरूरत है। वहीं भाजपा नेता की पत्नी और नेत्री रागिनी सिंह ने मीडिया को बताया कि एसएनएमएमसीएच प्रबंधन राजनीतिक दवाब की वजह से उनके पति को बेहतर इलाज मुहैया नहीं करा रही है।उन्हें किसी हायर सेंटर में ले जाकर इलाज कराने की जरूरत है। जिसके लिए वह बार-बार न्यायालय और राज्य सरकार से गुहार लगा रही है। लेकिन ना जाने उनकी मांग पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है। धनबाद जेल से अस्पताल लाये गए पूर्व विधायक संजीव सिंह की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है।

पलमा-गुमला मार्ग पर एनएचएआई ने शुरू किया वृहद वृक्षारोपण अभियान

वृक्षारोपण अभियान में बढ़ायें बच्चों की सहभागिता, पेड़ों का चयन भी वैज्ञानिक आधार पर हो : उपायुक्त

प्राधिकरण के अधिकारियों तथा क्रियान्वयन एजेंसी की उपायुक्त ने की प्रशंसा

सतत विकास के लिए पेड़ों की कटाई की भरपाई जरूरी है, एनएच ने की है अच्छी शुरूआतः डीएफओ

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। पलमा गुमला मार्ग पर वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय रांची के द्वारा की गई। अभियान की शुरूआत भरनो के दुंबा मंदिर के पास हाईवे पर उपायुक्त सुशांत गौरव तथा डीएफओ अनवर बेलाल अहमद के हाथों वृक्षारोपण कर की गई। इस दौरान जिले के कई पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं, आरकेडी एजेंसी के कर्मियों तथा श्रमिकों ने संयुक्त रूप से मिलकर 1200 पेड़ लगाकर इस वृक्षारोपण कार्यक्रम की अच्छी शुरूआत की। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उपायुक्त गौरव ने कहा कि विकास के क्रम में पेड़ों की कटाई बाध्यता हो जाती है किंतु यह सच है कि पेड़ों से स्थानीय लोगों को आत्मिक लगाव होता है उनके कटने के बाद उन्हें बड़ा दुख पहुंचता है। किंतु जब कटे हुए पेड़ों के स्थान पर नए पेड़ लगाए जाते हैं तो स्थानीय लोगों को इन पेड़ों को बढ़ता देख कर बड़ी खुशी होती है। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को सुझाव दिया कि वे वृक्षारोपण के लिए पेड़ों का चयन वैज्ञानिक आधार पर करें, साथ ही स्थानीय मान्यताओं और परंपराओं के अनुरूप करें, इससे लोगों में भावनात्मक लगाव होगा। कोशिश करें कि कुछ ऐसे फलदार पेड़ भी लगाएं जिससे स्थानीय लोगों को भविष्य में जीविका का आधार भी मिले। उन्होंने कहा कि इस वृहद वृक्षारोपण अभियान में बच्चों की भी सहभागिता रखें, क्योंकि इससे इन पेड़ों के प्रति नई पीढ़ी के लोगों में लगाव होगा। उन्होंने कहा कि पलमा गुमला मार्ग का कार्य जिस तेजी से हुआ है उसके लिए वे न केवल राजमार्ग प्राधिकरण के पदाधिकारियों, क्रियान्वयन एजेंसी आरकेडी के कर्मियों बल्कि एक एक श्रमिक के योगदान की प्रशंसा करते हैं। मौके पर मौजूद डीएफओ बेलाल अहमद ने कहा कि सतत विकास के लिए पेड़ों की कटाई की भरपाई करना नितांत जरूरी है, इस कार्य को राजमार्ग प्राधिकरण ने बखूबी शुरू किया है। उनकी शुभकामनाएं हैं कि इस वृक्षारोपण अभियान को सफलता मिले। इस दौरान मौके पर मौजूद पद्मश्री मधु मंसूरी ने गायन के माध्यम से वृक्षों के कटने पर होने वाली अपनी पीड़ा को बयां किया, साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन से ज्यादा स्थानीय लोगों की जिम्मेदारी है कि वे प्रकृति का संरक्षण करें। इसको लेकर उन्होंने सभी को संकल्प लेने का अनुरोध किया। तदुपरांत अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, भू अर्जन पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, डीपीआरओ संजय कुमार तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अमृत टेटे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक राजीव रंजन तथा आरकेडी के प्रोजेक्ट प्रभारी लक्ष्मण शेट्टी ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गुमला जिला प्रशासन के विकास के प्रति अति सकारात्मक रवैया के कारण ही इस परियोजना को इतनी तेजी से पूरा किया जाना संभव हो पा रहा है। अंत में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों तथा स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर पौधों को रोपा।

बांग्ला शिक्षा का अवहेलना बर्दाश्त नहीं: समिति

झारखंड बांग्ला उन्नयन समिति ने प्राणजीवन अकादमी स्कूल का निरीक्षण किया

नव प्रदेश संवाददता

धनबाद। गुरुवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक प्रतिनिधिमंडल प्राणजीवन अकादमी स्कूल का निरीक्षण किया, इस दौरान स्कूल के उप प्राचार्य उपेंद्र राय से स्कूल से जुड़ा हुआ सवाल पर बहुत सारे बातें हुई।समिति के सदस्यों ने उप प्राचार्य को स्कूल में कितने बांग्ला मीडियम का छात्र छात्राएं हैं एवं शिक्षकों का संख्या का सूची उपलब्ध कराने की बात कही। जिस पर उप प्राचार्य उपेंद्र राय ने कहां की जल्दी हम सूची उपलब्ध करवा देंगे। समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर ने कहा कि बांग्ला शिक्षा का अवहेलना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएग। झारखंड सह धनबाद में जितने भी बांग्ला भाषा के अल्पसंख्यक स्कूल है उन सभी स्कूलों में बांग्ला भाषा के शिक्षकों की संख्या बहुत ही कम है। इससे पहले जो शिक्षक की नियुक्ति की गई है उसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी को यह ध्यान देना चाहिए था कि हम बांग्ला भाषा अल्पसंख्यक स्कूल में बांग्ला भाषा के ही शिक्षक को नियुक्ति करें। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।इस सवाल को लेकर समिति ने जल्दी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं धनबाद उपायुक्त से मिलेंगे। पिछले दिनों झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन ने केंद्रीय रेलवे मंत्री को एक पत्र लिखकर आग्रह किया है कि झारखंड में तमाम रेलवे स्टेशनों में बांग्ला भाषा से लिखने के लिए जो पूर्व में लिखा हुआ हुआ था। और उन्होंने कहा था कि झारखंड में जितने बांग्ला भाषा भाषी लोग रहते हैं वह सब यहां के खतियानी है। इस पर बांग्ला समितिं ने उनका आभार व्यक्त किया था। झारखंड सह धनबाद के बंग अब जाग चुका है, आने वाला समय बांग्ला भाषी लोग अपना हक और अधिकार के लिए झारखंड में वृहद आंदोलन का रूप रेखा तैयार करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में बेंगू ठाकुर, कल्याण भट्टाचार्जी, राणा चट्टोराज, सुशोभन चक्रवर्ती, टनी बनर्जी, अमिताभ बनर्जी, सुरजीत चंद्रा, स्वपन चटर्जी, अमित कुमार आदि लोग थे ।

डीएवी कोयला नगर में पुरस्कार वितरण समारोह 'प्रखर' का भव्य आयोजन

धनबाद। गुरुवार को डीएवी कोयला नगर में पुरस्कार वितरण समारोह 'प्रखर'एक उपलब्धि का आयोजन अत्यंत धूमधाम से किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीएल कोयला नगर मुख्यालय के जीएम पी एंड आईआर विद्युत शाह एवं जिला शिक्षा अधिकारी .भूतनाथ रजवार , करुणा श्रीवास्तव व वरिष्ठ पत्रकार संजीव झा , उपस्थित थे।साथ ही चयनित सफल छात्रों के अभिभावकगण, छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी गण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व डीएवी गान से किया गया। सर्वप्रथम विशिष्ट अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया गया।तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य एन.एन. श्रीवास्तव ने अपने स्वागत संबोधन में विद्यालय परिसर में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि विगत कई वर्षों से डीएवी कोयला नगर के छात्र एवं छात्राएं शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर विद्यालय परिसर और अपने अभिभावकों को गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उत्तम प्रदर्शन में अभिभावकों की भूमिका की सराहना की। साथ ही उन्होंने सभी प्रखर छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आशा व्यक्त की कि डीएवी कोयला नगर के छात्र एवं छात्राएं भविष्य में भी सफलता का परचम लहरा कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहां की बदलाव और चुनौतियों का स्वागत करना सीखें अगर जीवन में आगे बढ़ना है तो हमें लक्ष्य को साधने के लिए अथक परिश्रम करने की जरूरत है हमें बदलाव और चुनौतियां का स्वागत करना सीखना चाहिए और कभी भी इन्हें अपने लिए रुकावटें नहीं समझना चाहिए आज जो समस्या है आने वाले समय में छात्रों को वही एक आसान एवं सुलभ रास्ता दिखाई देगा उन्होंने छात्रों को आवाहन करते हुए कहा की चाहे जो भी हालात हो वो कर कभी नहीं खोना है कोई भी सफलता हासिल करनी हो तो आपको लॉन्ग और शार्ट टर्म स्ट्रेटजी बनानी होगी आप जितना ज्यादा खेलेंगे यह समझना आपके लिए उतना ही आसान होता जाएगा शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्थिरता बेहद जरूरी है तभी जीत का मौका बनता है।

झामुमो जिला कमेटी ने समारोह आयोजित कर किया नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान

गोविंदपुर। धनबाद जिला अन्तर्गत गोबिन्दपुर प्रंखड में स्थित विवाह भवन, गोबिन्दपुर प्रखंड कार्यालय के समीप झामुमो धनबाद जिला समिति द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में झामुमो धनबाद जिला अन्तर्गत नव मनोनीत सभी वर्ग संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा की आप सभी को केन्द्रीय समिति ने बड़ी जिम्मेदारी दी हैं आने वाले समय में राज्य में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हैं और धनबाद जिला में अधिक से अधिक सीटें झामुमो के खाते में डालना है।इस लिए आज से ही आप लोग संगठन केलिए इमानदारी से कार्य करें पूरा जिला कमीटी आप लोगों के साथ हैं।बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव मन्नु आलम ने कहा की वर्ग संगठन मुख्य संगठक का गहना होता हैं, वर्ग संगठन के होने से हर धर्म, जाती, यूवा, छात्र, महिला सहित अन्य वर्ग के लोगों को संगठन में जोड़ा जाता हैं एवं उचित सम्मान दिया जाता है आप सभी का दायित्व बहोत बड़ा है आप सभी से आशा एवं उम्मीद हैं जिला कमीटी के साथ मिलकर संगठन को पूरे जिले में मजबूत करेंगे।नव गठित वर्ग संगठन के पदाधिकारी जिन्हें सम्मानित किया गया युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलाम कुरेशी, सचिव रामचंद्र मुर्मू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना हेंब्रम, सचिव लक्की बावरीन, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष हाजी अख्तर अंसारीसचिव अजीमुदीन अंसारी, बुद्धिजीवी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू हाड़ी, सचिव कामदेव शर्मा, छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, सचिव आजाद महतो।

दुमका पुलिस ने फर्जी पदाधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का किया पदार्फाश

नव प्रदेश संवाददाता

दुमका। दुमका नगर थाना दुमका में भीम मरांडी पिता रमन मराडी बाग डूबी थाना मुफस्सिल जिला दुमका का रहने वाला के द्वारा दुमका पुलिस को एक आवेदन दिया गया जिसमें यह कहा गया कि राहुल कुमार एवं अन्य के द्वारा अपने आप को डीटीओ परिवहन पदाधिकारी बताकर वाहन चेकिंग किया जा रहा है तथा पैसे की अवैध रूप से वसूली की जा रही है पैसा नहीं देने पर वादी भी मरांडी का मोबाइल उन लोगों के द्वारा छीन लिया गया इसके आवेदन पर दुमका नगर थाना में कांड अंकित कर इस कांड के अनुसंधान एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर दुमका के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया टीम के द्वारा छापामारी के क्रम में बख्शी बाद दुमका के रहने वाल राहुल कुमार पिता उमाकांत यादव के घर से वीडियो दुमका का मोहर पैड वादी का रियल मी मोबाइल एवं घटना में उपयोग किए गए काला रंग का पल्सर मोटरसाइकिल बरामद किया गया साथ ही फर्जीवाड़ा करने वाले राहुल कुमार को गिरफ्तार भी किया गया साथी राहुल कुमार के द्वारा इस प्रकार की घटना में संलिप्त सहयोगी राहुल कुमार तुरी, अली शेख एवं मोहम्मद तनवीर को गिरफ्तार किया गया उक्त सभी आरोपी अपने द्वारा किए गए अपराध को स्वीकार किया गिरफ्तार आरोपी राहुल कुमार इससे पहले कई अपराध में आरोपित है और जेल भी गया है।

रागी लड्डु योजना से अति गंभीर कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव के पहल से 15 फरवरी 2023 को जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाकर अति गंभीर कुपोषित बच्चों (03 से 06 आयुवर्ग) के पोषण स्तर में सुधार करने के लिए रागी लड्डु योजना की शुरूआत की है। यह योजना आयरन, कैल्सियम, फाइबर जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर रागी लड्डु का वितरण करके कुपोषित बच्चों के विकास एवं वृद्धि में सहायता करेगी। इसके साथ ही यह बच्चों में हिमोग्लोबीन के स्तर को भी बढ़ाने में मददगार साबित होगी। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा लगातार जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों के बीच रागी लड्डु का वितरण किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त योजना के अंतर्गत अबतक 3234 अति गंभीर कुपोषित बच्चों को 83000 रागी लड्डुओं का वितरण किया गया है। इनमें से 2874 बच्चे नियमित रूप से रागी लड्डु का सेवन कर रहे हैं और उन्हें चिकित्सकीय सहायता, परामर्श, साफ-सफाई और निरंतर देखभाल की भी सुविधा मिल रही है। इसके परिणामस्वरूप, इन बच्चों का स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है और वे पूर्ण रूप से स्वस्थ हो चुके हैं। यह योजना मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनाई जा रही है ताकि अति गंभीर कुपोषित बच्चों को भी इसका लाभ मिल सके। जिला प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय स्वास्थ्य विभाग, सरकारी अस्पताल और स्थानीय संगठनों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से, जिला प्रशासन चिन्हित सैम/मैम बच्चों के पोषण स्तर को सुधारकर समाज में स्वास्थ्यपूर्ण एवं सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। इससे न केवल बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा, बल्कि समाज का भी विकास होगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटित किया गया

धनबाद। बाबूडीह स्थिति विवाह भवन में प्रधानमंत्री आवासीय योजना (शहरी) के तहत धनबाद नगर निगम द्वारा बारामुड़ी किफायती आवास परियोजना के आवासों का लॉटरी द्वारा आवंटन किया गया। ज्ञात करो 12 मोड़ी में नगर निगम के द्वारा 320 आवास बनाए गए थे पिछले बार हुए आवास आवंटन कार्यक्रम में 42 लाभुकों को आवास नहीं मिला था इसके बाद उनसे आवेदन लेकर उनकी जांच उपरांत लॉटरी के माध्यम से सभी को आवास आवंटित किए गए। दिए गए। लाभुकों को ध्यान में रखते हुए उनको 4 वर्गों में बांटा गया है उसमें से विकलांगता को प्रमुखता दी गई है लॉटरी के लिए जिनका नाम आया उस अनुसार सभी को आवास आवंटित किया गया। इस कार्यक्रम में धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह, अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ट एवं अन्य अतिथि उपस्थित हुए।

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ऑनलाइन बिक्री का करेगा विरोध

धनबाद। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध मे एक बैठक की। जिसमे बिहार स्टेट सेल्स रिपेरजेंटेटिव के बिहार झारखण्ड के अध्यक्ष असीम हलदर, धनबाद जिला के अध्यक्ष संदीप आईच, सुजॉय मुखर्जी उपस्थित थे।बैठक मे ऑनलाइन दवा की बिक्री जो भी कम्पनियों द्वारा किया जा रहा है उसका पुरजोर विरोध किया गया। बैठक में दवा की ऑनलाइन फामेर्सी से दवाइपो पर 30 से 40 परसेंट की छूट गैर कानूनी है। ऑनलाइन फामेर्सी द्वारा बेचीं जा रही दवा फेक है की नहीं इसकी जांच कहा होगी। डॉक्टर द्वारा मरीज को जो प्रिस्क्रिप्शन दिया जाता है उसका हेल्थ डाटा चोरी होने का डर है।

महिला की पड़ोसी ने ईट से मारकर फोड़ा सिर

गुमला। घाघरा थाना अंतर्गत जलका गांव निवासी 50 वर्षीय रामपति देवी पति स्वर्गीय रामाशीष साहू को पड़ोसी महिला ने ईट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी बात को लेकर महिला के पड़ोसी यशोदा देवी से विवाद हो गया जिसके बाद आवेश में आकर यशोदा देवी ने ईट फेंक कर रामपति देवी के सिर में मार दिया जिससे उसका सिर फट गया और सिर से काफी खून बने लगा तत्काल परिजनों द्वारा घायल महिला को उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में भर्ती कराया गया जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे गुमला रेफर कर दिया वही गुमला में महिला का इलाज चल रहा है वहीं परिजनों ने बताया मामले को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

महिला को सांप ने डसा, सदर अस्पताल में भर्ती

गुमला। गम्हरिया निवासी 60 वर्षीय बिरसो तिर्की पति स्वर्गीय तीजा तिर्की को घर में सोते वक्त एक जहरीले सांप ने हाथ में डस लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई तत्काल परिजनों द्वारा घायल महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा है घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की रात 9:00 बजे खाना पीना खाकर सभी अपने अपने कमरे सोने गए महिला चौकी में सोई थी तभी एक जहरीला करेत सांप उसके हाथ में डस लिया जिसके बाद परिजनों द्वारा उसे सदर अस्पताल गुमला लाया गया। वही महिला का इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है तो महिला को रांची रिम्स रेफर किया जाएगा।

स्वयंसेवक संघ का अपनी मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू

गुमला। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ अपनी 3 सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस धरना प्रदर्शन में झारखंड के सभी जिले के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। वही प्रतिदिन दो जिलों के स्वयंसेवक धरना प्रदर्शन में उपस्थित रह रहे हैं। वही गुमला जिला भी इस धरना प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का तीन सूत्री मांगों में स्थायीकरण करना, वेतनमान निर्धारित करना व पंचायत स्वयंसेवक का नाम बदलकर सहायक सचिव करना शामिल है। इन मांगों को लेकर संघ द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

गुमला। भरनो पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार को थाना क्षेत्र के एक गांव में आरोपी मो आशिफ अंसारी ने एक 17 वर्षीय आदिवासी किशोरी से उसी के घर में घुसकर दुष्कर्म किया।घटना के समय पीड़िता के माता पिता खेत मे काम करने गए थे। परंतु पीड़िता के शोर मचाने से आसपास के ग्रामीण एवं उसकी माँ घर पहुंचे।फिर आरोपी को पकड़कर ग्रामीणों ने जमकर धुनाई की जिसके बाद पुलिस को सौंप दिया।इधर पीड़िता की माँ ने भरनो थाना में आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कराया।बताया जा रहा है कि नाबालिक के साथ आरोपी की जान पहचान थी क्योंकि दोनों एक ही गांव के हैं जिसके बाद बुधवार को आरोपी को सदर अस्पताल गुमला लाया गया और इलाज के बाद न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

रोजगार के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें

यदि आप भी रोजगार की तलाश में हैं तो सरकार की तरफ से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। आप भी इन योजनाओं का फायदा उठाकर हर महीने अच्छी कमाई कर सकते हैं। इससे माध्यम से आप शहर, गांव या कस्बे कही पर भी रोजगार कर सकते हैं।

सरकार ने नए बदलाव के तहत प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र के लिए लगने वाली शुल्क और प्रोसेसिंग फी को खत्म कर दिया है। इसके अलावा इस योजना के तहत दवाई की दुकान खोलने के लिए सरकार की तरफ से पहले ही लाभार्थी को सहायता राशि दी जा रही है। यानी आप यदि मेडिकल स्टोर खोलना चाहते हैं तो आपको किसी तरह का निवेश करने की जरूरत नहीं है। इस योजना से हर महीने 30 हजार रुपए महीने तक की कमाई कर सकते हैं।

जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए सरकार की तरफ से कुछ अर्हताएं निर्धारित की गई हैं। इन अर्हताओं को पूरा करने वाला व्यक्ति जनऔषधि केंद्र का लाभार्थी हो सकता है। इसके तहत तीन कैटेगरी बनाई गई हैं. पहली कैटेगरी के तहत कोई भी बेरोजगार जो फार्मासिस्ट, डॉक्टर या रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर स्टोर खोल सकता है। दूसरी कैटेगरी के तहत ट्रस्ट, एनजीओ, प्राइवेट अस्पताल, सोसायटी और सेल्फ हेल्प ग्रुप भी जनऔषधि केंद्र भी इसके लिए आवेदन कर सकता है। तीसरी कैटेगरी के अंतर्गत राज्य सरकारों की तरफ से नॉमिनेट की गई एजेंसी स्टोर खोल सकती है।

यदि आप भी जनऔषधि केंद्र के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो आपके पास दुकान के लिए कम से कम 120 वर्गफुट कवर्ड एरिया होना चाहिए। यदि सरकार आपके आवेदन पर जनऔषधि केंद्र खोलने की मंजूरी देती है तो सरकार की ओर से आपको 650 से ज्यादा दवाओं के साथ ही 100 से ज्यादा उपकरण बिक्री करने के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए करीब 2.5 लाख रुपए का खर्च आता है। जनऔषधि केंद्र खोलने वालों को सरकार की तरफ से 2.5 लाख रुपए की सरकारी सहायता दी जाएगी। यानी योजना के तहत मेडिकल स्टोर खोलने वार आपको किसी प्रकार का निवेश नहीं करना पड़ेगा.

इस तरह मिलेगी 2.5 लाख की मदद

योजना के तहत मेडिकल स्टोर खोलने के लिए पहले आपको एक लाख रुपए की दवाइयां खरीदनी होंगी। बाद में सरकार की तरफ से इसे महीने के आधार पर रीइंबर्समेंट किया जाएगा। सरकार दुकान शुरू करने में लगने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर यानी रैक, डेस्क आदि के लिए आपको एक लाख तक की मदद करेगी। फर्नीचर में खर्च हुई रकम को सरकार की तरफ से आपको छह महीने में वापस कर दिया जाएगा। जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए कंप्यूटर आदि पर खर्च होने वाले 50 हजार रुपए भी आपको सरकार की तरफ से दिए जाएंगे।

आपकी दुकान से हर महीने जितने रुपए की दवाओं की बिक्री की जाएगी, उस पर आपको 10 फीसदी का इंसेटिव दिया जाएगा. यह इंसेटिव हर महीने अधिकतम 10 हजार रुपए तक होगा। यानी यदि आप एक महीने में एक लाख रुपए से ज्यादा की दवाएं सेल करते हैं तब भी 10 हजार रुपए का ही इंसेटिव मिलेगा। यह इंसेटिव आपको तबतक मिलेगा, जबतक 2.5 लाख रुपए की लिमिट पूरी नहीं हो जाती है।

आप जनऔषधि केंद्र को अनुमित मिलने के बाद हर महीने जितने पैसों की दवाएं बेचेंगे। उस रकम का 20 फीसदी आपको कमीशन के रूप में मिलेगा। इस तरह यदि आपने हर महीने एक लाख रुपए की दवाओं की बिक्री की तो 20 हजार रुपए कमीशन और इंसेटिव मिलाकर आपको कुल 30 हजार रुपए की आय हुई। वहीं यदि आप दवाओं की बिक्री ज्यादा करते हैं तो आपकी कमाई बढ़ जाएगी।

कृषि वैज्ञानिक के क्षेत्र में हैं अच्छे अवसर

अब कृषि क्षेत्र भी तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें भी रोजगार की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। इस क्षेत्र में नई तकनीक के इस्तेमाल के बाद वेतन भी तेजी से बढ़ा है। इसलिए अब यह भी पसंदीदा क्षेत्र बनकर उभरा है।

आधुनिकता के इस दौर में कृषि के प्रति युवाओं का ये लगाव किसी चमत्कार से कम नहीं है।

अगर आप भी कृषि अनुसंधान के क्षेत्र से जुड़कर कृषि वैज्ञानिक या फिर एक बेहतर किसान बनना चाहते हैं तो फिर इसके लिए आपको 12वीं की परीक्षा अच्छे अंकों से पास कर बीएससी एग्रीकल्चर या फिर बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स की डिग्री हांसिल करनी होगी। यह डिग्री एग्रीकल्चर, वेटनेरी साइंस, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, फॉरेस्टरी, हॉर्टीकल्चर, फूड साइंस और होम साइंस में से किसी भी एक विषय में ले सकते हैं। अपनी पढ़ाई पूरी करके आप सीधे खेती और इससे संबंधित गतिविधियों से जुड़कर कृषि क्षेत्र में देश के विकास में अपना अहम योगदान दे सकते हैं।

कृषि क्षेत्र में करियर की संभावनाएं

आज भी भारत की करीब 70 फीसदी जनसंख्या जीविका के लिए पूरी तरह से कृषि पर निर्भर है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में पढ़े लिखे किसानों की सख्त जरूरत है।कृषि क्षेत्र में आप मार्केटिंग, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग या मैनेजमेंट के क्षेत्र में अपना सुनहरा करियर बना सकते हैं।

इसके अलावा आप नेशनेलाइज्ड बैंकों में बतौर कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण विकास अधिकारी, फील्ड ऑफिसर बनकर अपना शानदार करियर बना सकते हैं।इसके साथ ही राज्यों के विभिन्न कृषि विभागों में आपके लिए रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

कृषि महाविद्यालयों में एडमिशन पाने के लिए युवाओं के बीच मची होड़ से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन युवाओं के सिर पर कृषि क्षेत्र में करियर का जुनून किस कदर सवार है।

इन संस्थानों से हांसिल कर सकते हैं डिग्री

अगर आप भी कृषि क्षेत्र में करियर तलाश रहे हैं तो इसके लिए बेहतरीन संस्थानों के बारे में जानकारी भी हासिल कर लें।

आप हैदराबाद, पुणे, ग्वालियर, इंदौर और पालमपुर स्थित कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर से कृषि के क्षेत्र में प्रशिक्षण ले सकते हैं।

कोलकाता और भुवनेश्वर के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर से भी आप डिग्री हांसिल कर सकते हैं।

उदयपुर के राजस्थान एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी में कृषि के क्षेत्र में प्रशिक्षण के साथ डिग्री भी पा सकते हैं।

इलाहाबाद स्थित इलाहाबाद एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट से प्रशिक्षण लेकर आप कृषि क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं।

अलीगढ़ विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एग्रीकल्चर में दाखिला लेकर आप कृषि क्षेत्र की बारीकियों को समझ सकते हैं।

आहार विशेषज्ञ की मांग बढ़ी

आधुनिक युग में डायबिटीज से लेकर मोटापा तक कई बीमारियां बढ़ी हैं जिनका संबंध खानपान से है। उसे देखते हुए लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति काफी जागरूक हो गए हैं। स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए लोग सिर्फ शारीरिक गतिविधियों का ही सहारा नहीं लेते बल्कि वे अपने खान-पान को लेकर भी काफी सजग रहते हैं। उनके खान-पान का ध्यान रखने का काम करते हैं न्यूट्रिशनिस्ट यानी आहार विशेषज्ञ। लोगों की बढ़ती सजगता के साथ-साथ न्यूट्रिशनिस्ट की मांग भी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है।

क्या होता है काम : एक न्यूट्रिशनिस्ट का मुख्य काम विभिन्न उम्र के लोगों के लिए डाइट प्लानिंग का काम करना है। वह उनका फूड प्लान करते समय अमुक व्यक्ति की उम्र के साथ-साथ उसकी जरूरत व बीमारियों आदि का भी ध्यान रखते हैं। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी व्यक्ति को पतला होना है तो उसे ऐसी डाइट दी जाती है, जिसमें फैट का कंजप्शन न के बराबर हो। न्यूट्रिशनिस्ट की यही काम होता है कि वह अपने क्लाइंट के लिए ऐसा फूड प्लॉन करें जो संतुलित हो तथा उसके शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक हो। इन सबके अतिरिक्त अगर उनके क्लाइंट को किसी प्रकार की फूड एलर्जी है तो उन्हें इस बात का भी ख्याल रखना होता है।

दक्षता विकास: एक न्यूट्रिशनिस्ट का काम मुख्य रूप से भोजन से जुड़ा है, इसलिए उसे हर प्रकार की भोजन सामग्री की खूबियों व कमियों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। साथ ही उसे फूड कॉम्बिनेशन की भी जानकारी होनी चाहिए। बेहतर संचार दक्षता व धैर्य उनके काम में काफी सहायक होते हैं। अपने इन्हीं गुणों के कारण वह ग्राहक को न केवल संतुष्ट करते हैं बल्कि उन्हें हर प्रकार के भोजन के फायदों के बारे में भी बताते हैं। एक न्यूट्रिशनिस्ट का खुद भी फिट होना बेहद आवश्यक है। उन्हें टीम के साथ काम करना भी आना चाहिए।

शैक्षणिक योग्यता : डायटेटिक्स एंड न्यूट्रीशन के कोर्स ग्रेजुएशन और पास्ट ग्रेजुएशन, दोनों ही स्तरों पर उपलब्ध हैं। साथ ही इस क्षेत्र में भविष्य देख रहे छात्रों का मेडिकल बैकग्राउंड होना अनिवार्य नहीं है। अगर आपका बैकग्राउंड होमसाइंस या फूड टेक्नोलॉजी से संबंधित है तो भी आप इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। एक न्यूट्रिशनिस्ट बनने के लिए फूड सांइस का चार वर्षीय कोर्स उपलब्ध है, लेकिन इसके लिए आपका बारहवीं में साइंस होना अनिवार्य है। अगर आप साइंस संबंधित नहीं हैं तो आप एक वर्षीय डिप्लोमा इन डाइट्रेटिक्स एंड पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन कोर्स में दाखिला ले सकते हैं।

रोजगार संभावनाएं : एक न्यूट्रिशनिस्ट के लिए प्राइवेट व सरकारी दोनों ही सेक्टर में जॉब की संभावनाएं हैं। आप अस्पतालों, होटलों, हेल्थ क्लब, योगा सेंटर, स्कूल, फूड मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, आदि जगहों में जॉब की तलाश कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त थोड़े अनुभव के पश्चात् आप स्वयं का हेल्थ सेंटर खोलकर प्रैक्टिस कर सकते हैं।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

काकुरो पहेली - 2884



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 2883 का हल



लॉफिंग जोंक्स

एक औरत का पति मर गया। वह बीमा कंपनी के ऑफिस जाकर मैनेजर से बोली- मैनेजर साहब, मेरे पति गुजर गए हैं। उनके बीमे का रुपया दिलवाइए।

मैनेजर बोला- इस घटना को सुनकर बहुत दु:ख हुआ।

औरत बोली- जरूर हो रहा होगा। मर्दों का हर जगह यही हाल है। जब भी औरत को चार पैसे मिलने का मौका आता है, उन्हें बड़ा दु:ख होता है।

नरेश की शादी एक अनपढ़ महिला से हो गई। शादी की पहली रात वह पति से बोली- आप तो बड़े ही अच्छे और दयालु इंसान हो जी। आपने तो मेरा उद्धार ही कर दिया।

इस पर नरेश ने कहा- ऐसी कोई बात नहीं है।

पत्नी बोली- मेरी भाभी और मेरी चाची हमेशा मुझे प्रताड़ित करती रहती थी और कहती थी कि तेरे जैसी मूर्ख से तो कोई गधा ही होगा जो शादी करके तेरा उद्धार करेगा।

एक बार मिस्टर चमन चित्र प्रदर्शनी देख रहा था।

एक जगह रुक कर उसने कहा- छि:!!! क्या इसे आप मॉडर्न आर्ट कहते हैं?

संचालक- जी नहीं श्रीमान, आप गलत समझ रहे है। इसे तो हम आईना कहते हैं।

फिल्म वर्ग पहेली- 2884



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, राखी, की 'एक रास्ता है' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली फिल्म-३
६. सनी देओल, रवीना की 'दिल ना किसी का जाये' गीत वाली फिल्म-३
७. 'मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने' गीत वाली की फिल्म-२
९. संजयदत्त, पूजा की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राज बब्बर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की' गात वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'जिंदगी के खेल में' गात वाली अनिल कपूर, माधुरी की फिल्म-२
२०. फिल्म 'डकैत' में मीनाक्षी के साथ नायक कौन था?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी?-२
२३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. जीतेंद्र, जया की 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी, जया की फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीव, राखी की एक फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली फिल्म-४

ऊपर से नीचे:-

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनीलदत्त, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. 'सुंदरा सुंदरा' गात वाली फिल्म-३
४. फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'राहों में उड़ती जाए बिछड़े' गीत वाली फिल्म-२
८. 'जीवनमृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका?-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है?-२
१२. 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' में गोविंदा की नायिका कौन थी?-२
१७. 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२० 'आंखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
३०. विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-2883

सूडोकु -2884

4					1	9		
						8	5	
			7	3				
			3				4	7
9								2
8	5					6		
				5	8			
	7	4						
	6	2						5

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु -2883 का हल



शब्द पहेली - 2884



बाएँ से दाएँ

1.पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5.मजार-4
8.बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9.तहजीब,तमीज-3
10.सत्य,तेज-2
11.पतंगा-4
12.ईसाई साध्वी-2
14.इंकार करना-4
16.उत्तम,आदर्शवादी-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
20.पागलपन,सनक-5
23.पालन-पोषण-5
26.आनंद लेना-2,2
27.बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29.अप्रधान,गौण-4
30.ठाठ-बाट-2
32.अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33.रहस्य-2
35.गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36.कमरा,रूम-2
37.जल में रहने वाला-4
38.धर्म के उपदेश देनेवाला-6

ऊपर से नीचे

1.पलायन करने वाला-6
2.जंगल-2
3.दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4.जिव्हा,जीभ-3
5.घर,भवन-3
6.यात्री गाड़ी-2
7.चौबीस घंटे का समय-4
11.परीक्षण करना-4
13.भीगा हुआ-2
15.खीजना-4
17.उपस्थिती-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
19.संपत्ति-2
21.उचित,सही-3
22.पंख,पराया-2
24.देश निर्वासन-4
25.अंगरक्षक-3,3
27.हाथी-4
28.मद,सरूर-2
29.अनुसार,समान-4
31.निगाह,दृष्टि-3
32.हथियार-3
34.पानी,नीर-2
36.सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

शब्द पहेली -2883 का हल

यूएस ओपन बैडमिंटन टूनामेंट के दूसरे दौर में पहुंचे पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन

काउंसिल ब्लफ़्स (अमेरिका) (हि.स.)। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी व ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने यहां यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। सिंधु ने भारतीय मूल की अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी दिशा गुप्ता को हराया, जबकि लक्ष्य सेन ने फिनलैंड के कैले कोलजोनेन पर शानदार जीत के साथ अपने पुरुष एकल अभियान की शुरूआत की।

सिंधु ने दीक्षा को केवल 27 मिनट में 21-15, 21-12 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि लक्ष्य ने अपने फिनिश प्रतिद्वंद्वी को 30 मिनट से भी कम समय में 21-8, 21-16 से हराया।

एक अन्य पुरुष एकल मैच में, एस शंकर सुब्रमण्यन, जिन्होंने दो कठिन क्वालीफाइंग मैचों के बाद टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था, ने पहले दौर में अपने मुश्किल आयरिश प्रतिद्वंद्वी नट गुयेन को 21-11, 21-16 से हराया।

हालाँकि, बी साई प्रणीत 23 वर्षीय विश्व नंबर 7 चीनी खिलाड़ी ली शी फेंग ने तीन गेम तक चले एक कठिन मैच में में 16-21, 21-14, 21-19 से हराया। यह मैच 1 घंटा और 14 मिनट तक चला।

एक अन्य महिला एकल मैच में, भारत की 61वीं रैंक की खिलाड़ी रूथविका शिवानी चीनी-ताइपे की लिन सियांग ती से 14-21, 11-21 से हार गईं।

एआईएफएफ तकनीकी समिति ने भारतीय अंडर-16 टीम के मुख्य कोच के लिए इश्फाक अहमद के नाम की सिफारिश की

एआईएफएफ तकनीकी समिति ने भारतीय अंडर-16 टीम के मुख्य कोच के लिए इश्फाक अहमद के नाम की सिफारिश की

नई दिल्ली(हि.स.)। भारत अंडर-16 पुरुष राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति पर चर्चा करने के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने गुरुवार, 13 जुलाई, 2023 को एक बैठक बुलाई। बैठक आईएम विजयन की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें समिति के सदस्य पिंकी बोमपाल मगर, क्लाइमेक्स लॉरेंस, अरुण मल्होत्रा, हरजिंदर सिंह और यूजीनसन लिंगदोह उपस्थित थे। बैठक में एआईएफएफ के तकनीकी निदेशक शब्बीर पाशा भी उपस्थित थे। समिति ने विभिन्न उम्मीदवारों के आवेदनों पर सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श करने के बाद तीन मुख्य कोचिंग स्टाफ की सिफारिश की जो टीम को आगे ले जाएंगे। समिति ने सर्वसम्मति से सिफारिश की कि भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इशफाक अहमद को भारत की अंडर-16 राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया जाए। इश्फाक अहमद पहले केरला ब्लास्टर्स के सहायक कोच थे। समिति ने यह भी सिफारिश की कि राजन मणि और फि रोज शरीफ को अंडर-16 राष्ट्रीय टीम में क्रमशः सहायक कोच और गोलकीपर कोच नियुक्त किया जाए।

एमसीजी और एससीजी पहली बार करेंगे स्टैंडअलोन डब्ल्यूबीबीएल मैचों की मेजबानी

मेलबर्न (हि.स.) महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के इतिहास में पहली बार मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) स्टैंडअलोन डब्ल्यूबीबीएल खेलों की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। सीए ने गुरुवार को डब्ल्यूबीबीएल फिक्स्चर जारी किया, जिसमें 56-गेम होम-एंड-अवे सीजन के अंतिम पांच मैच शुक्रवार, 24 नवंबर से रविवार 26 नवंबर तक एडिलेड ओवल, एमसीजी और एससीजी के प्रमुख स्थानों पर खेले जाएंगे। बिग बैश लीग के प्रमुख एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा कि प्रमुख स्टेडियमों में स्टैंडअलोन डब्ल्यूबीबीएल मैच खेलने का निर्णय प्रतियोगिता के लिए एक बड़ा कदम है। डॉब्सन ने कहा,"हम देखते हैं कि डब्ल्यूबीबीएल का विकास लगातार यह प्रदर्शित कर रहा है कि यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ दुनिया की सबसे अच्छी क्रिकेट लीग है, और सबसे बड़े और बेहतरीन स्टेडियमों में खेल ,खेलने की शुरूआत करना वास्तव में इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।"

विंबलडन 2023 : पुरूष युगल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचीं रोहन बोपन्ना-मैथ्यू एबडेन की जोड़ी

लंदन (हि.स.)। शीर्ष भारतीय युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए विंबलडन के युगल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने टालोन ग्रिक्सपुर और बार्ट स्टीवंस की डच जोड़ी को 6-7(6-3) 7-5 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले दो सेट में संघर्ष करने के बाद तीसरा सेट बोपन्ना और एबडेन के लिए आसान था। दोनों ने पहले और पांचवें गेम में दो बार डच जोड़ी की सर्विस तोड़ी। यह मुकाबला एक घन्टे और 54 मिनट तक चला। बता दें कि यह तीसरी बार है जब 43 वर्षीय बोपन्ना ने, विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। कुल मिलाकर, 2010 में यूएस ओपन उपविजेता बोपन्ना ने पुरुष युगल में चार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई है। छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी अब फाइनल में जगह बनाने के लिए शीर्ष वरीयता प्राप्त डच-ब्रिटिश जोड़ी वेस्ले कूलहोफ और नील स्कुपस्की से भिड़ेगी।

अश्विन ने रचा इतिहास, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने

नई दिल्ली (हि. स.)। अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 700 विकेट पूरे कर लिए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि डोमिनिका के विंडसर पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरूआती टेस्ट मैच के पहले दिन हासिल की। 36 वर्षीय अश्विन, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में प्लेइंग इलेवन से बाहर थे, ने पहले दो सत्रों में चार विकेट लेकर भारत को पहले दिन हावी होने में मदद की। उन्होंने अल्जारी जोसेफ को आउट कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 700 विकेट पूरे किए और अनिल कुंबले (956 विकेट) और हरभजन सिंह (711 विकेट) के बाद यह बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बन गए। अल्जारी जोसेफ का विकेट मैच में उनका तीसरा विकेट था। अश्विन के नाम अब 702 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। अश्विन ने टेस्ट मैच के शुरूआती दिन मेजबान टीम के बल्लेबाजों को नियमित अंतराल पर आउट किया। तेगनारायण चंद्रपॉल मैच में उनका पहला विकेट बने, जिससे उन्हें एक अनोखी रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने में मदद मिली। अश्विन पिता और पुत्र दोनों का विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने। 36 वर्षीय, जिन्होंने 2011 में नई दिल्ली में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, ने सबसे लंबे प्रारूप में अपनी पहली उपस्थिति के दौरान तेग नारायण के पिता शिवनारायण चंद्रपॉल को आउट किया था। मैच की बात करें तो इस मैच में वेस्टइंडीज की पहली पारी केवल 150 रनों पर सिमट गई। अश्विन ने 5 और जडेजा ने 3 विकेट लिए।

वेस्टइंडीज की पहली पारी 150 रन पर सिमटी, अश्विन ने झटके 5 विकेट, भारत की मजबूत शुरूआत

डोमिनिका (हि. स.)। रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को यहां के विंसडर पार्क में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 150 रनों पर समेट दिया। अश्विन ने 5 और जडेजा ने 3 विकेट झटके। जवाब में दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने बिना कोई विकेट खोए 80 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल 40 और कप्तान रोहित शर्मा 30 रन बनाकर नाबाद हैं। मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि उनका यह फैसला गलत साबित हुआ। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अश्विन और जडेजा की फिरकी के आगे संघर्ष करते नजर आए और पूरी टीम 150 रनों पर ढेर हो गई। वेस्टइंडीज के लिए एलिक अथानाजे ने सर्वाधिक 47 रन बनाए,जबकि सलामी बल्लेबाज क्रेग ब्रैथवेट ने 20, जेसन होल्डर ने 18 और रहकीम कॉर्नवाल ने नाबाद 19 रन बनाए। भारत की तरफ से रविचंद्रन अश्विन ने 5, रवींद्र जडेजा ने 3 व शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में भारत ने दिन का खेल खत्म होने पर बिना किसी नुकसान के 80 रन बना लिए हैं। अंतरराष्ट्रीय टेस्ट में पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 40 और कप्तान रोहित शर्मा 30 रन बनाकर खेल रहे हैं।

बैडमिंटनः भारत ने विश्व बधिर युवा चैंपियनशिप में नौ पदक जीते

बैडमिंटनः भारत ने विश्व बधिर युवा चैंपियनशिप में नौ पदक जीते मुंबइ (हि.स.)। ब्राजील के नगर पालिका शहर पारा डी मिनस में आयोजित तीसरी विश्व बधिर युवा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत ने नौ पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने गुरुवार को ट्वीट किया, "भारत ने 10-12 जुलाई तक आयोजित चैंपियनशिप में चार रजत और पांच कांस्य पदक जीते।" लड़कियों के एकल वर्ग में आदित्य, मिश्रित युगल में पीयूष और श्रेया, पुरुष युगल में सौम्यदीप और पीयूष और महिला युगल में जेरलिन और आदित्य ने रजत पदक जीते। पुरुष एकल में सौम्यदीप, महिला एकल में जेरलिन, श्रेया, मिश्रित युगल में सौम्यदीप और गौरांशी और महिला युगल में गौरांशी और श्रेया ने कांस्य पदक जीते। साई ने गुरुवार को एक ट्वीट में लिखा, 10 से 12 जुलाई, 2023 तक ब्राजील में आयोजित तीसरी विश्व बधिर युवा बैडमिंटन चैंपियनशिप में टीम इंडिया ने कुल 9 पदक जीते। सभी को बधाई।

यह भारत के लिए एक सफल अभियान था क्योंकि सौम्यदीप और श्रेया ने एक-एक रजत पदक सहित तीन-तीन पदक जीते। आदित्य, पीयूष, जेरलिन और गौरांशी ने दो-दो पदक जीते। इनमें से कुछ खिलाड़ी 14-25 जुलाई तक छठी विश्व बधिर बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

प्रो पांजा लीग का उद्घाटन सत्र 28 जुलाई से, 180 खिलाड़ियों को छह टीमों में बांटा गया

यूटीटी सीजन 4: बेंगलुरु स्मैशर्स शुक्रवार को यू मुंबा टीटी के खिलाफ करेगा अभियान की शुरूआत

पुणे (हि.स.)। अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन 4 के दूसरे मुकाबले में शुक्रवार को शीर्ष दावेदारों में से एक, बेंगलुरू स्मैशर्स की टीम यहां शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय सितारों अरुणा कादरी और लिली झांग की अगुवाई में यू मुंबा टीटी के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी।

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रवर्तित फ्रेंचाइजी आधारित अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग, 2017 में अपनी स्थापना के बाद से भारतीय टेबल टेनिस के लिए गेम-चेंजर रही है।

बेंगलुरु स्मैशर्स की टीम में स्टार भारतीय पैडलर मनिका बत्रा भी शामिल हैं। दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी मनिका का मानना है कि उनकी फ्रेंचाइजी के पास खिलाड़ियों का शानदार संयोजन है और वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मनिका ने कहा,"मैं इस सीजन में यूटीटी में खेलने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। सीजन 4 में कई नए चेहरे हैं और उनके साथ खेलना एक रोमांचक अनुभव होगा। बेंगलुरु स्मैशर्स हर मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।"

मनिका के अलावा, सानिल शेट्टी, पोयमंती बैस्या और जीत चंद्रा भी मुकाबले में प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे। फ्रेंचाइजी ने अंतरराष्ट्रीय सितारों नतालिया बाजोर और किरिल गेरासिमेंको को भी अपने साथ जोड़ा है, जो अपनी सामरिक प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं और बेंगलुरु की सफलता की कुंजी साबित हो सकते हैं।

दूसरी ओर, पिछले सीजन में अपने असाधारण प्रदर्शन के लिए मशहूर यू मुंबा के पास अफ्रीकी चैंपियन अरुणा क्वाड्री (डब्ल्यूआर 18) के रूप में एक अनुभवी पैडलर है, जो यूटीटी सीजन 4 में सर्वोच्च रैंक वाली खिलाड़ी भी है और लीग में व्यापक प्रभाव डालने की कोशिश करेंगी।

लिली झांग टीम में एक और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जबकि मानव ठक्कर और मौमा दास फ्रेंचाइजी में स्टार भारतीय आकर्षण हैं। युवा दीया चितले और सुधांशु ग्रोवर भी कुछ बड़ी जीत के साथ लीग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहेंगे।

झांग ने मुकाबले से पहले कहा,"मैं फिर से यहां भारत आने और कुछ बहुत अच्छी टेबल टेनिस खेलने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं यहां सीजन 2 में खेली थी और यह बहुत अच्छा लग रहा है कि यूटीटी इस बार नए चेहरों के साथ फिर से वापस आ गया है। मेरी फ्रेंचाइजी में टीम भावना और माहौल वास्तव में अच्छा है और मैं अपने पहले मैच का इंतजार कर रही हूं।""

हॉकी इंडिया की मैच अधिकारियों की शिक्षा और विकास योजना से देश में अंपायरिंग मानकों को बढ़ावा मिलेगा : अंपायर जावेद शेख

नई दिल्ली (हि.स.)। हॉकी इंडिया की नवीनतम पहल - "मैच ऑफिशियल्स एजुकेशन एंड डेवलपमेंट प्लान" की एफआईएच इंटरनेशनल प्रो लीग पैनल अंपायर जावेद नूरुद्दीन शेख और एफआईएच इंटरनेशनल प्रो लीग पैनल तकनीकी अधिकारी मुगल मोहम्मद मुनीर ने सराहना की है।

दोनों का मानना है कि इस पहल से महत्वाकांक्षी अंपायरों और तकनीकी अधिकारियों को खेल के बारे में अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

लगभग 350 अंपायरों और तकनीकी अधिकारियों ने क्रमशः उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम क्षेत्र से मैच अधिकारी शिक्षा और विकास योजना के लिए नामांकन किया है।

जावेद नूरुद्दीन शेख ने अपने शानदार करियर में 150 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की है। शेख को 2018 में एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप, 2020 टोक्यो ओलंपिक और एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के लिए अंपायर के रूप में भी नियुक्त किया गया था। इस बीच मुगल मोहम्मद मुनीर ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में तकनीकी अधिकारी की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभाई है।

उन्हें ढाका (2010, 2014) और मस्कट (2018) और जौहर बोरो जूनियर इंटरनेशनल टूर्नामेंट (2016) में तकनीकी प्रतिनिधि भी नियुक्त किया गया था।

मैच ऑफिशियल्स एजुकेशन एंड डेवलपमेंट प्लान पहल के बारे में जावेद नूरुद्दीन शेख ने कहा, "यह हॉकी इंडिया द्वारा उठाया गया एक उत्कृष्ट कदम है। इसके माध्यम से खेल के दौरान विभिन्न सदस्य इकाइयों के अंपायर नियमों की व्याख्या कैसे करते हैं, इसमें एकरूपता आएगी। यह एक आधार के रूप में कार्य करेगा जहां हर कोई खेल के बारे में एफआईएच नियमों और विनियमों के बारे में अपना ज्ञान साझा कर सकता है और शिक्षकों और एक-दूसरे से सीख सकता है। मुझे यकीन है कि यह मैच अधिकारियों के लिए बड़ा प्रोत्साहन होगा। अभी हर कोई अपने-अपने राज्य में और सीमित ज्ञान के साथ अंपायरिंग कर रहा है। एक बार जब वे इस पाठ्यक्रम से गुजरेंगे, तो सभी को समान ज्ञान मिलेगा और इससे हॉकी को समग्र रूप से विकसित करने में मदद मिलेगी। यह एक मील का पत्थर है जिसके माध्यम से एक इच्छुक उम्मीदवार हॉकी इंडिया की कार्यवाहक प्रणाली का भी हिस्सा बन सकता है।"

इस बीच, मुगल मोहम्मद मुनीर ने मैच ऑफिशियल्स एजुकेशन एंड डेवलपमेंट प्लान पहल पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा, "मैं मैच अधिकारियों की शिक्षा और विकास योजना लाने के लिए हॉकी इंडिया को धन्यवाद देना चाहता हूं। इसके माध्यम से इच्छुक अंपायरों और तकनीकी अधिकारियों को अपने ज्ञान, कौशल को निखारने का मौका मिलेगा और साथ ही यह एक मंच के रूप में भी काम करेगा जहां ज्ञान का हस्तांतरण होगा। इसे और अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए क्योंकि ऐसे कई युवा महत्वाकांक्षी अंपायर और तकनीकी अधिकारी हैं जो राष्ट्रीय स्तर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग करना चाहते हैं।"

इससे पहले, हॉकी इंडिया ने अपनी सदस्य इकाइयों को हॉकी इंडिया सदस्य इकाई पोर्टल के माध्यम से अपने पंजीकृत अंपायरों और तकनीकी अधिकारियों को नामांकित करने के लिए अधिसूचित किया था।

विकास प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, नामांकित उम्मीदवारों को उनकी पात्रता के अनुसार हॉकी इंडिया द्वारा चुना जाएगा और वे जुलाई 2023 में निर्धारित हॉकी इंडिया अंपायर और तकनीकी अधिकारी कार्यशालाओं में भाग लेंगे। पाठ्यक्रम पांच क्षेत्रों में नई दिल्ली, पुणे, आंध्र प्रदेश, जमशेदपुर और उत्तर पूर्व में आयोजित किया जाएगा। उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए स्थान और पंजीकरण प्रक्रिया आने वाले दिनों में की जाएगी।

प्रो पांजा लीग का उद्घाटन सत्र 28 जुलाई से, 180 खिलाड़ियों को छह टीमों में बांटा गया

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रो पंजा लीग ने उन खिलाड़ियों की पूरी सूची की घोषणा की है जो 28 जुलाई से 13 अगस्त तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में होने वाले उद्घाटन सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ड्राफ्ट नई दिल्ली में हुआ जहां 180 खिलाड़ियों को छह टीमों - किराक हैदराबाद, मुंबई मसल, रोहतक राउडीज, लुधियाना लायंस, बड़ौदा बादशाह और कोच्चि केडी में शामिल किया गया।

खिलाड़ियों के ड्राफ्ट के बाद प्रो पांजा लीग के सह-संस्थापक परवीन डबास ने कहा, "उद्घाटन सीजन की शुरूआत से पहले ही प्रो पांजा लीग ने जो चर्चा पैदा की है, उसे देखकर हमें खुशी हो रही है।"

प्रो पांजा लीग की सह-संस्थापक प्रीति झंगियानी ने कहा, "हमारे एथलीटों ने अंततः अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच पाने के लिए वर्षों तक एक लंबी यात्रा की है। अब, 28 जुलाई से, अरबों लोगों को यह देखने को मिलेगा कि ये एथलीट क्या कर सकते हैं।"

टीम और खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

किराक हैदराबादः सिद्धार्थ मालाकार (90 किग्रा), अजय अंजना (90 किग्रा); राहुल महार (90 किग्रा); स्टीव थॉमस (70 किग्रा); सतनाम सिंह (70 किग्रा); शाहिल हुसैन (70 किग्रा); जगदीश बरुआ (100 किग्रा); बनबंतजुबन खोंगविर (100 किग्रा); अमित सिंह (100 किग्रा); आस्कर अली (80 किग्रा); काजी अब्दुल मजीद (80 किग्रा); धीरज सिंह (80 किग्रा); याजार अराफात (60 किग्रा); नवीन एमवी (60 किग्रा); शोएब अख्तर (60 किग्रा); अहमद फैजान अली (100+ किग्रा); विनायक वत्स (100+ किग्रा); उज्जवल अग्रवाल (100+किग्रा); सविता कुमारी (55 किग्रा); रचना जाटव (55 किग्रा); पूर्णिमा बोरा (55 किग्रा); मधुरा केएन (65 किग्रा); रीजामोल पीके (65 किग्रा); रोशनी (65 किग्रा); जिंसी जोस (65+ किग्रा); कीर्तिका बामेल (65+ किग्रा); हेमलता (65+किग्रा); बुट्टा सिंह (विशेष रूप से सक्षम); देवेन्द्र यादव (विशेष रूप से सक्षम); दीपक शर्मा (विशेष रूप से सक्षम)।

मुंबई मसलः काइल कमिंग्स (90 किग्रा); अर्पण कर (90 किग्रा); रोहित पुरी गोस्वामी (90 किग्रा); जोगेन्दर यादव (70 किग्रा); जशनपाल सिंह (70 किग्रा); आकाश मुखी (70 किग्रा); प्रमोद मुखी (100 किग्रा); आकाश यादव (100 किग्रा); टॉम जोसेफ (100 किग्रा); सोनू चौरसिया (80 किग्रा); शुभम शर्मा (80 किग्रा); दीपक जामोर (80 किग्रा); जतीश महाजन (60 किग्रा); उमेश पाल (60 किग्रा); गौतम कुमार (60 किग्रा); पार्थ सोनी (100+ किग्रा); अभिषेक कुमार (100+ किग्रा); विक्रम शेकावत (100+ किग्रा); करिश्मा कपूर (55 किग्रा); अर्धरा सुरेश (55 किग्रा); कोमोल मयनकुमार पटेल (55 किग्रा); मोनिका (65 किग्रा); प्रिया वर्मा (65 किग्रा); ज्योति अग्रवाल (65 किग्रा); सीमा गोस्वामी (65+ किग्रा); बंदरिका खारकोंगोर (65+ किग्रा); पुष्पा कुमारी (65+ किग्रा); चंदन कुमार बेहरा (विशेष रूप से सक्षम); अजीत प्रजापति (विशेष रूप से सक्षम); राजेंद्र माहौर (विशेष योग्यजन)।

रोहतक राउडीजः करज सिंह (90 किग्रा); अर्शदीप सिंह (90 किग्रा); परमजीत नागर (90 किग्रा); राहुल पणिक्कर (70 किग्रा); अमल दास (70 किग्रा); मोहित कुमार (70 किग्रा); दारा सिंह (100 किग्रा); आर्यन गंगोत्री (100 किग्रा); जुगराज (100 किग्रा); आर्यन कंडारी (80 किग्रा); मनीष सिंह (80 किग्रा); मनोज कुमार दास (80 किग्रा); निजामुद्दीन (60 किग्रा); राहुल नायक (60 किग्रा); निखिल सिंह (60 किग्रा); संजय देसवाल (100+ किग्रा); अतर सिंह (100+ किग्रा); रजनीश चतुर्वेदी (100+ किग्रा); रीटा सेंगनेरपी (55 किग्रा); कराबी सोनोवाल (55 किग्रा); शिवानी भटनागर (55 किग्रा); रिबासुक लिंगदोह मावफलांग (65 किग्रा); आकृति कंडारी (65 किग्रा); नजुमुन्निसा केपी (65 किग्रा); निर्मल देवी (65+ किग्रा); परमप्रीत कौर (65+ किग्रा); ऐबोक्लिन रीना (65+ किग्रा); श्रीनिवास बी.वी. (विशेष रूप से सक्षम); अरविंद रजक (विशेष रूप से सक्षम); सुलेमान (विशेष रूप से सक्षम)।

लुधियाना लायंसः तौहीद शेख (90 किग्रा); नवाब सिंह (90 किग्रा); अजेश सीवी (90 किग्रा); शिवजीत जनार्दन (70 किग्रा); शिवांशु कौशिक (70 किग्रा); शानू जॉय (70 किग्रा); शिवम राजपूत (100 किग्रा); सुभाजीत लाहन (100 किग्रा); सचिन भदोरिया (100 किग्रा); थेजस जी (80 किग्रा); तुलसी साजी (80 किग्रा); राहुल (80 किग्रा); आदर्श एमएम (60 किग्रा); सचिन तोमर (60 किग्रा); चरण नायक (60 किग्रा); दिलशाद एमए (100+ किग्रा); बिस्वजीत डोले (100+ किग्रा); अफजल खान (100+ किग्रा); श्रेया एमके (55 किग्रा); कृतिका दास (55 किग्रा); पूजा भदोरिया (55 किग्रा); अपर्णा रोशिथ (65 किग्रा); प्रीति गहलोत (65 किग्रा); रेखा देवी (65 किग्रा); कुसम गोस्वामी (65+ किग्रा); कश्मीरी कश्यप (65+किग्रा); तजिंदर कौर वालिया (65+ किग्रा); वर्मा हरीश कुमार (विशेष रूप से सक्षम); मोहन शर्मा (विशेष रूप से सक्षम); सैंटोस रे (विशेष रूप से सक्षम)।

बड़ौदा बादशाहः हरमन मान (90 किग्रा), सागर भाटी (90 किग्रा); रंजीत (90 किग्रा); त्रिदीप मेधी (70 किग्रा); मुजाहिद शेख (70 किग्रा); सुरेंद्र सैनी (70 किग्रा); कानन बोरगोहेन (100 किग्रा); मोहम्मद हाशिम (100 किग्रा); सरबजीत सिंह (100 किग्रा); सचिन गोयल (80 किग्रा); अफसल टीपी (80 किग्रा); मेहबूब खान (80 किग्रा); मोनू थॉमस (60 किग्रा); सुजीत कुमार (60 किग्रा); मोहसिन शेख (60 किग्रा); शमीर खान (100+ किग्रा); गुलाब सिंह (100+ किग्रा); सुनील एंथोनी (100+ किग्रा); आर्य पी (55 किग्रा); बबली (55 किग्रा); भावना गोस्वामी (55 किग्रा); नीतू वर्मा (65 किग्रा); अंसलेट जोस (65 किग्रा); शिवानी यादव (65 किग्रा); आशा कुमार (65+ किग्रा); फरहीन देहलवी (65+ किग्रा); रंजनी प्रजापति (65+ किग्रा); मनीष कुमार (विशेष रूप से सक्षम); निरंजन सिंह (विशेष रूप से सक्षम); मकरंद सिंह चौधरी (विशेष योग्यजन)।

कोच्चि केडीः सिद्धांत कथूरिया (90 किग्रा), शेख मोहम्मद अबरार (90 किग्रा); शिव (90 किग्रा); आकाश कुमार (70 किग्रा); सूरज (70 किग्रा); वैभव बोरुले (70 किग्रा); समीर वीटी (100 किग्रा); प्रिंस कुमार (100 किग्रा); सनी कपूर (100 किग्रा); अभिषेक प्रकाश (80 किग्रा); प्रिंस धीर (80 किग्रा); सोनू (80 किग्रा); रुद्र नाइक (60 किग्रा); शौकत वीटी (60 किग्रा); अरुण एस कार्तिक (60 किग्रा); मजाहिर सैदु (100+ किग्रा); डॉन अब्राहम (100+ किग्रा); प्रसेनजीत पात्रा (100+ किग्रा); अभिरामी पीके (55 किग्रा); श्वेता राजावत (55 किग्रा); रजनी राजपूत (55 किग्रा); चेतना शर्मा (65 किग्रा); जगप्रीत कौर सिद्धू (65 किग्रा); बिमला रावत (65 किग्रा); योगेश चौधरी (65+ किग्रा); शेख सान्या (65+ किग्रा); पूजा चंदनखेड़े (65+); आसिफ अहमद (विशेष रूप से सक्षम); वीर सैन (विशेष रूप से सक्षम); संतोष गुप्ता (विशेष योग्यजन)।

कैट ने जीएसटी को ईडी के तहत लाने से व्यापारियों में पैदा डर को बताया निराधार

नई दिल्ली (हि.स.)। जीएसटीएन से डेटा साझा करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को अधिकार देने वाली अधिसूचना से देशभर के व्यापारियों के बीच भय पैदा होने संबंधी आशंकाओं को कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने निराधार और अतार्किक करार दिया है।

कैट ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि इस तरह की खबरें कि अब उन्हें एक और सरकारी विभाग ईडी का सामना करना पड़ेगा, ईडी कभी भी उनकी जांच कर सकती है, इस तरह की आशंकाएं निराधार और अतार्किक हैं। कैट ने कहा कि अधिसूचना को पढ़ने से इस बात का पता चलता है कि व्यापारियों के खिलाफ ईडी कोई भी एकतरफा दंडात्मक कार्रवाई नहीं कर सकता है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि सात जुलाई को जारी इससे संबंधित अधिसूचना के सावधानीपूर्वक और व्यापक अध्ययन से ये स्पष्ट है कि जीएसटी को ईडी के दायरे में शामिल करने को लेकर आशंकाए निराधार है। खंडेलवाल ने कहा कि अधिसूचना के मुताबिक यह वित्तीय खुफिया इकाई है, जो विभिन्न अन्य एजेंसियों और सरकारी विभागों की तरह ईडी के साथ जुड़ी है।

उन्होंने कहा कि एफआईयू संभावित अवैध वित्तीय लेन-देन से संबंधित जानकारी प्राप्त करने, सावधानीपूर्वक प्रसंस्करण, सूक्ष्मता से विश्लेषण करने और प्रभावी ढंग से प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिणामस्वरूप, व्यापारियों को ईडी द्वारा पूछताछ या जांच का सामना करना पड़ सकता है, यदि उन्हें एफआईयू की अटूट नजर से जांच के बाद दोषी माना जाता है तो। कारोबारी नेता ने कहा कि अगर वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) की जांच के तहत कोई भी दोषी पाया जाता है, तो प्रवर्तन निदेशालय सक्रिय रूप से शामिल होगा और उचित कार्रवाई करेगा।

खंडेलवाल ने कहा कि जीएसटी में कर योग्यता, छूट, वर्गीकरण, मूल्यांकन, आईटीसी के लिए पात्रता, रिफंड के लिए पात्रता आदि जैसे कानूनी विवादों को पीएमएलए के तहत कवर नहीं किया जा सकता है, इसमें आईटीसी क्लेम करने के लिए नकली चालान जारी करने का सहारा लेने जैसी गतिविधियां, टैक्स चोरी के इरादे से जारी किए गए फर्जी चालान, उसके आधार पर संपत्तियों के अधिग्रहण भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि धारा-66 ईडी को किसी भी प्राप्त जानकारी को किसी भी कर अधिकारी अथवा ऐसे अन्य पदाधिकारी जिन्हें अधिसूचित किया जा

कच्चा तेल में तेजी, बदल गई पेट्रोल-डीजल की कीमत

- ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 80.23 डॉलर प्रति बैरल

नई दिल्ली ।

वैश्विक बाजार में लंबे समय बाद फिर कच्चे तेल की कीमतों ने 80 डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। इसका असर गुरुवार सुबह जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार को कई शहरों में पेट्रोल-डीजल के खुदरा भाव बदल दिए हैं। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, गाजियाबाद में पेट्रोल 14 पैसे सस्ता हुआ और 96.44 रुपए लीटर हो गया है, जबकि डीजल 13 पैसे गिरकर 89.62 रुपए लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 12 पैसे महंगा होकर 107.54 रुपए लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 11 पैसे चढ़कर 94.32 रुपए लीटर हो गया है। हरियाणा के गुरुग्राम में पेट्रोल 19 पैसे गिरकर 96.99 रुपए लीटर हो गया है, लेकिन डीजल 19 पैसे सस्ता होकर 89.86 रुपए लीटर बिक रहा। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में बदलाव हुआ है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 80.23 डॉलर प्रति बैरल के भाव चल रहा है। डब्ल्यूटीआई भी वैश्विक बाजार में 75.83 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, गाजियाबाद में पेट्रोल 96.44 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.54 रुपए और डीजल 94.32 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 96.99 रुपए और डीजल 89.86 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

अनिल अग्रवाल ने कहा, सेमीकंडक्टर परियोजना के लिए तैयार हैं कई साझेदार

(एजेंसी)

वेदांता समूह की सेमीकंडक्टर परियोजना से ताइवानी साझेदार फॉक्सकॉन के अलग होने के बाद कंपनी के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि इस उपक्रम के लिए कई भागीदार तैयार हैं। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार, सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए 19.5 अरब डॉलर का निवेश किया जाना था। उन्होंने कहा कि वेदांता इस साल चिप विनिर्माण के क्षेत्र में प्रवेश करेगी। अग्रवाल ने हालांकि नए साझेदार के नाम का खुलासा नहीं किया। होन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप, जिसे फॉक्सकॉन के नाम से भी जाना जाता है, ने इस सप्ताह की शुरुआत में वेदांता के साथ चिप विनिर्माण के संयुक्त उद्यम से हाथ खींच लिया था। फॉक्सकॉन ने हालांकि कहा कि वह सरकार की सेमीकंडक्टर विनिर्माण योजना के तहत आवेदन करना चाहती है। वेदांता ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह समूह की एक कंपनी से सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले ग्लास इकाइयों का अधिग्रहण करेगी। दुनिया के ज्यादातर चिप कुछ देशों में ही बनाए जाते हैं और भारत इस क्षेत्र में काफी देरी से प्रवेश कर रहा है। इनका इस्तेमाल मोबाइल फोन से लेकर रेफ्रिजरेटर और कारों तक, कई तरह के उपकरणों में होता है। अग्रवाल ने वेदांता के शेयरधारकों की वार्षिक बैठक में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में एक बड़ा अवसर है क्योंकि भारत हर साल 100 अरब डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक्स का आयात करता है। इसमें 30 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले ग्लास शामिल हैं। उन्होंने फॉक्सकॉन के पीछे हटने का जिक्र किए बिना कहा, ''हमने अपने सेमीकंडक्टर उद्यम के लिए साझेदार तैयार कर लिए हैं।'' उन्होंने आगे कहा, ''इस साल कंपनी सेमीकंडक्टर फैब और डिस्प्ले फैब के क्षेत्र में कदम रखेगी। यह सरकारी मंजूरियों पर निर्भर करेगा।'' उन्होंने कहा कि वेदांता लिमिटेड ने भारत में अबतक 35 अरब डॉलर का निवेश किया है और कंपनी आने वाले वर्षों में विभिन्न कारोबार में ''उल्लेखनीय निवेश'' करेगी। अग्रवाल ने कहा कि समूह चालू वित्त वर्ष में 1.7 अरब डॉलर (14,000 करोड़ रुपए) का निवेश करेगा।

नॉन बासमती चावल के एक्सपोर्ट पर लग सकता है बैन, केंद्र सरकार कर रही विचार: रिपोर्ट

(एजेंसी)

खाने पीने की वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के चलते केंद्र सरकार सचेत हो गई है। हाल के दिनों में चावल की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिला है जिसके बाद केंद्र सरकार चावल के एक्सपोर्ट पर बैन लगाने पर विचार कर रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक मोदी सरकार सभी प्रकार के नॉन-बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाने की योजना पर विचार कर रही है। सरकार यदि गैर-बासमती चावल के एक्सपोर्ट पर रोक लगाती है तो कुल 80 फीसदी चावल का एक्सपोर्ट इससे प्रभावित होगा। सरकार के इस फैसले के चलते घरेलू बाजार में तो कीमतों में बढ़ोतरी पर अंकुश लग जाएगी लेकिन दुनियाभर में चावल की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिल सकता है। घरेलू बाजार में पिछले दो हफ्तों मे चावल की कीमतों में 20 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। चावल का जिन राज्यों में उत्पादन होता है वहां असामान्य बारिश देखने को मिल रही है, ऐसे में धान की फसल के प्रभावित होने की आशंका है।

वैश्विक मांग कमजोर होने से चीन का निर्यात जून में 12.4 प्रतिशत घटा

हांगकांग । चीन का निर्यात जून में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत घट गया। दुनिया भर में केंद्रीय बैंकों के मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने के बाद मांग कमजोर पड़ने से चीन के निर्यात में गिरावट आई है। चीन में गुरुवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के मुताबिक आयात में 6.8 प्रतिशत की गिरावट आई है। विदेश व्यापार में कमजोरी से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। इस साल जनवरी-जून में आयात और निर्यात सहित चीन का कुल व्यापार सालाना आधार पर लगभग पांच प्रतिशत घट गया। इस दौरान निर्यात में 3.2 प्रतिशत की गिरावट हुई जबकि आयात 6.7 प्रतिशत घटा। सुरक्षा संबंधी कारणों और चीनी औद्योगिक नीति को लेकर बीजिंग के साथ वाशिंगटन के विवाद से भी व्यापार प्रभावित हुआ है।

किसके हाथ में होगी रिलायंस कैपिटल की कमान?

- आरबीआई ने भेजा आईआईएचएल का नाम, अब नजरें एनसीएलटी के फैसले पर

मुंबई । कर्ज संकट का सामना कर रही दिवालिया कंपनी रिलायंस कैपिटल की कमान किसके हाथ में होगी, इस पर फैसला अब नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) को करना है। आरबीआई द्वारा नियुक्त प्रशासक ने एक सफल बोलीदाता के रूप में इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) का नाम एनसीएलटी को विचार के लिए प्रस्तुत किया है। बता दें कि यह देश की तीसरी सबसे बड़ी एनबीएफसी है, जिसके खिलाफ आरबीआई ने आईबीसी के तहत दिवालिया प्रक्रिया शुरू की है। रिलायंस कैपिटल के लगभग 99 फीसदी कर्जदाताओं ने हिंदुजा ग्रुप की कंपनी आईआईएचएल की समाधान योजना के पक्ष में वोटिंग की है। इस समाधान योजना में रिलायंस कैपिटल को 9,961 करोड़ रुपए मिल सकते हैं। बता दें कि आईआईएचएल ने 26 अप्रैल को आयोजित दूसरे दौर की नीलामी में 9,661 करोड़ रुपए का कैश ऑफर किया था, जो इसके लिए सबसे बड़ी बोली है। रिलायंस कैपिटल ने एक रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि प्रशासक ने इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 की धारा 30 (6) के तहत रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के लेनदारों की समिति द्वारा अनुमोदित आईआईएचएल की समाधान योजना को एनसीएलटी की मुंबई बेंच के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए एक आवेदन दायर किया है। आरबीआई ने 29 नवंबर, 2021 को भुगतान चूक और गंभीर शासन संबंधी मुद्दों को देखते हुए रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को भंग कर दिया था।

खुदरा महंगाई जून में बढ़कर 4.81 फीसदी हुई

नई दिल्ली ।

महंगाई में गिरावट का सिलसिला थम गया है। जून महीने में खुदरा महंगाई दर में बढ़त दर्ज की गई है। खाने-पीने के सामानों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। मई महीने के 4.31 फीसदी के मुकाबले जून में खुदरा महंगाई 4.81 फीसदी पर पहुंच गई। सरकार ने बुधवार को कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) पर आधारित महंगाई के आंकड़े जारी किए। मई में खुदरा महंगाई 4.31 फीसदी रही थी जबकि साल भर पहले जून, 2022 में यह 7 फीसदी थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जून में खाद्य उत्पादों की महंगाई 4.49 फीसदी रही जबकि मई में यह 2.96 फीसदी थी। सीपीआई में खाद्य उत्पादों का भारांक लगभग आधा होता है। जून में खुदरा महंगाई की दर बढ़ने के बावजूद यह भारतीय रिजर्व बैंक के 6 फीसदी के संतोषजनक स्तर के नीचे है। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो फीसदी घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत तक सीमित रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। रिजर्व बैंक खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े को ध्यान में रखते हुए द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा करता है। रिजर्व बैंक ने पिछले महीने की मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 6.5 फीसदी पर कायम रखा था। इसके साथ ही उसने अप्रैल-जून तिमाही में खुदरा महंगाई के 4.6 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया था।

शेयर बाजार हल्की तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 64 , निफ्टी 29 अंक ऊपर आया

मुम्बई ।

घरेल शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुए। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आई है। इसके साथ ही अमेरिकी उपभोक्ता मुद्रास्फीति के सबसे निचले स्तर पर पहुंचने से भी भारतीय बाजार को बल मिला। दिग्गज आईटी कंपनी टीसीएस के पहली तिमाही के परिणामों के सकारात्मक रहने से भी बाजार उछला है पर बैंकिंग शेयरों मुख्य रुप से पीएसयू बैंकों में भारी बिकवाली से बाजार की तेजी पर अंकुश लग गया। वाहन और उर्जा क्षेत्र के शेयरों में भी गिरावट आई

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 64.99 अंक करीब 0.25 फीसदी ऊपर आकर 65,558.89 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 29.45 अंक तकरीबन 0.15 फीसदी ऊपर 19,413.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,567.00 की उंचाई तक जाने के बाद 19,385.80 तक गिरा।

आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में से 13 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। टीसीएस के शेयर सबसे अधिक 2.47 फीसदी बढ़े, इसके साथ ही इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयरों में शामिल रहे।

दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में से 17 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। इसमें पावर ग्रिड के शेयरों को सबसे अधिक 3.36 फीसदी नुकसान हुआ। पावर ग्रिड के अलावा मारुति, एनटीपीस, रिलायंस और एचयूएल के शेयर भी सबसे अधिक नुकसान वाले पांच शेयरों में रहे। व्यापक बाजार भी ऊंचे स्तर पर चले गए। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.6 फीसदी तक बढ़े।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार में तेजी के बीच ही जून में अमेरिकी उपभोक्ता मुद्रास्फीति में मंदी के बाद ग्लोबल इक्विटी में मजबूती को देखते हुए गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार नए सार्वजनिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। बीएसई सेंसेक्स 574 अंक बढ़कर 65,968.02 पर और एनएसई निफ्टी 92 अंक बढ़कर 19,477 पर पहुंच गया

केंद्र सरकार ने स्वर्ण आभूषणों और वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली । सरकार ने सोने के कुछ` विशिष्ट आभूषणों और वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध लगा दिया है।` जिससे एक आयातक को इन सोने के उत्पादों को आयात करने के लिए सरकार से लाइसेंस की अनुमति की जरूरत होगी। वहीं विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि भारत-यूएई मुक्त व्यापार समझौते के तहत आयात पर प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। डीजीएफटी ने यह भी कहा कि इन उत्पादों की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से मुक्त से प्रतिबंधित में संशोधित किया गया है। इस फैसले से गैर-जरूरी वस्तुओं के आयात को कम करने में सहायक होगा।

आईटी सेक्टर में सॉलडाउन के बीच टीसीएस ने दी कर्मचारियों को वेतन बढ़ोत्तरी की सौगात

मुंबई ।

देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने सालाना वेतन वृद्धि की घोषणा कर अपने कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। ग्लोबल आर्थिक संकट के कारण आईटी सेक्टर में सॉलडाउन के बीच कंपनी के ऑपरेटिंग मार्जिन पर असर पड़ने के बावजूद 1 अप्रैल, 2023 से अपने कर्मचारियों का सालाना वेतन बढ़ा दिया है। टीसीएस के सीएफओ समीर सेकसरिया ने बताया कि 1 अप्रैल से प्रभावी वार्षिक वेतन वृद्धि के परिणामस्वरूप ऑपरेटिंग मार्जिन पर 200 आधार अंकों का असर पड़ेगा, जो वर्तमान में 23.2 फीसदी है। वेतन वृद्धि के अलावा, टीसीएस ने प्रमोशन साइकिल भी शुरू किया है और नवीनतम वार्षिक मुआवजे की समीक्षा के दौरान बेस्ट परफॉर्मेंस करने वालों को 12 से 15 फीसदी तक की सैलरी हाइक दी गई है। कंपनी में नौकरी छोड़ने की दर लगातार घट रही है। कंपनी ने जून की पहली तिमाही के दौरान 523 नए कर्मचारी जोड़े हैं। 30 जून 2023 तक टीसीएस की कर्मचारियों की संख्या 6,15,318 हो गई है। टीसीएस के सीईओ के कृतिवासन ने स्वीकार किया कि अनिश्चितता और निवेश पर रिटर्न पर ध्यान केंद्रित करने के कारण कुछ गैर-व्यावसायिक-महत्वपूर्ण परियोजनाओं को ग्राहकों द्वारा रोका, स्थगित या फिर से प्राथमिकता दी जा रही है। कंपनी का शुद्ध लाभ साल भर पहले के मुकाबले 16.8 फीसदी बढ़कर 11,074 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही में कंपनी ने 9,478 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। तिमाही के दौरान कंपनी की आय 12.6 फीसदी बढ़कर 59,381 करोड़ रुपये हो गई, जो अप्रैल-जून, 2023 में 52,758 करोड़ रुपये रही थी। मगर इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के मुकाबले कंपनी का मुनाफा 2.7 फीसदी घटकर 11,392 करोड़ रुपये रह गया। तिमाही के दौरान मार्जिन भी घटकर 23.2 फीसदी रह गया। वेतन पर खर्च 200 आधार अंक बढ़ने से मार्जिन पर असर पड़ा।

महाराष्ट्र ने फॉक्सकॉन को 39,000 करोड़ के प्रोत्साहन की पेशकश की थी: सामंत

नागपुर ।

महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने वेदांता-फॉक्सकॉन को उसकी सेमीकंडक्टर विनिर्माण परियोजना के लिए 39,000 करोड़ रुपए के प्रोत्साहन की पेशकश की थी, जो पड़ोसी राज्य गुजरात द्वारा दी गई पेशकश से 10,000 करोड़ रुपए अधिक है। सामंत ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर फॉक्सकॉन या कोई अन्य सेमीकंडक्टर निर्माता महाराष्ट्र में संयंत्र स्थापित करना चाहता है, तो सरकार ने इस उद्देश्य के लिए 2,000 एकड़ जमीन की व्यवस्था कर रखी है। वेदांता-फॉक्सकॉन ने पिछले साल सितंबर में अपने प्रस्तावित सेमीकंडक्टर संयंत्र को महाराष्ट्र से गुजरात स्थानांतरित करने का फैसला किया था, जिससे शिंदे सरकार और विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनी फॉक्सकॉन ने वेदांता के साथ सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम से बाहर निकलने की घोषणा की थी। फॉक्सकॉन ने कहा था कि वह खनन क्षेत्र के दिग्गज उद्योगपति अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता लिमिटेड के साथ 19.5 अरब डॉलर के संयुक्त उद्यम से बाहर निकल रही है।

एचसीएल टेक जर्मनी की कंपनी का अधिग्रहण करेगी

नई दिल्ली । एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने जर्मनी की ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी एएसएपी ग्रुप का 25.11 करोड़ यूरो (लगभग 2,300 करोड़ रुपए में अधिग्रहण किया है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक एएसएपी ग्रुप में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने बताया कि यह अधिग्रहण उसकी ब्रिटेन स्थित सहायक कंपनी के जरिए पूरी तरह नकद सौदे के रूप में किया गया है।सौदा सितंबर 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है, और इसके लिए नियामकीय मंजूरियां ली जानी बाकी हैं। एचसीएल टेक यूरोप, जर्मनी और अन्य वैश्विक बाजारों में ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग सेवा क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को बढ़ाना चाहती है। एचसीएल टेक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोर इंजीनियरिंग एचसीएल टेक के डीएनए में है और यह वास्तव में यह हमारे सेवा पोर्टफोलियो को अलग बनाती है। एएसएपी ने ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में कुछ रोमांचक क्षमताएं विकसित की हैं और इससे हमें अपने वैश्विक नेटवर्क में इन क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उत्तराखंड : जोशीमठ-मलारी मोटर मार्ग पर वैकल्पिक पैदल मार्ग तैयार, शीघ्र शुरू होगी वाहनों की आवाजाही

जोशीमठ (हि.स.)। उत्तराखंड में बीआरओ के शिवालिक परियोजना ने जोशीमठ-मलारी मार्ग पर जुम्मा में पैदल आवाजाही के लिए वैकल्पिक रास्ता तैयार कर लिया है। रास्ता बनने से सीमावर्ती गावों में कनेक्टिविटी स्थापित हो गई है। वैकल्पिक काज वे निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। शीघ्र ही वाहनों का भी आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। बीआरओ ने मंगलवार को ही यहां रास्ता बनाने का काम शुरू कर दिया था। अब वैकल्पिक अस्थाई रास्ता तैयार कर लिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ सेना के जवानों ने भी पैदल आवागमन प्रारंभ कर दिया है। गौरतलब है कि प्रतिकूल मौसम की मार झेल रहे जोशीमठ-मलारी हाइवे पर सोमवार शाम ग्लेशियर टूटने के बाद आये जुम्मा नाला में उफान एवं चट्टानी स्खलन के कारण पुल को क्षति पहुंची थी, जिसके बाद से क्षेत्र के नीती, मलारी, जेलम, बाम्मा सहित सीमावर्ती गांवों के लोगों के साथ चीन सीमा पर तैनात सेना की इकाइयों की आवाजाही ठप हो गई थी।

भाजपा-शिवसेना- राकांपा में तालमेल के लिए बनी समन्वय समिति कैबिनेट के विस्तार और विभागों के बंटवारे पर हुई अंतिम चर्चा

मुंबई (हि.स.)। महाराष्ट्र में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के बीच तालमेल बनाए रखने के लिए 12 सदस्यों की समन्वय समिति का गठन किया गया है। साथ ही कैबिनेट के विस्तार और मंत्रियों के विभागों के बंटवारे पर चर्चा कर इसे अंतिम रूप दिया गया है। हालांकि कौन-कौन कैबिनेट में शामिल होगा और किसके हिस्से में कौन विभाग आएंगे, इसकी जानकारी मीडिया को साझा नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर सीएम एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में तीनों दलों के आला नेताओं की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में शिवसेना की ओर से खुद सीएम शिंदे, भाजपा की ओर से उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राकांपा की ओर से उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित इन दलों के नेता भी उपस्थित थे। बैठक में आपस में चर्चा कर कैबिनेट के विस्तार पर चर्चा की गई और मंत्रियों के विभागों के बंटवारे को भी अंतिम रूप दिया गया है। इस बैठक में तीनों दलों में तालमेल बनाए रखने के लिए 12 सदस्यों की समन्वय समिति गठित की गई। इस समन्वय समिति में हर दल से 4-4 सदस्यों को शामिल किया गया है। समन्वय समिति में भाजपा से चंद्रशेखर बावनकुले, चंद्रकांत पाटिल, प्रसाद लाड, आशीष शेलार शिवसेना की ओर से उदय सामंत, शंभुराज देसाई, दादा भुसे, राहुल शेवाले और राकांपा की ओर से सुनील तटकरे, छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल और धनंजय मुंडे को सदस्य बनाया गया है। दरअसल, राकांपा नेता अजीत पवार अपने समर्थकों सहित शिंदे - फडणवीस सरकार में शामिल हो गए हैं। इसके बाद भाजपा और शिवसेना में कैबिनेट के विस्तार की मांग उठने लगी थी। साथ ही राकांपा के मंत्रियों को अभी तक विभाग नहीं मिल सका था। इसी वजह से आज सीएम की अध्यक्षता में बैठक कर अहम निर्णय लिया गया है। हालांकि बताया जा रहा है कि राज्य सरकार कैबिनेट का विस्तार वषार्कालीन सत्र के बाद करेगी जबकि कैबिनेट में शामिल राकांपा के 9 मंत्रियों को एक-दो दिन में विभाग दे दिए जाएंगे।

संघ की प्रांत प्रचारक बैठक तमिलनाडु के ऊटी में प्रारंभ, शताब्दी कार्य विस्तार योजना पर चर्चा

नई दिल्ली/ऊटी (हि.स.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के ऊटी में गुरुवार को शुरू हुई। यह बैठक 15 जुलाई शाम 06 बजे तक चलेगी। आज इसमें शताब्दी कार्य विस्तार योजना पर चर्चा हुई। बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के साथ सभी सह सरकार्यवाह, सभी प्रांतों के प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक, सह क्षेत्र प्रचारक एवं सभी कार्य विभागों के अखिल भारतीय पदाधिकारी तथा संघ प्रेरित विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री भी उपस्थित हैं। बैठक में मुख्यतः इस वर्ष हुए संघ शिक्षा वर्गों के वृत्त एवं समीक्षा, संघ शताब्दी कार्यविस्तार योजना की अभी तक हुई प्रगति, शाखा स्तर के सामाजिक कार्यों का विवरण एवं परिवर्तन के अनुभवों का आदान-प्रदान तथा वर्तमान स्थिति के संदर्भ में भी चर्चा होगी।

पुराना यमुना पुल बंद होने से 10 ट्रेन रद्द, 10 डायवर्ट और 12 शॉर्ट-टर्मिनेट व शॉर्ट-ओरिजिनेट

नई दिल्ली (हि.स.)। दिल्ली के पुराने यमुना पुल (लोहा पुल) को अस्थायी रूप से बंद करने के कारण गुरुवार को 10 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। 10 ट्रेनों को डायवर्ट किया गया जबकि दिल्ली-शामली-सहारनपुर स्पेशल और हरिद्वार-दिल्ली एक्सप्रेस सहित 12 ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट अथवा शॉर्ट-ओरिजिनेट किया गया। रेलगाड़ी संख्या 04439 पलवल-गाजियाबाद स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04955 गाजियाबाद-नई दिल्ली स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04455 नई दिल्ली-गाजियाबाद स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04959 गाजियाबाद-दिल्ली स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04938 दिल्ली-गाजियाबाद स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04023 दिल्ली-कासिमपुर खीरी, रेलगाड़ी संख्या 04945 हजरत निजामुद्दीन-गाजियाबाद स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04020 शामली-दिल्ली स्पेशल, रेलगाड़ी संख्या 04933 दनकौर-दिल्ली और रेलगाड़ी संख्या 04968 गाजियाबाद-पलवल स्पेशल को रद्द कर दिया गया है। डायवर्ट की गई ट्रेनों में दिल्ली-अंबाला एक्सप्रेस, दिल्ली-टुंडला स्पेशल, आला हजरत एक्सप्रेस, बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस, दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस, शालीमार एक्सप्रेस, अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस, काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस, अवध असम एक्सप्रेस, गाजियाबाद-मथुरा जंक्शन स्पेशल शामिल हैं।

बाढ़ प्रभावित इलाकों में 14 जुलाई को नुकसान का जायजा लेंगे नड्डा

शिमला (हि.स.)। हिमाचल प्रदेश के मंडी और कुल्लू जिलों में बाढ़ से हालात खराब हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा इन बाढ़ प्रभावित इलाकों का 14 जुलाई को दौरा कर नुकसान का जायजा लेंगे। गुरुवार को पार्टी के एक प्रवक्ता ने बताया कि जेपी नड्डा 14 जुलाई को दिल्ली से चलकर मंडी के कंगनाधार हेलीपैड पर पहुंचेंगे। स्थानीय कार्यक्रम के अनुसार नड्डा सबसे पहले मंडी जिले के पंचवक्त्रा मंदिर जाएंगे। उसके बाद वह मंडी के कई स्थानों का दौरा करेंगे। कुछ समय सर्किट हाऊस मंडी में रुकने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष कुल्लू रवाना हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर मार्ग से नड्डा भुंतर एयरपोर्ट जाएंगे। कुल्लू में नड्डा बड़े भूही पंचायत सहित कई स्थानों का दौरा करेंगे। जेपी नड्डा हेलीकॉप्टर से सासे हेलीपैड मनाली जाएंगे। आलू ग्राउंड के आसपास वाले इलाकों का जायजा लेने के बाद नड्डा हवाई मार्ग से बिलासपुर रवाना हो जाएंगे। दरअसल, हिमाचल प्रदेश में 8, 9 और 10 जुलाई को हुई मुसलाधार बारिश से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। तीन दिन में भूस्खलन व बाढ़ की घटनाओं में 25 से ज्यादा लोगों की मौत और कई लोगों के लापता होने की खबर है। मंडी और कुल्लू जिलों में बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। राज्य में मानसून ने 24 जून को दस्तक दी थी। मानसून सीजन के दौरान वर्षा जनित हादसों में 80 से ज्यादा लोगों की जान गई है। वहीं 300 के करीब कच्चे-पक्के मकानों को नुकसान पहुंचा है। कई जगह भूस्खलन और जमीन धंसने से लोगों को अपने घर खाली करने पड़े हैं। राज्य सरकार ने वर्षा से चार हजार करोड़ के नुकसान का अनुमान जताया है।

10.300 किलोग्राम भुक्की सहित महिला तस्कर गिरफ्तार

कठुआ (हि.स.)। समाज से नशीली दवाओं के खतरे को खत्म करने और जिले के भीतर नशीली दवाओं के तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए कठुआ पुलिस ने राजबाग थाना के नाका पॉइंट पर लगभग 10.300 किलोग्राम पोस्ता भुक्की जैसा नशीला पदार्थ बरामद कर एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पीएस राजबाग में विश्वसनीय स्त्रोतों से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला सर्बजीत कौर पत्नी गुरमीत सिंह निवासी जसपाल तहसील बकला अमृतसर पंजाब नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी में लिप्त है। और जम्मू से पंजाब की ओर जाने वाली सरकारी बस में सवार है। वहीं त्वरित कार्रवाई करते हुए तारिक अहमद एसएचओ राजबाग के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने नाका प्वाइंट राजबाग में अपने अधिकार क्षेत्र में नियमित नाका चेकिंग के दौरान उक्त बस की आवाजाही देखी और उक्त महिला को पकड़ लिया। चेकिंग के दौरान उसके कब्जे से लगभग 10.300 किलोग्राम भुक्की जैसा नशीला पदार्थ बरामद किया गया। इसके बाद बरामद सभी नशीले पदार्थों को जब्त कर लिया गया और महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। इस पर पुलिस स्टेशन राजबाग में एफआईआर 186/2023 यू/एस 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जबकि आगे की जांच जारी है।

हिमाचल में 60 घंटे के रेस्क्यू अभियान में 60 हजार सैलानी सुरक्षित निकाले गएः सुक्खू

शिमला (हि.स.)। बाढ़ प्रभावित कुल्लू तथा लाहौल-स्पीति में फंसे पर्यटकों एवं अन्य लोगों की सुरक्षित वापसी के लिए राज्य सरकार ने 60 घंटे के बचाव अभियान में 60 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला। यह जानकारी गुरुवार को मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने दी है।

उन्होंने कुल्लू एवं मंडी में पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता में कहा कि वह गत तीन दिन से कुल्लू, लाहौल-स्पीति तथा मंडी में प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर हैं। उन्होंने बताया कि कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति जिलों के विभिन्न स्थानों पर लगभग 70 हजार पर्यटक एवं अन्य लोग फंसे थे। इनमें से 60 हजार लोगों की सुरक्षित निकाला जा जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस बचाव अभियान को एक हजार कर्मचारी एवं अधिकारियों ने दिनरात युद्धस्तर पर कार्य कर संभव बनाया।

उन्होंने कहा कि इस विपदा में सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य लाहौल-स्पीति के चन्द्रताल में फंसे पर्यटकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करना था। वहां लैंडिंग स्थल उपलब्ध न होने के कारण वायुसेना के हेलीकॉप्टर उतारना संभव नहीं था। प्रदेश सरकार की ओर से राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी तथा मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी बचाव अभियान की निगरानी के लिए भारी बर्फबारी के बीच शून्य से नीचे तापमान में तीन जेसीबी मशीनों के साथ तड़के सुबह दो बजे ग्राउंड जीरो चन्द्रताल पर पहुंचे। इसके उपरान्त 57 वाहनों के माध्यम से लगभग 250 पर्यटकों को वहां से सुरक्षित काजा लाया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी भी तीर्थन तथा कसोल क्षेत्र में काफी संख्या में पर्यटक हैं और उनमें से अधिकांश ने अपनी गाड़ियों सहित ही घर वापसी की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि चूंकि भारी बारिश से सड़कों को व्यापक नुकसान पहुंचना है और ऐसे में इनके सफर करने में समय लग सकता है। प्रदेश सरकार ने उन्हें गाड़ियां वहीं छोड़कर सार्वजनिक परिवहन सेवा के माध्यम से घर वापसी का विकल्प दिया है। पर्यटकों को उनकी गाड़ियों से संबंधित एक पावती भी जिला व पुलिस प्रशासन के माध्यम से दी जाएगी। इन पर्यटकों से संवाद के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी को भी कसोल भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थन तथा कसोल क्षेत्र में कुछेक इजरायली पर्यटक भी हैं। इजरायली दूतावास की ओर से उन्हें अपने स्तर पर हेलीकाप्टर के माध्यम से सुरक्षित निकालने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पर प्रदेश सरकार को कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि घाटी में सभी विदेश पर्यटक सुरक्षित हैं और उन्हें भोजन सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करवाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू में इतनी बड़ी विपदा के बावजूद प्रदेश सरकार ने जनजीवन सामान्य बनाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य किया है। क्षेत्र में 48 घंटे में बिजली तथा पानी की आपूर्ति आंशिक तौर पर बहाल करने के साथ ही मोबाइल सेवा पुनः सुचारू करने में भी सफलता हासिल की है। इसके लिए उन्होंने जिला व पुलिस प्रशासन सहित सभी संबंधित विभागों के प्रयासों की सराहना भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अभी तक बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए 50 लाख रुपये की राहत राशि जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने राहत राशि में बढ़ोतरी करते हुए सभी प्रभावितों को एक-एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

पेरिसः अप्रवासी भारतीयों में मोदी के स्वागत की होड़, सड़क किनारे जुटे बच्चे-बड़े और बुजुर्ग

भारत-फ्रांस सहयोग को बढ़ावा देने की उम्मीद जताई थी

पेरिस(हि.स.)। फ्रांस दौरे पर पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत की होड़ सी दिखाई दे रही है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में भारतीय अप्रवासी अत्यधिक उत्साहित हैं। मोदी के स्वागत के लिए सड़क किनारे बच्चे-बड़े और बुजुर्ग पंक्तिबद्ध जुटे दिखाई दिये।

प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय फ्रांस दौरे के लिए गुरुवार को पेरिस पहुंचे। वे शुक्रवार को फ्रांस के वार्षिक उत्सव बैस्टिल डे परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भारतीय प्रधानमंत्री के पेरिस पहुंचने पर फ्रांस में रहने वाले अप्रवासी भारतीयों में जबर्दस्त उल्लास उत्साह दिखा। मोदी के स्वागत के लिए पेरिस की सड़कों पर अप्रवासी भारतीय पंक्तिबद्ध खड़े दिखे। उनके हाथ में तिरंगे झंडे थे और मोदी-मोदी की गगनभेदी आवाजें सुनाई दे रही थीं। मोदी ने भी किसी को निराश नहीं किया। उन्होंने बच्चों को दुलराया और युवाओं को साथ में सेल्फी खींचने का मौका दिया। मोदी ने हाथ जोड़कर बुजुर्गों का अभिवादन किया। बाद में भारतीय प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि पेरिस में भारतीय प्रवासियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दुनिया भर में, हमारे प्रवासी भारतीयों ने अपनी पहचान बनाई है और उनकी परिश्रम और मेहनती प्रकृति की प्रशंसा की जाती है। इससे पहले पेरिस पहुंचते ही भारतीय प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर इस यात्रा के दौरान भारत-फ्रांस सहयोग को बढ़ावा देने की उम्मीद जताई थी। उन्होंने जानकारी दी थी कि गुरुवार को उनके विभिन्न कार्यक्रमों में शाम को भारतीय समुदाय के साथ बातचीत भी शामिल है।

भारतीय प्रधानमंत्री के पेरिस पहुंचने पर फ्रांसीसी प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने उनकी समारोह पूर्वक अगवानी की। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए पेरिस के हवाई अड्डे पर फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न स्वयं पहुंची थीं। प्रधानमंत्री का हवाई जहाज पहुंचते ही फ्रांसीसी प्रधानमंत्री ने उनकी अगवानी की। इसके बाद उन्हें समारोहपूर्वक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। हवाई अड्डे पर भारतीय प्रधानमंत्री के स्वागत में भारतीय राष्ट्रगान की धुन बजाई गयी। फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी भी हवाई अड्डे पर अपने प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पहुंचे थे। भारतीय प्रधानमंत्री 13 एवं 14 जुलाई को फ्रांस में रहेंगे। 14 जुलाई को वे फ्रांस के बैस्टिल डे परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर विचार विमर्श करेंगे। साथ ही वे प्रमुख कम्पनियों के मुख्य अधिशासी अधिकारियों और भारतीय मूल के लोगों के प्रतिनिधियों से भी मिलेंगे।

इमरान से अलग हुए नेता को चुना गया अवैध पाकिस्तानी कब्जे वाले गिलगित बाल्टिस्तान का मुख्यमंत्री

इस्लामाबाद(हि.स.)। भारतीय राज्य जम्मू-कश्मीर के जिस हिस्से पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है, उस गिलगित बाल्टिस्तान का नया मुख्यमंत्री घोषित किया गया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से अलग हुए गुलबर खान को गुरुवार को अवैध पाकिस्तानी कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र का नया मुख्यमंत्री चुना गया।

भारतीय राज्य जम्मू-कश्मीर के हिस्से गिलगित बाल्टिस्तान पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। भारत ने बार-बार कहा है कि पूरा जम्मू-कश्मीर राज्य, जिसमें तथाकथित 'गिलगित-बाल्टिस्तान' भी शामिल है, भारत का अभिन्न अंग रहा है और रहेगा। इसी गिलगित बाल्टिस्तान क्षेत्र के नए मुख्यमंत्री के रूप में गुलबर खान को चुना गया है। गुलबर खान पहले इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुके हैं। इमरान से अलग होने के बाद अब उन्हें मुख्यमंत्री का ओहदा दिया गया है। दरअसल, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के एक अन्य सदस्य खालिद खुर्शीद खान को फर्जी डिग्री के मामले में इस महीने की शुरूआत में मुख्यमंत्री पद के लिए अयोग्य करार दिए जाने के बाद उन्हें चुना गया।

भारत इस तरह की नियुक्तियों का विरोध करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान सरकार या न्यायपालिका को उन क्षेत्रों पर हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है जिन पर उसने अवैध रूप से और जबरन कब्जा कर रखा है। गिलगित-बाल्टिस्तान रणनीतिक महत्व का क्षेत्र है क्योंकि यह पाकिस्तान को चीन से जोड़ता है और अरबों डॉलर का चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा यहां से गुजरता है।

बीआरआई को लेकर चीन के साथ चर्चा जारी : एनपी सऊद

काठमांड(हि.स.)। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने गुरुवार को कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के कार्यान्वयन के मसले पर चीन के साथ बातचीत चल रही है।

विदेश मंत्री सऊद ने नेपाल की नेशनल एसेंबली में कहा, 'दोनों देशों के बीच बीआरआई कार्यान्वयन योजना पर चर्चा जारी है।'

चीन कहता रहा है कि नेपाल में बीआरआई लागू हो चुका है। नेपाल में चीन के राजदूत चान सोंग ने भी दावा किया कि बीआरआई लागू हो चुका है। हालांकि नेपाल ने इसे स्वीकार नहीं किया है। केपी शर्मा ओली जब प्रधानमंत्री थे तब नेपाल ने 2017 में चीन के साथ बीआरआई को लेकर समझौता किया था। हालांकि उसके बाद बनी सरकार सिर्फ बीआरआई के तहत मिलने वाला अनुदान स्वीकार करने का रुख अपनाती रही हैं।

कांग्रेस अग्निवीर योजना के विरोध में उत्तराखंड में निकालेगी पदयात्रा

नई दिल्ली(हि.स.)। कांग्रेस अग्निवीर योजना के विरोध में उत्तराखंड में पदयात्रा निकालेगी। इस पदयात्रा में पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल होंगे। कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस आलाकमान के साथ उत्तराखंड कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी नेताओं ने यह निर्णय लिया है।

बैठक के बाद राहुल गांधी ने अपनी फेसबुक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड के युवाओं के लिए अग्निपथ योजना जैसे अन्याय और महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के खिलाफ आवाज उठाएगी और राज्य में पदयात्रा के माध्यम से जनता से संवाद स्थापित करेगी।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत समेत पार्टी के कई नेता मौजूद रहे।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आलाकमान द्वारा ली गई है। बैठक में आगामी रणनीति तैयार की गई। उत्तराखंड कांग्रेस नेताओं को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का मार्गदर्शन मिला है। 2024 के लिए कांग्रेस पार्टी इस बैठक से मजबूत होकर निकलेगी। बैठक में जो सुझाव और कार्यक्रम मिले हैं, उन्हें उत्तराखंड में मजबूती से लागू किया जाएगा।

वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि अग्निवीर योजना से उत्तराखंड को बड़ा नुकसान हुआ है। उत्तराखंड में अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस पार्टी आगामी दिनों में पदयात्रा निकालेगी। उत्तराखंड कुमाऊं रेजीमेंट और गढ़वाल रेजीमेंट का घर है। उत्तराखंड प्रदेश के हर गांव का नौजवान सेना में जाना चाहता है। मगर भाजपा सरकार ने युवाओं के सपनों को तोड़ने का काम किया है। इस यात्रा की जल्द ही पूरी रूपरेखा बनाई जाएगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी करीब 10 दिन यात्रा में शामिल होंगे। प्रियंका गांधी भी यात्रा में शामिल होंगी।

दो दिवसीय यात्रा पर फ्रांस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को फ्रांस की यात्रा पर पेरिस पहुंचे। यहां उनका रेड कारपेट पर स्वागत किया गया। वह राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के साथ फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस उत्सव में शामिल होंगे और साथ ही उनसे व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी 13 जुलाई की दोपहर को पेरिस पहुंचे। एक विशेष संकेत में फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर सम्मानित अतिथि के रूप में बैस्टिल डे परेड में भाग लेंगे। यह यात्रा भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के जश्न का भी प्रतीक है।

दिल्ली में बाढ़ की चिंता छोड़ चिट्ठियां लिख शीशमहल में शीर्षासन कर रहे केजरीवालः अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दिल्ली में बाढ़ की चिंताजनक स्थिति पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा जिम्मेदारियों से भागने व अपनी नाकामियों के चलते दिल्ली को बाढ़ में धकेलने की बात कही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सिर्फ.भागने की राजनीति करना जानते हैं। जिम्मेदारियों से भागने का उनका पुराना इतिहास रहा है। इतिहास में उनका लेखा जोखा एक भगोड़े नेता के रूप रखा जाएगा। दिल्ली में धुंध हो तो पंजाब ज़िम्मेदार, स्मॉग हो तो बीड़ी पीने वाले, अलाव जलाने वाले मजदूर चौकीदार ज़िम्मेदार, अस्पतालों में भीड़ हो तो बिहार वाले ज़िम्मेदार, कोविड में मिसमैनजेजमेंट हो तो यूपी वाले जिम्मेदार और अब बाढ़ के लिए हरियाणा जिम्मेदार। आखिर केजरीवाल कब तक अपनी जिमेदारियां दूसरों के कंधे पर डाल के बेचारी और बचकानी राजनीति के मास्टरमाइंड बने रहेंगे। अपने नेताओं को इन्होंने फ़्लड टूरिज्म पर लगा रखा है जिसे जहां देखो घुटने भर पानी में फोटो शूट करा रहा है। धरातल पर काम करने की बजाय केजरीवाल चिट्ठियां लिखकर शीशमहल में शीर्षासन कर रहे हैं। केजरीवाल एंड कंपनी ने दिल्ली का क्या हाल बना कर रख दिया है। इतिहास गवाह है कि जब जब नॉन सीरियस व्यक्ति सत्ता की कुर्सी पर बैठा है तब तब अंजाम जनता को भुगतना पड़ा है। अनुराग ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में हमने कभी उनको जिम्मेदारी उठाते नहीं देखा है। दिल्ली के लोगों की यह हालत किसके कारण है? मुख्यमंत्री जी आज सिर्फ अपने घर तक सीमित होकर रह गए हैं। हालत यह है कि जब प्रदूषण की बात आती है तो भी दूसरों पर आरोप मढ़ते हैं। जब शराब घोटाले की बात आती है तो अपने मंत्री पर कार्रवाई करने के बजाय भी दूसरों पर आरोप मढ़ते हैं। दिल्ली पूछ रही है कि आखिर केजरीवाल जी कब अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। केजरीवाल कभी दिल्ली को पेरिस बनाने की बात करते थे। कभी 300 झील बनाने की बात करते थे। हर मोहल्ला तालाब में तब्दील हो चुका है। यह स्वयं में केजरीवाल जी द्वारा राजधानी को खस्ताहाल किए जाने की हालत बयां करता है। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण काफी नुकसान हुआ है। अब तक लगभग 88 लोगों की दुखद मौत हो चुकी है।

असम सरकार आगामी मानसून सत्र में लाएगी बहुविवाह प्रतिबंध विधेयकः मुख्यमंत्री

गुवाहाटी (हि.स.)। असम सरकार बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक विधेयक लाने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने आज कहा कि प्रस्तावित बहुविवाह निषेध विधेयक असम विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। डॉ सरमा के नेतृत्व वाली असम सरकार ने राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक विधेयक लाने की तैयारी को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रस्तावित कानून राज्य विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में पेश किए जाने की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अगर आगामी मानसून सत्र में यह संभव नहीं हुआ तो जनवरी में शीतकालीन सत्र में यह बिल पेश किया जाएगा। डॉ सरमा ने कहा कि बहुविवाह विरोधी विधेयक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हालांकि, समान नागरिक संहिता का कार्यान्वयन संसद के अधिकार क्षेत्र में है, राज्य राष्ट्रपति की सहमति से कुछ पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य असम में बहुविवाह पर तुरंत प्रतिबंध लगाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी के विभिन्न पहलुओं, विशेष रूप से जटिल मुद्दों की जांच विधि आयोग और संसदीय समितियों द्वारा की जा रही है। पिछले मई में असम सरकार ने बहुविवाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की वैधता का आकलन करने के लिए सेवानिवृत्त गौहाटी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रूमी फुकन की अध्यक्षता में चार सदस्यीय पैनल का गठन किया था।

अमित शाह ने गुरुग्राम में अपराध व सुरक्षा थीम पर प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

गुरुग्राम(हि.स.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यहां एनएफटी, एआई एवं मेटावर्स के युग में अपराध व सुरक्षा थीम पर आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न राज्यों द्वारा साइबर सुरक्षा के मद्देनजर प्रदर्शित की गई स्टॉल का अवलोकन किया। एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध एवं सुरक्षा पर जी20 सम्मेलन के उद्घाटन के लिए गुरुग्राम पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा सरकार द्वारा साइबर क्राइम को रोकने के लिए उठाए गए पहलुओं पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने स्टॉल का अवलोकन करते हुए राज्य सरकार की डॉक्यूमेंट्री भी देखी। इसमें हरियाणा में हुए पुलिस सुधार, पंचकूला में साइबर फोरेंसिक लैब की स्थापना, 29 साइबर पुलिस स्टेशन सहित अपराध की रोकथाम व सुरक्षा जैसे विषयों के बारे में विस्तार से दर्शाया गया है। उन्होंने मनोहर लाल सरकार के नेतृत्व में आमजन की सुरक्षा को लेकर उठाये गए कदमों को उल्लेखनीय बताया। उन्होंने कहा कि जनसेवा की दिशा में हरियाणा सरकार अपनी प्रभावी जिम्मेदारी निभा रही है। उन्होंने हरियाणा सरकार की स्टॉल पर संबंधित अधिकारियों से बातचीत की और हरियाणा सरकार की कार्यशैली को अनुकरणीय बताया। गौरतलब है कि दो दिवसीय प्रदर्शनी में हरियाणा सरकार की ओर से साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में चलाए गए उल्लेखनीय कार्यक्रम एवं उपलब्धियां डिस्प्ले की गई हैं। सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा के साथ पुलिस की ओर से दो अलग-अलग स्टाल पर यह उपलब्धियां फिल्म एवं ब्रोशर के माध्यम से प्रदर्शित की हैं। देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों ने हरियाणा सरकार की जन सुरक्षा को लेकर प्रदत्त सेवाओं की जानकारी ली।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)